आषाढ़ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 01:37 तक उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 9 जुलाई 2025
वर्ष 5, अंक 138, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वन भूमि पर बना सकते हैं स्कूल-सड़क 12

आप में से कई बन सकते हैं अंतरिक्ष यात्री 14

## देवभूमि के पारंपरिक उत्पादों को मिलेगा वैश्विक बाजार : धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास परिसर में मंगलवार को 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के आउटलेट का उद्घाटन करते कहा कि, यह आउटलेट देवभूमि की पारंपरिक धरोहर और जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी में संगठित रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को देश के सामने लाने के साथ स्थानीय उत्पादों को नए बाजार भी मिलेंगे।

(विस्तृत पेज-10)



हाउस ऑफ हिमालयाज के आउटलेट का उद्घाटन करते सीएम धामी।

## प्रमुख सचिव की फोटो लगा साइबर अपराधी मांग रहे पैसा

- कार्रवाई करने के लिए एसएसपी को भेजी शिकायत

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** साइबर अपराधी करतूतों से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्य के प्रमुख सचिव ऊर्जा, आवास एवं नियोजन आर. मीनाक्षी सुन्दरम की प्रोफाइल फोटो व्हाट्सअप पर लगाकर एक बार फिर साइबर अपराधी, अधिकारियों और अन्य लोगों से पैसों की मांग कर रहे हैं।

प्रमुख सचिव ने मंगलवार को एसएसपी देहरादून अजय सिंह को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपने व्हाट्सअप नम्बर की प्रोफाइल पर उनकी फोटो लगाकर कई लोगों और अधिकारियों से अनावश्यक रूप से पैसों की डिमांड की जा रही है, जिसमें गूगल पे नम्बर पर रकम भेजने की बात की जा रही है। प्रमुख सचिव ने इसकी स्क्रीन शॉट की फोटोकॉपी संलग्न कर, इस प्रकार के कृत्य को उनकी छवि खराब करने की चेष्टा बताई। प्रमुख सचिव ने यह भी बताया कि पूर्व में भी उनके नाम से इसी प्रकार से विभागीय अधिकारियों से अनावश्यक मांग की गई थी, जिसकी शिकायत भी उनके द्वारा 28 मार्च, 2024 को पत्र भेजकर की गई थी। उन्होंने एसएसपी से एफआईआर दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई की अपेक्षा की है।

## गुंज्याल व नेगी का निर्विरोध चुनाव रिवर्स पलायन की सुखद मिसाल

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बोले- दोनों पंचायतें मॉडल ग्राम के रूप में उभरेंगी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड कैडर की सेवानिवृत आइपीएस विमला गुंज्याल और सेना से रिटायर यशपाल नेगी को अपने गांव में निर्विरोध प्रधान चुने जाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ''रिवर्स पलायन'' का प्रेरणात्मक और सुखद उदाहरण करार दिया है।

मुख्यमंत्री धामी ने रिटायर्ड आईजी बिमला गुंज्याल के सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की गुंजी ग्राम पंचायत तथा रिटायर्ड कर्नल यशपाल सिंह नेगी को जनपद पौड़ी की बिरगण ग्राम पंचायत के निर्विरोध ग्राम प्रधान निर्वाचित होने पर बधाई देते कहा कि, इन दोनों सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारियों का ग्राम प्रधान चुना जाना पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती देगा और उनके अनुभव से ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गुंजी और बिरगण ग्राम पंचायतें मॉडल ग्राम के रूप में उभरेंगी। इस प्रकार के उदाहरण दर्शाते हैं कि रिटायरमेंट के बाद भी व्यक्ति अपने अनुभव और सेवा भावना से गांव की प्रगति में अहम भूमिका निभा सकता है। राज्य सरकार ऐसे सभी प्रयासों को पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण आजीविका, कृषि, बागवानी और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्य कर रही है ताकि गांव आत्मनिर्भर बनें और रिवर्स पलायन की यह परंपरा मजबूत हो सके।

### एक नजर

#### उत्तरकाशी में भूकंप के झटके, नदी उफनाई

**देहरादून।** उत्तरकाशी जिले में मंगलवार दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र तहसील मोरी क्षेत्र के ग्राम जखोल के जंगलों में था। इसकी तीव्रता 3 .2 मैग्नीट्यूड और गहराई पांच किमी दर्ज की गई। झटके हल्के थे और अब तक किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। वहीं, चमोली में मंगलवार तड़के नंदानगर में ग्राम धुर्मा, सेरा एवं मोख मल्ला के बगड़ तोक में मोक्ष नदी का जलस्तर बढ़ने पर दो गोशालाएं और 13 भवन आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। 4 परिवारों को स्कूल व पंचायत घर में रुकवाया गया है।

#### बीजापुर में बारूदी सुरंग में विस्फोट, दो जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिमापुर-मुरदण्डा मार्ग पर बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से सीआरपीएफ की 229वीं बटालियन के दो जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के दल को आवापल्ली-बासागुड़ा मार्ग पर गश्त के लिए रवाना किया गया था। दल जब तिमापुर-मुरदण्डा गांव में था तभी नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। इस घटना में दो जवान घायल हो गए।

## कांवड़ यात्रा में आतंकी खतरे के मद्देनजर रहे विशेष सुरक्षा : धामी

### मुख्यमंत्री ने की कांवड़ यात्रा तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

- कहा-बेहतर रहे प्रबंधन, शराब और मांस की बिक्री पर सख्त रहे प्रतिबंध

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं कि कांवड़ यात्रा में पूर्व के वर्षों की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर कानून व्यवस्था की दृष्टि से उत्पन्न हुईं चुनौतियों का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम उठाएं, ताकि इस वर्ष किसी भी प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। आतंकवादी खतरों को मद्देनजर रखते हुए आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की जाए।

आगामी कांवड़ मेला की तैयारियों को लेकर मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीएम ने कहा कि, इस विशाल धार्मिक आयोजन में प्रभावी भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। शिविर संचालकों, कार्यरत व्यक्तियों, वॉलंटियर और होटल/धर्मशालाओं में ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण सत्यापन कराया जाए। प्रमुख स्थलों पर एक्सरे सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, फायर टेंडर एवं कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खाद्य व पेय पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी करने, भीड़ प्रबंधन में वॉलंटियर्स की मदद लेने, सीसीटीवी व ड्रोन से निरंतर निगरानी और अभिसूचना तंत्र को सक्रिय रखने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कांवड़ियों को लाठी, डंडा, नुकीली वस्तुएं आदि ले जाने से रोकने हेतु प्रचार अभियान चलाने को कहा। यात्रा मार्गों पर मादक पदार्थों, शराब एवं मांस की बिक्री पर प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने और समुचित बिजली, पानी, चिकित्सा सुविधाओं को सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। महिला कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए महिला घाटों और धर्मशालाओं में विशेष पुलिस प्रबंध को कहा गया। अंतर्राज्यीय समन्वय बढ़ाकर सूचनाओं का आदान-प्रदान करने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखते हुए अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



जल लेने हरिद्वार पहुंचे कांवड़िये।

#### क्या करें और क्या न करें की दें जानकारी

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों, डीजे व लाउडस्पीकर के उपयोग को नियमबद्ध किया जाए। दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधारात्मक कार्य किए जाएं। कांवड़ यात्रियों को क्या करें और क्या न करें की जानकारी पैम्फलेट, होर्डिंग, पब्लिक अनाउंसमेंट और सोशल मीडिया के माध्यम से दी जाए। सीएम ने सभी विभागीय सचिवों और पुलिस महानिरीक्षकों को आगामी तीन दिनों में कांवड़ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा करने व कार्य योजनाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

## अहमदाबाद विमान हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** वायुयान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने अहमदाबाद में पिछले महीने दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान हादसे के बारे में अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट विमानन मंत्रालय को सौंप दी है।

सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक जांच में मिली जानकारी पर आधारित है और मंत्रालय के साथ-साथ यह अन्य हितधारकों के साथ भी साझा की गई है। अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का यह विमान 12 जून को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना में 250 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इनमें विमान में सवार चालक दल के सदस्यों सहित 241 लोग भी शामिल थे।

विमान में सवार एक व्यक्ति सौभाग्य से सुरक्षित बच गया था। यह विमान हवाई अड्डे के निकट के मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के उपर पड़ा था जिससे कई मेडिकल छात्रों और अन्य लोगों की भी हादसे में मौत हुई थी।

जांच प्रोटोकाल के अनुसार जांच एजेन्सी को एक महीने के अंदर प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपनी होती है। इस रिपोर्ट को तैयार करने में सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन किया जा रहा है।

## भारत के साथ व्यापार समझौते के करीब : ट्रंप

- अमेरिका ने उच्च शुल्क निलंबन को 1 अगस्त तक बढ़ाया
- राष्ट्रपति बोले-शुल्क का विवरण देते हुए देशों को भेज रहे पत्र

न्यूयॉर्क/ वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौता करीब है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनके प्रशासन ने कई देशों को आयातित उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्कों का विवरण देते हुए पत्र भेजना शुरू कर दिया है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा कि हमने ब्रिटेन के साथ एक समझौता किया है, हमने चीन के साथ एक समझौता किया है... हम भारत के साथ एक समझौता करने के करीब हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा कि हमने अन्य लोगों से भी मुलाकात की थी और हमें नहीं लगता कि हम समझौता कर पाएंगे, लिहाजा हमने उन्हें एक पत्र भेजा है। यदि आप अपना सामान (अमेरिका) भेजना चाहते हैं, तो आपको इसका (शुल्क का) भुगतान करना होगा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी प्रशासन ने दो जुलाई से लगाए गए उच्च शुल्क के निलंबन को नौ जुलाई से बढ़ाकर एक अगस्त कर दिया है। इससे भारत को अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मिल गया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले सप्ताह कहा था कि भारत कोई भी व्यापार समझौता तभी स्वीकार करेगा जब वह राष्ट्रीय हित में होगा। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित अपने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी क्षेत्र के दरवाजे नहीं खोले हैं।

#### अमेरिका को लूट रहे हैं कुछ देश



ट्रंप ने कहा कि हम विभिन्न देशों को पत्र भेजकर बता रहे हैं कि उन्हें कितना शुल्क देना होगा।' बांग्लादेश, बोस्निया एवं हर्जेगोविना, कंबोडिया, इंडोनेशिया, जापान, कजाकिस्तान, लाओ पीपल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, मलेशिया, सर्बिया, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, थाइलैंड और ट्यूनीशिया को ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित पत्र भेजे गए हैं। ट्रंप ने कहा कि ये देश अमेरिका को लूट रहे हैं और हम पर ऐसे शुल्क लगा रहे हैं जो पहले नहीं लगाए।

## पुलवामा हमले के लिए ऑनलाइन खरीदा गया था विस्फोटक पदार्थ

### एफएटीएफ की रिपोर्ट

- आतंकवाद के वित्तपोषण में किया जा रहा ऑनलाइन भुगतान सेवाओं का दुरुपयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक आतंकवाद वित्तपोषण निगरानी संस्था एफएटीएफ ने फरवरी 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले और गोरखनाथ मंदिर में हुई 2022 की घटना का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि ई-कॉमर्स मंच और ऑनलाइन भुगतान सेवाओं का दुरुपयोग आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है। पुलवामा आतंकवादी हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 कर्मियों की मौत हो गई थी। एफएटीएफ ने भारत में आतंकवादी हमले के लिए सामग्री की खरीद के मकसद से ई-कॉमर्स मंचों के इस्तेमाल का जिक्र करते हुए कहा कि हमले में इस्तेमाल किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का एक प्रमुख घटक - एल्युमिनियम पाउडर-ई-कॉमर्स मंच के जरिए खरीदा गया था।

एफएटीएफ ने आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों पर अपने व्यापक अद्यतन में आतंकवाद को सरकार द्वारा प्रायोजित किए जाने को भी चिह्नित करते हुए कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना के विभिन्न स्रोतों और इस रिपोर्ट में प्रतिनिधिमंडलों के विचार से संकेत मिलता है कि कुछ आतंकवादी संगठनों को कई राष्ट्रों की सरकारों से वित्तीय और अन्य प्रकार का समर्थन प्राप्त होता रहा है और अब भी मिल रहा है। एफएटीएफ ने अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए जून में कहा था कि वित्तीय सहायता के बिना ऐसे हमले संभव नहीं थे। उसने कहा था कि वह 200 अधिकार क्षेत्रों वाले अपने वैश्विक नेटवर्क द्वारा उपलब्ध कराए गए मामलों को संकलित करते हुए आतंकवादी वित्तपोषण का व्यापक विश्लेषण करेगा। अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे।

#### पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालने की भारत की मांग

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में भारतीय सुरक्षा बलों के काफिले को निशाना बनाकर फरवरी 2019 में एक आत्मघाती बम विस्फोट किया गया था जिसके परिणामस्वरूप 40 सैनिक मारे गए थे। भारत के अधिकारियों ने निष्कर्ष निकाला था कि यह हमला जैश-ए-मोहम्मद ने किया था। भारत कहता रहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देता है और आतंकवादियों का वित्त पोषण करता है। ऐसे में पाकिस्तान को एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डाला जाना चाहिए।

## मतदाता सूची में संशोधन पूरी तरह से समावेशी प्रक्रिया

- विपक्षी दलों के आरोपों पर बोला निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्षी दलों द्वारा निशाना साधने के बीच मंगलवार को कहा कि यह प्रक्रिया समावेशी है। विपक्ष ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए चुनाव आयोग पर हमले तेज कर दिए हैं।

उनका कहना है कि इस कवायद से करोड़ों मतदाता मताधिकार से वंचित सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने पर सहमत हो गया। इस साल के अंत में बिहार में चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण करने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), शिवसेना (उबाठा), समाजवादी पार्टी, झामुमो, माकपा और भाकपा (माले) लिबरेशन समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं की संयुक्त याचिका शीर्ष अदालत में दायर की है। कई दूसरी याचिकाएं भी दायर की गईं हैं।

## मालवाहक जहाज की जब्ती का आदेश

- 9,531 करोड़ क्षति के मामले में हाईकोर्ट का निर्णय

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को विड़िंणगम बंदरगाह पर खड़े एक मालवाहक जहाज को सशर्त जब्त करने का आदेश दिया। यह आदेश गंभीर जहाज दुर्घटना और पर्यावरणीय क्षति को लेकर केरल राज्य द्वारा दायर 9,531 करोड़ रुपये के मुआवजे के मामले में दिया गया है। एमएससी अकीटेटा 2 नामक जहाज को जब्त करने का आदेश तब दिया गया जब राज्य ने एक अन्य जहाज के मालिकों और प्रबंधकों पर आरोप लगाया कि वे केरल तट पर गंभीर प्रदूषण फैला रहे हैं। यह जहाज भी उसी कंपनी एमएससी ईएलएसए 3 का प्रतीत होता है। केरल तट के पास 25 मई को एमएससी ईएलएसए 3 जहाज पलटकर डूब गया था, जिससे कथित तौर पर तेल और जहाज का माल बह गया था। इससे समुद्री पर्यावरण, तटीय क्षेत्र को नुकसान पहुंचा और हजारों मछुआरों की आजीविका प्रभावित हुई।

## बिहार में महिलाओं के लिए आरक्षण स्थायी निवासियों तक ही सीमित

### सरकार ने की घोषणा

- सरकारी नौकरियों में महिलाओं को दिया जाएगा 35 प्रतिशत आरक्षण

पटना, एजेंसी

बिहार मंत्रिमंडल ने मंगलवार को निर्णय लिया कि सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण केवल राज्य की स्थायी निवासियों तक ही सीमित रहेगा। यह निर्णय राज्य में चुनाव से कुछ महीने पहले लिया गया है, जब सरकारी नौकरियों में अधिवास नीति लागू करने की मांग बढ़ रही है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (मंत्रिमंडल सचिवालय) एस सिद्धार्थ ने कहा कि मंत्रिमंडल ने सामान्य प्रशासन विभाग के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण को केवल बिहार की स्थायी निवासियों के लिए ही सीमित किया गया है। नई नीति से राज्य की स्थायी निवासी महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता और नौकरी की सुरक्षा बढ़ेगी। सरकार ने 2016 में सभी स्तरों पर सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था। पहले किसी भी राज्य की महिलाएं इसका लाभ ले सकती थीं। लेकिन, विधानसभा चुनाव से पहले अधिवास नीति लागू करने की मांग जोर पकड़ रही है। विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने वादा किया है कि अगर विधानसभा चुनाव के बाद राजद की सरकार बनती है, तो वह अधिवास नीति लागू करेगी।

## भालू ने पोस्टमास्टर को मार डाला

**बागेश्वर।** बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में मंगलवार सुबह सामा-मुनस्यारी मार्ग पर एक भालू ने पोस्टमास्टर की जान ले ली। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से महेंद्रगढ़ (पानीपत, हरियाणा) निवासी पोस्टमास्टर यश शर्मा (20) बागेश्वर में पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत था। मंगलवार सुबह वह डाक लेकर साइकिल से जा रहा था। तभी उसके पीछे जंगली भालू पड़ गया। घबराहट में यश की साइकिल अनियंत्रित हो गई और वह खाई में जा गिरा जिसके बाद भालू ने हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। एसडीआरएफ की टीम ने खाई से यश का शव निकाला।

## शुक्र को यौवन पर रहेगा चांद, रात चांदनी रंग में नहाएगी

### भारतीय पंचांग में गुरु पूर्णिमा को समर्पित, यूरोपीय देशों में इसे बक मून का नाम दिया गया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** चांद के लिहाज से शुक्रवार (11 जुलाई) की रात खास होने जा रही है। चंद्रमा पूरे यौवन पर होगा और रात चांदनी रंग में नहाई होगी। यूरोपीय देशों में इसे बक मून यानी नर हिरन का नाम दिया गया है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडेय के अनुसार, आगामी 11 जुलाई को पूर्ण चंद्रमा की रात होगी। इस रात चंद्रमा आकाश में सूर्य के विपरीत अवस्था मे होता है, जिस कारण चंद्रमा पर सूर्य की रोशनी अधिक पढ़ रही होगी। इस रात चंद्रमा सूर्य से सबसे दूर मौजूद होता है। इसके बावजूद वह अनोखी चमक के साथ नजर आएगा। मानसून का मौसम होने के कारण चंद्रमा की आभा भी कुछ बदली हुई नजर आएगी। इसकी वजह वातावरण मे छाई आद्रता होगी। मानसून के चलते जुलाई का मौसम स्वच्छ होता है, मगर बादल चंद्रमा के नजारे में विघ्न डालते हैं।

बहरहाल, बादलों के झुरमुट के बीच चंद्रमा का नजारा अधिक सुंदर हो जाता है। यूरोपीय देशों में पूर्ण चंद्रमा की रात में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं जिसके चलते पूर्ण चंद्रमा को हर महीने अलग-अलग नाम द्यदिए जाते हैं।

#### कब किसको समर्पित पूर्णिमा की रात



**नैनीताल।** भारतीय पंचांग के अनुसार पूर्णिमा को भी विशेष महत्व दिया जाता है, जिनमें गुरु पूर्णिमा आषाढ़ माह में गुरु को समर्पित मानी जाती है। शरद पूर्णिमा आश्विन माह चंद्रमा की सोलह कलाएं पूर्ण होती हैं। होलिका पूर्णिमा फाल्गुन माह में होली पर्व पर आधारित है, जबकि बुद्ध पूर्णिमा वैशाख माह भगवान बुद्ध का जन्मदिन मनाया जाता है। इसके अलावा, पूर्ण चंद्रमा का वर्ष के शुरुआती माह जनवरी वोल्फ मून, फरवरी में स्नो मून, मार्च में वॉर्म मून, अप्रैल पिंक मून, मई फ्लॉवर मून, जून स्ट्रॉबेरी मून, जुलाई बक मून, अगस्त स्टर्जन मून, सितंबर कॉर्न मून, अक्टूबर हंटर मून, नवंबर बीवर मून व दिसंबर में कोल्ड मून के नाम से पहचाना जाता है। चन्द्रमा के वैज्ञानिक नामों की बात करें तो जब एक ही महीने में दो फुल मून होते हैं तो दूसरे फुल मून को ब्लू मून कहते हैं। जब चंद्रमा पृथ्वी के सबसे पास होता है तो उसे सुपर मून कहते हैं और सामान्य से बड़ा और चमकीला दिखता है। चंद्र ग्रहण के दौरान लाल नजर आने वाले चंद्रमा को ब्लड मून कहा जाता है और जब चंद्रमा पृथ्वी से सर्वाधिक दूरी पर होता है तो उसे माइक्रो मून कहा जाता है।


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दिव्यांशु लूथरा
नगर अध्यक्ष भाजयुमो
रिंकू लूथरा
वरिष्ठ समाज सेवी
प्रकाश पेट्रोलियम, सिरौली कला, किच्छा


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भूपेन्द्र पपनेजा
(बंटी भाई)
पूर्व प्रदेश सचिव
अखिल भारतीय
राहुल गांधी ब्रिगेड,
किच्छा


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जितेन्द्र सिंह संधू
वरिष्ठ किसान नेता
कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष,
आर्म्स एसोसिएशन
संधू गन हाउस, किच्छा
(ऊधमसिंह नगर)


सभी सुधि पाठकों एवं विज्ञापन दाताआओं को अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रस्तुति
राजेन्द्र सहगल
'राजू'
कार्यालय प्रभारी, अमृत विचार
कार्या. होटल शगुन मार्केट, किच्छा, मो. 98377-77817


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गुड्डू मलिक
युवा समाजसेवी
किच्छा
अकरम खान
उम्मीद ब्लड फाउन्डेशन
रिवोर्न फिटनेस, किच्छा


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दर्शन कोली
निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष, किच्छा
मो. 9837050812
श्री तिलक राज बेहड़
मा. विधायक, किच्छा


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हाजी इदरीश कुरेशी
वरिष्ठ समाजसेवी, किच्छा
होटल ताज फैमिली रेस्टोरेंट,
डंडिया बहेड़ी, बरेली


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वीरेन्द्र अरोरा
जगमोहन ठुकराल
वरिष्ठ समाजसेवी, किच्छा (ऊधमसिंह नगर)


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भूपेन्द्र चौधरी बब्लू
नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी किच्छा
अनुपम सिनेप्लैक्स
श्री तिलक राज बेहड़
मा. विधायक, किच्छा


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
इश्तियाक खान
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य
नावेद खान
जिला कार्यकारिणी सदस्य
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा
किच्छा (ऊधम सिंह नगर)


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हाजी सरवर यार खां
वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, दरऊ (किच्छा)


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्याम सुन्दर
लाटी भाई
हरजिन्दर सिंह
अध्यक्ष
पवन कुमार
कोषाध्यक्ष
गौरव बजाज
सदस्य
सहकारी सस्ता गल्ला विक्रेता संघ (किच्छा)


अमृत विचार कुमाऊं संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
MITTAL
PRAGATI
TMT REBARS
जिसका नाम दुनिया जाने
सरिये की दुनिया का
बाहुबली
CERTIFIED
ISO
9001:2015
COMPANY
MAA SHEETLA VENTURES LTD.
Redg Office : New Mandi Gate, Bareilly Road, Haldwani-263139, Teh. : 05946-284891
Work : Village Kishanpur, Teh. Kichha, Udham Singh Nagar-263148

**आज का मौसम**

आसमान में घने बादलों के साथ बारिश होने की संभावना।

| 27.0° | 24.0° |
| --- | --- |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.20 | सूर्यास्त 19.15 |

## एक नजर

### काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल होगी

**हल्द्वानी :** आतंकवाद संबंधी घटनाओं से प्रभावी ढंग से निबटने के उद्देश्य से थाना जीआरपी काठगोदाम की ओर से 9 जुलाई को सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन काठगोदाम में मॉक ड्रिल की जाएगी। यह जानकारी काठगोदाम जीआरपी प्रभारी निखिल कोहली ने दी है।

### स्कूटी सवार को टक्कर मारने वाले पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी के सांगुड़ी क्षेत्र में 27 मई को एक वाहन दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चांदनी चौक, सांगुड़ी निवासी शेखर पांडे अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए थे। घायल के पुत्र मुकुल पांडे ने तहरीर देकर वाहन स्वामी और चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घायल के दोनों कंधों में गंभीर चोटें आई हैं और उनका ऑपरेशन होना है। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

### दुकान से 36 हजार चोरी

**रामनगर :** एक दुकान से हजारों रुपए की चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी है। एडवोकेट राजेश शर्मा ने बताया कि उनकी रानीखेत रोड स्थित शक्ति बुक सेंटर के नाम से किताबों की दुकान है। बीते दिनों उनकी दुकान पर बैग में रखे 36000 हजार रुपए अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिए। उन्होंने बताया कि उनका कैमरा खराब हो रहा है। बताया कि कैमरे की तार चूहों ने काट दी थी। आसपास के सीसीटीवी कैमरे को चैक किया जा रहा है।

# सीवर-पेयजल लाइनें बिछाईं...गड्ढे भरना भूले

## बनभूलपुरा से जज फार्म तक जगह-जगह गड्ढे, स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को हो रही दिक्कत

**अमृत विचार पड़ताल**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में पेयजल और सीवर लाइन बिछाने के नाम पर सड़कों की खुदाई हुई लेकिन मरम्मत का काम अधर में छोड़ दिया गया। नतीजा यह हुआ कि सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे और बिखरे रोड़े लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। कभी-कभी इनकी वजह से हादसे जानलेवा तक हो रहे हैं।

अमृत विचार की टीम ने मंगलवार को जब शहर में पड़ताल की तो बनभूलपुरा से जज फार्म और मंगल पड़ाव मछली बाजार क्षेत्र की अधिकांश सड़कें उधड़ी हुई मिली। बनभूलपुरा में अलग-अलग जगहों पर सीवर और पेयजल लाइन के लिए की खोदी गई सड़कों को चार माह से एक साल तक हो चुका है, लेकिन न तो गड्ढों को भरा गया, न ही सड़कें समतल की गईं। खुदाई के बाद रोड़े तो बिछाए गए, लेकिन रोलर नहीं चलाया गया, जिससे सड़कों की स्थिति और भी खराब हो गई। बारिश के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण स्कूली बच्चों की ड्रेस गंदी हो रही है, साथ ही फिसलन के कारण चोटिल होने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। अभिभावकों में इसको लेकर भारी नाराजगी है।



### एक साल से गड्ढों और कीचड़ पर चलने को मजबूर

बनभूलपुरा लाइन नंबर 12 में सीवर लाइन बिछाने के लिए करीब एक साल पहले सड़क खोदी गई थी। जो आज भी मरम्मत का इंतजार कर रही है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हैं और इस ऊबड़-खाबड़ सड़क में दोपहिया वाहन चालक तो दूर आम राहगीरों का चलना भी दूभर हो रहा है। खासकर बच्चों और महिलाओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### पहले गड्ढे नहीं भरे, अब रोड़ा बिछाकर छोड़ दिया

बनभूलपुरा लाइन नंबर 16 में चार माह से सड़क खस्ताहाल है। पेयजल व सीवर लाइन के लिए चार माह पूर्व सड़क को खोदा था। जिसे तीन माह से यूं ही छोड़ दिया गया था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर बकरीद से ठीक पहले यहां गड्ढे भरने के लिए रोड़ा बिछाया गया, जिसे सही ढंग से समतल नहीं किए जाने के कारण दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।



### लाइन नंबर 11 में कई बच्चे सड़क पर हो चुके हैं चोटिल

बनभूलपुरा लाइन नंबर 11 में खस्ताहाल सड़क पर कई बच्चे चोटिल हो चुके हैं। यहां करीब एक माह पूर्व पेयजल लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई, जो बरसात के दौरान बहुत खतरनाक साबित हो रही है। थोड़ी सी बारिश होने पर सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है, जिससे घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।



### जज फार्म में 1 साल बाद भी नहीं बन पाई सड़क

जज फार्म में 1 साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन सड़क नहीं बन पाई है। यहां पेयजल लाइन बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया, लेकिन गड्ढों को सही ढंग से नहीं भर गया। बरसात के दौरान इन गड्ढों में दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। कई बार स्थानीय लोग सड़क की मरम्मत को लेकर शिकायत कर चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी कार्य शुरू नहीं हुआ।



रामपुर रोड पर पानी की लाइन डालने के लिए खोदी गई हाईवे की सड़क।

### पेयजल लाइन बिछाने के बाद समतल नहीं की जा रही सड़क

रामपुर रोड में शीतल होटल के पास पेयजल लाइन बिछाने के लिए इन दिनों सड़क खोदी जा रही है। लेकिन खोदाई के बाद सड़क को सही ढंग से समतल नहीं किया जा रहा है। जिससे वाहन चालकों के साथ ही राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों और लोगों का आरोप है कि कार्य में लापरवाही बरती जा रही है।



बनभूलपुरा में लाइनें बिछाने के बाद बदहाल छोड़ी गई सड़क। ● अमृत विचार




### लोगों ने कहा



"स्थानीय लोगों को सुविधाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए सीवर और पेयजल लाइन तो बिछाई गई। लेकिन लंबे समय तक सड़क के गड्ढे नहीं भरे गए। शिकायत के बाद गड्ढे तो भर दिए गए लेकिन सड़क को सही ढंग से समतल नहीं किया गया। – **उमेश पंत**, लाइन नंबर 16



"बरसात के दौरान वाहन रपट रहे हैं। जिससे कई लोग चोटिल हो चुके हैं। साथ ही वाहनों के चलने पर कीचड़ उछलने से स्कूली बच्चों और अन्य राहगीरों के कपड़े खराब हो जाते हैं। नमाज पढ़ने के लिए जाते समय भी लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। – **समीर अहमद बनभूलपुरा**



"एक साल से सड़क बदहाल पड़ी हुई है। पेयजल लाइन डालने से पहले सड़क में थोड़ा बहुत गड्ढे थे, लेकिन लाइन बिछाने के बाद सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान लोगों का सड़क से गुजरना दूभर हो जाता है। सड़क को जल्दी ठीक किया जाना चाहिए। –**आरिफ**, जज फार्म



"बरसात के दौरान सड़क में एक से डेढ़ फीट पानी भर जाता है। एक साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन लोगों को अभी भी सड़क के मरम्मत का इंतजार है। गड्ढे और ऊबड़-खाबड़ सड़क स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है। –**युनूस सैफी**, जज फार्म

### बोले ईई

"जिन क्षेत्रों में सड़कें खोदी गई हैं, उनमें कुछ जगह सीसी सड़कों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। जबकि डामर वाली सड़क लोनिवि की ओर से बनाई जाएंगी। गड्ढे भरने के लिए पूर्व में रोड़ा बिछाया गया था। जिन स्थानों पर समस्या है, उसे दूर किया जाएगा। – **एके कटारिया, ईई, पेयजल निगम हल्द्वानी**

# दुष्कर्म से आहत पीड़िता ने हाथ की नस काटी

- मोहर्रम के दिन की घटना, घर से बाजार के लिए निकली थी पीड़िता
- किसी पहचान वाले पर घटना का शक, बोलने से बच रही मासूम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मोहर्रम पर घर से बाजार के लिए निकली नाबालिग का युवक ने अपहरण कर लिया। उसे नशा सुंघाकर अपहरण और दुष्कर्म किया। घटना से आहत पीड़िता ने हाथ की नस काट कर जान देने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता से पूछताछ की, लेकिन वह कुछ भी बोलने से बच रही है। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बनभूलपुरा निवासी पीड़िता के भाई ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। भाई ने बताया कि मोहर्रम पर उसकी बहन घर से बाजार को निकली थी। इसी बीच किसी युवक ने उसे नशा सुंघा दिया और अर्द्ध बेहोशी की हालत में ले गया। युवक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और जब पीड़िता बेहोशी से उबरी तो अवसाद में आकर उसने अपने हाथ की नस काट ली। परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को घटना की जानकारी मिली तो वह पूछताछ के लिए पीड़िता के पास पहुंची, लेकिन पीड़िता ने घटना के बारे में युवक की पहचान के बाबत कुछ भी बताने से गुरेज किया। हालांकि पुलिस को शक है कि घटना को किसी करीबी ने ही अंजाम दिया है। बनभूलपुरा के प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल करा दिया गया है, लेकिन वह बयान देने से बच रही है। तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। संभवतः मामला प्रेम प्रसंग का हो सकता है।

## दिव्यांग को यहां-वहां घुमाती रही पुलिस

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** चोरगलिया निवासी तेजेंद्र सिंह मेहता ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंपकर कहा कि वह दिव्यांग है। वह बीती एक जुलाई को दोस्त के साथ गौलापार के एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गए थे। आरोप है कि खाना खाने के बाद जब उन्होंने गूगल पे के जरिये बिल दिया तो वह हो नहीं पाया। इस पर बहस हो गई और रेस्टोरेंट स्वामी राकेश ने उस पर हमला कर दिया। उसका मोबाइल छीना और चाकू दिखाते हुए उसे बेरहमी से पीटा। तेजेंद्र की दिव्यांगता की भी उपहास उड़ाया। जबकि ऑन लाइन पेमेंट न होने पर उसने अन्य से रुपये लेकर बिल का भुगतान कर दिया था। घटना के बाद पीड़ित शिकायत लेकर चोरगलिया थाने पहुंचा, जहां से उसे काठगोदाम थाने भेज दिया। उसे फिर से चोरगलिया भेज दिया।

चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# एसएसपी ने लगाई क्लास, सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई तय

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा।

- सत्यापन में लापरवाही पर एसएसपी का दरोगाओं को कड़ा संदेश
- आचार संहिता, स्टंटबाजी और आपदा प्रबंधन पर सख्त हिदायत

**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव से ठीक पहले कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा ने अपराध नियंत्रण और अनुशासन को लेकर कड़ा रुख अपनाया है।

मंगलवार को कोतवाली हल्द्वानी सभागार में आयोजित मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी में एसएसपी ने 30 उपनिरीक्षकों को कार्य में शिथिलता बरतने पर फटकार लगाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि अगली गोष्ठी तक सुधार नहीं हुआ तो सख्त विभागीय कार्रवाई तय है। वहीं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। गोष्ठी में एसएसपी ने साफ किया कि किरायेदारों का सत्यापन न करना, फर्जी आधार या पहचान पत्र के आधार पर निवास करने वालों को नजरअंदाज करना अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को दस्तावेजों की जांच कर फर्जी पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा गत माह चर्चित लिफाफा गैंग का पर्दाफाश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सीसीटीवी कंट्रोल रूम टीम को एसएसपी ने मंच से सराहा। उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल नीलम भट्ट, मोहम्मद सलीम, कांस्टेबल महेन्द्र रावत, किशोर रौतेला, राजेन्द्र बिष्ट व गुलशन गिरी को सम्मानित किया गया। एसएसपी ने चेतावनी दी कि सड़कों पर स्टंटबाजी करने वालों की अब खैर नहीं। इसमें नाबालिग पकड़े गए तो उनके अभिभावकों पर भी केस दर्ज किया जाएगा। गोष्ठी में एसपी क्राइम जगदीश चंद्रा, एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सीओ रामनगर सुमित पांडे, सीओ नैनीताल प्रमोद साह, सीएफओ गौरव किरार सहित सभी थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी, शाखा, यातायात व सीपीयू अधिकारी मौजूद रहे।



कोतवाली स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी में उपस्थित पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### पंचायत चुनाव के लिए रहें तैयार

हल्द्वानी : एसएसपी मीणा ने कहा कि पंचायत चुनाव को देखते हुए सभी अधिकारियों से कहाकि अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी चेकिंग, गश्त और निरोधात्मक कार्रवाई करें। चुनाव को प्रभावित करने वाले अराजकतत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए और संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों की पहचान कर तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों से संबंधित पोस्ट वायरल होने की स्थिति में संबंधित थाना प्रभारी की जिम्मेदारी तय होगी।

### यह भी दिए निर्देश

- नशा तस्करी में लिप्त लोगों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई की जाए
- लंबित माल और विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करें
- फरियादियों से अच्छा व्यवहार करें, शिकायतों का त्वरित समाधान हो
- यातायात नियमों के उल्लंघन पर बिना कोताही कार्रवाई करें

# आपदा प्रबंधन : एक अधिकारी पर रहेगी दो वार्डों की जिम्मेदारी

- एडीएम विवेक रॉय ने नगर निगम सभागार में मानसून में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



बैठक करते एडीएम विवेक रॉय व एमएनए ऋचा सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने मानसून में आपदा से निबटने के लिए रणनीति बना ली है। हर दो वार्ड के लिए एक-एक अधिकारी की नियुक्ति की गई है।

अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय ने मंगलवार को नगर निगम सभागार में आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इसमें सर्वप्रथम 92 अधिकारी-कर्मियों की ओर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के बाद आख्या रिपोर्ट पर मंथन हुआ। इन रिपोर्ट्स में नाले-नालियों में अतिक्रमण, कूड़े का जमा होना और जलभराव की जानकारी दी गई। इस पर एडीएम रॉय ने कहा कि मानसून के दौरान हर दो वार्ड का जिम्मा एक अधिकारी का होगा। मानसून में इन वार्डों में जलभराव, आपदा, ड्रेनेज आदि की जिम्मेदारी इन की होगी।

ये अधिकारी लगातार आवंटित वार्डों में समय से सफाई, अतिक्रमण आदि इंतजाम कर लें ताकि मानसून में परेशानी नहीं हो। इस अवसर पर नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि निरीक्षण रिपोर्टों के आधार पर सभी वार्डों में नालियों एवं नालों की सफाई युद्धस्तर पर की जा रही है। जहां जानबूझकर नाले-नालियों में कूड़ा फेंका जा रहा है, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और चालान किए जाएंगे। इस दौरान वरिष्ठ लेखाधिकारी गणेश भट्ट आदि मौजूद रहे।

# चुनाव से पहले संदिग्धों की तलाश, घर-घर जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पंचायत चुनाव के मद्देनजर कानून-व्यवस्था को चाकचौबंद बनाए रखने के लिए पुलिस ने सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने कई क्षेत्रों में किरायेदारों और बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया। इस दौरान बिना सत्यापन के रह रहे 82 व्यक्तियों का चालान किया जो बिना सत्यापन के रह रहे थे। इनसे 26,500 जुर्माना वसूला गया।

अभियान के दौरान पुलिस ने 16 मकान मालिकों पर भी कार्रवाई की, जिन्होंने अपने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया था। प्रत्येक पर 10 हजार के हिसाब से कुल 1,60,000 का जुर्माना लगाया गया।

एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि पंचायत चुनाव को देखते हुए पुलिस किसी भी संदिग्ध गतिविधि को लेकर गंभीर है। बिना सत्यापन रहने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सीओ सिटी नितिन लोहनी और सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल की निगरानी में पुलिस की छह टीमों ने बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के लाइन नंबर 1 से 18 तक, गौजाजाली, इंद्रानगर, जवाहर नगर और रेलवे बाजार क्षेत्रों में घरों, दुकानों, होटलों, ढाबों व निर्माण स्थलों पर चेकिंग की। इसके अलावा एमवी एक्ट के तहत 13 वाहनों का चालान कर 3000 रुपये का जुर्माना और कोटपा एक्ट (धूम्रपान निषेध कानून) के तहत पांच दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 1000 जुर्माना वसूला गया।

## पूर्व सैनिक पर झपटा कुत्ता, तहरीर सौंपी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** घर से टहलने निकले पूर्व सैनिक पर कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पहुंच कर कुत्ता मालिक के खिलाफ तहरीर दी। नवाबी रोड निवासी रमेश चंद्र कांडपाल ने पुलिस को बताया कि वह सेना से सेवानिवृत हैं। सोमवार को वह रोज की तरह घर से घूमने के लिए पैदल निकले थे। कुछ दूरी पर पहुंचते ही पड़ोसी के कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। किसी तरह वह कुत्तों से बच पाए। उनका कहना है कि इस बारे में जब उन्होंने कुत्ता मालिकों से शिकायत की तो उन्होंने यह बात कह दी कि उनके कुत्तों ने काटा ही नहीं। इस पर पूर्व सैनिक ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कुत्ता पालने वाले व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज करने की मांग की है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि तहरीर की जांच की जा रही है।

# आठ महीने की गर्भवती को चचेरे भाइयों ने पीटा

- बीच-बचाव में आए गर्भवती के पिता, मां को भी बुरी तरह पीटा
- आरोपियों के चंगुल से चाचा ने बचाया, मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नशे में धुत चचेरे भाई ने आठ माह की गर्भवती चचेरी बहन को पीटा। जब मां बचाने दौड़ी तो उसे भी पीटा। पिता पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर बाइक चढ़ा दी। मौके पर पहुंचे पीड़िता के चाचा ने किसी तरह उसे बचाया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

गोल्डी विहार तीनपानी निवासी डॉ. रश्मि रावत ने मंडी पुलिस चौकी को बताया कि वह 8 माह की गर्भवती हैं। बीती 13 जून को वह घर पर थीं। आरोप है कि रात करीब 10 बजे पड़ोस में रहने वाले कपिल रावत और मनोज रावत पुत्रगण भुवन सिंह रावत शराब के नशे में घर में घुस गए। घुसते ही बदतमीजी और अपशब्दों को प्रयोग करने लगे। शोर सुन कर मां पहुंची तो उनसे भी गाली-गलौज और मारपीट की। पिता बचाने दौड़े तो उनके साथ भी मारपीट की। कपिल रावत ने बाइक पीड़िता के पिता पर चढ़ा दी। पड़ोस में रहने वाले चाचा नारायण सिंह रावत और बलवीर रावत ने किसी तरह उन्हें बचाया। इस बीच आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जिसके बाद पीड़िता ने डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना दी। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# डीजीपी तीन दिनों में ठोस जवाब प्रस्तुत करें: हाईकोर्ट

## हिदायत दी- अदालत सख्त स्ट्रक्चर पास करने से भी नहीं चूकेगी, संज्ञेय आपराधिक मामलों की जांच पर उठाए सवाल

हाईकोर्ट समाचार 1

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** उच्च न्यायालय ने संज्ञेय आपराधिक मामलों की जांच पर मंगलवार को सवाल उठाते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से तीन दिन में ठोस जवाब पेश करने को कहा है। अदालत ने हिदायत दी है कि यदि पुलिस ठोस उपाय पेश नहीं करती है तो अदालत पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त स्ट्रक्चर पास करने से भी नहीं चूकेगी।

न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हरिद्वार के मंगलौर थाना से जुड़े आदित्य और तीन अन्य लोगों की जमानत के मामले में सुनवाई चल रही थी। बताया गया कि मंगलौर के एक गांव में वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। एक की मौत हो गयी जबकि दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हो गये। पुलिस तक मामला पहुंचा। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी। इस प्रकरण की जांच दो अधिकारियों द्वारा की गई और दोनों में जांच रिपोर्ट अलग-अलग दे दी गयी। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए पिछली सुनवाई पर डीजीपी को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए थे।



मंगलवार को डीजीपी की जगह अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) डा. नीलेश आनंद भरणे वर्चुअली पेश हुए। अदालत ने उनसे सख्त लहजे में कहा कि अधिकांश आपराधिक मामलों में उचित जांच नहीं हो रही है। जांच अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। मामले की तह में गए बगैर आरोप पत्र दाखिल कर दिया जा रहा है। ऐसा लगता है कि जांच अधिकारी उचित ढंग से प्रशिक्षित नहीं हैं। अदालत ने कहा कि हत्या जैसे गंभीर मामलों में फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) और डाग स्क्वायड का उपयोग नहीं किया जा रहा है। एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार किए बिना अंतिम रिपोर्ट पेश कर दी जा रही है। जांच अधिकारियों को न तो व्यावहारिक पक्ष का ज्ञान है और न ही वह कानूनी और वैज्ञानिक पक्ष की जानकारी रखते हैं। यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि जांच अधिकारी काम और अधिकारियों के दबाव के चलते उचित जांच नहीं कर पा रहे हैं। इस का परिणाम यह है कि जांच के नाम पर जल्दबाजी में लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जा रहा है। एडीजी भरणे ने अदालत को भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही सुधारवादी कदम उठायेंगे। अदालत ने डीजीपी को निर्देश दिये कि जांच में सुधार को लेकर तीन दिन के अंदर ठोस जवाब प्रस्तुत करें। अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

### भवाली पालिका चेयरमैन को मिली राहत

**नैनीताल, अमृत विचार :** 2 हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकलपीठ से भवाली नगरपालिका चेयरमैन को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ निचली अदालत में चल रही चुनाव वाली याचिका पर अग्रिम कार्रवाई पर रोक लगा दी है। साथ ही, विपक्षी प्रकाश चन्द्र आर्या को नोटिस जारी कर तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी। मामले के अनुसार, कांग्रेस के उमीदवार पंकज आर्या ने निकाय चुनाव में भाजपा के प्रकाश आर्या को 5 वोटों के अंतर से हरा दिया था। चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रकाश आर्या ने जिला अदालत में चुनाव याचिका दाखिल कर उनके चुनाव को चुनौती दी, जो जिला अदालत में विचाराधीन है। इस याचिका में उनके द्वारा भी अपना प्रार्थना पत्र पेश कर कहा कि चुनाव याचिका में रिटर्निंग ऑफिसर को पक्षकार नहीं बनाया जा सकता लेकिन जिला कोर्ट ने उनके प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया जिसके खिलाफ उनके द्वारा उच्च न्यायालय में वाद दायर किया गया। सुनवाई पर एकलपीठ ने चुनाव याचिका में चल रही प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए विपक्षी को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के आदेश दिए हैं।

### हाईकोर्ट ने नहीं दी राणा को राहत

**नैनीताल, अमृत विचार :** 3 हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने रिश्वत लेने के मामले में विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार किए गए नैनीताल के मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा व कोषागार के लेखाकार बसन्त जोशी की ओर से दायर जमानत अर्जियों पर सुनवाई करते हुए दिनेश राणा को फिलहाल कोई राहत नहीं दी। सुनवाई आज भी जारी रहेगी। कोर्ट ने इस मामले के जांच अधिकारी को पेश होने के आदेश दिए हैं। हुई सुनवाई पर कोर्ट ने सरकार से पूछा कि शिकायत की जांच करने के बाद मुकदमा दर्ज होगा या फिर शिकायत पर। सीबीआई व विजिलेंस दोनों जांच एजेंसियों की मुकदमा दर्ज करने की नियमावली अलग-अलग कैसे हो सकती है जबकि पूरे देश का कानून एक है तो दोनों जांच एजेंसियों के जांच करने के नियम अलग-अलग कैसे? पहले मुकदमा दर्ज होगा फिर गिरफ्तारी होगी या पहले गिरफ्तारी होगी फिर मुकदमा दर्ज होगा, इसको स्पष्ट करना आवश्यक है।

### सचिव आवास ने रखा कोर्ट में पक्ष

**नैनीताल, अमृत विचार :** 4 ऋषिकेश में अवैध निर्माण को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने आज बुधवार को भी सुनवाई जारी रखी है। मंगलवार को पूर्व के आदेश पर सचिव आवास आर. मीनाक्षी सुंदरम ने वर्चुअल माध्यम से कोर्ट में पेश होकर अवगत कराया कि एमडीडीए द्वारा अवैध निर्माणकारियों को नोटिस दिया गया है कि वे तय समय के भीतर अपना अवैध निर्माण हटा लें नहीं तो प्राधिकरण इस पर कार्यवाही करेगा, जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अग्रिम आदेश तक अतिक्रमणकारियों को राहत देते हुए मामले की अगली सुनवाई जारी रखी है।

## सार-संक्षेप

### खेल मैदान के प्रवेश द्वार पर गड्ढे से दुर्घटना का अंदेशा



मैदान के प्रवेश मार्ग पर हुआ गड्ढा।

**भवाली :** शहर के एक मात्र नगर पालिका खेल मैदान के प्रवेश द्वार पर पिछले कई दिनों से एक गड्ढा बना है। इस कारण दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। इसे न तो कवर किया गया है और न ही इसके पास कोई खतरे का फ्लैग लगा है। ये वही पालिका मैदान का प्रवेश मार्ग है, जिस मैदान से पालिका को बड़ी आय प्राप्त होती है। वहीं, एनडीआरएफ का बेस कैंप भी यहीं पर है। गैस वितरण का कार्य भी यहीं पर किया जाता है। कैंची धाम में भीड़ बढ़ने पर शटल सेवा भी यहीं से संचालित की जाती है। लगातार आवाजाही के बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

### सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर होंगी महिलाएं

**रामनगर :** नेचर बायो फूडस कंपनी ने रामनगर किसान परियोजना के अंतर्गत क्यारी गांव में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। नेचर बायो फूडस कंपनी ने पाया कि यह गांव जंगल के भीतर है और महिलाओं को सिलाई सीखने के लिए शहर जाना पड़ता है। गांव का अवलोकन करने के बाद कंपनी ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया। निर्णय लिया गया कि इस सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में गांव की युवतियों एवं महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। कंपनी के अधिकारियों का मानना था कि सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर बनेंगी। इस दौरान कंपनी से जुड़े अमित सिंह, बहादुर सिंह बजवाल, वीरेंद्र कुमार, नरेंद्र बिष्ट, नंदन मायल, रेखा नेगी, नीमा सती, गीता बोहरा आदि मौजूद रहे।




अन्नपूर्णा रसोई में खाद्य सामग्री देतीं क्लब की सदस्याएं। ● अमृत विचार

### अन्नपूर्णा रसोई को सौंपी गई राशन सामग्री

**रामनगर :** इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्यों ने अन्नपूर्णा दिवस, सीए डे और डॉक्टर्स डे मनाते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्लब की सदस्यों ने माता अन्नपूर्णा का स्मरण करते हुए अन्नपूर्णा रसोई में दाल, चावल, सब्जियां व तेल आदि खाद्य सामग्री प्रदान की। इस दौरान माता से प्रार्थना की गई कि किसी के भी घर परिवार में अन्न की कमी न होने पाए। सीए डे पर सीए शिवम अग्रवाल व सीए हर्षित मित्तल को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉक्टर्स डे पर पिछले 35 वर्षों से सेवा दे रहे नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केके अग्रवाल, डॉ. सपर्श, डॉ. शिखर व डॉ. साक्षी का सम्मान किया गया। इस दौरान सह सचिव प्रीती, आईएसओ चारुल जिंदल, एडिटर सुमीती, कोषाध्यक्ष मीना मित्तल, उपाध्यक्ष सीमा, सचिव अंजलि जिंदल, सीजेआर पीयूषी अग्रवाल, निशी गुप्ता और दीपा मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।




हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं वक्ता।

### धूमधाम से मनाया गया अधिष्ठापन दिवस समारोह

**हल्द्वानी :** इनरव्हील क्लब ऑफ हल्द्वानी का 29वां अधिष्ठापन दिवस समारोह रामपुर रोड स्थित एक होटल में धूमधाम से संपन्न हुआ। पिछले वर्ष के पदाधिकारियों ने इस वर्ष के पदाधिकारियों को अपना कार्य भार सौंपा। पूर्व अध्यक्ष इंदू पांडे ने मधुर अग्रवाल को कालर पहनाकर अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा। मधुर अग्रवाल अध्यक्ष, दीपा तिवारी सीजीआर, निवेदिता पांडे सचिव, शशि खंडेलवाल कोषाध्यक्ष, सुशीला भाकुनी आईएसओ, डॉ. राशि एडिटर, रीतू त्यागी सीपीसीसी, नीरजा बोरा व इंदू पांडे जेडपीसी बनी। रोटरी अध्यक्ष मनोज शाह एवं अन्य अतिथियों का स्वागत पौधे देकर किया गया। संचालन कल्पना बंसल ने किया। नए सदस्य आशा, रेखा दर्मवाल, किरन भट्ट, बेला गुप्ता, मीरा को बैज लगाया गया। कार्यक्रम में लिली सिंह, अमिता मेहरा, रेनू शारदा, अमिता पांडे, रमा पांडे, कुसुम कुंजवाल, प्रीति दर्मवाल, रीता गुप्ता, पुष्पा जोशी व मीना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### बेला तोलिया के नामांकन पर लगाई आपत्ति

**नैनीताल :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए रामड़ी आन सिंह (पनियाली) सीट से नामांकन करने वाली उम्मीदवार बेला तोलिया के विरुद्ध निर्वाचन अधिकारी को आपत्ति पत्र सौंपा गया है। आपत्ति में आरोप लगाया गया है कि बेला ने वर्ष 2024 में जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए प्रशासक का पद ग्रहण किया था। इस दौरान उन्होंने नगर निगम वार्ड 38 बिठौरिया की मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया, जोकि पंचायती राज अधिनियम के अनुसार जिला पंचायत सदस्यता के लिए उन्हें अयोग्य बनाता है। नामांकन के बाद भी उनका नाम नगर निगम की मतदाता सूची में बरकरार है। शिकायतकर्ता ने उनके नामांकन को निरस्त करने की मांग की है। निर्वाचन अधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य पद की प्रत्याशी उमा की ओर से यह शिकायत प्राप्त हुई है। इस पर बेला तोलिया ने मंगलवार को अपना जवाब प्रस्तुत किया है। मामले की जांच की जा रही है।



मालधन में शराब की भट्टी तोड़ती आबकारी विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### अभियान में पांच हजार किलोग्राम लहन नष्ट किया

**रामनगर :** आबकारी विभाग की ओर से कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान जारी है। उपजिलाधिकारी रामनगर के नेतृत्व में आबकारी विभाग की ओर से चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत मालधन एवं तुमडिया डैम में आबकारी टीम एवं जिला प्रवर्तन दल ने पांच हजार किलोग्राम लहन नष्ट किया। दो अभियोग भी दर्ज किए गए। टीम ने अवैध शराब निर्माण करने वाले, भंडारण और बिक्री करने वालों को मौके पर हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। एक रबर ट्यूब से 100 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। शराब बनाने वाले उपकरणों को नष्ट किया गया। उधर, सुखदेव निवासी मालधनचौड़ तुमडिया डैम द्वितीय को लगभग आठ लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया।

## अब जमरानी डूब क्षेत्र में दोबारा शुरू होगा सर्वे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध परियोजना के डूब क्षेत्र में आने वाले प्रभावितों को लेकर एक बार फिर से पुनर्विचार किया जाएगा। इस बार फोकस विशेष रूप से उन लोगों पर रहेगा, जो पहले हुए सर्वेक्षण में किसी कारणवश छूट गए थे। पुनः जांच के लिए प्रशासन ने एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी ने जमरानी सिंचाई विभाग अधिकारियों के साथ बैठक कर कमेटी गठित की। इसमें एसडीएम नैनीताल, तहसीलदार और जमरानी सिंचाई खंड के अधिकारी शामिल हैं। यह कमेटी गांव-गांव जाकर भौतिक सत्यापन करेगी और उन सभी मामलों की जांच करेगी, जहां से शिकायतें मिली हैं।

अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी ने बताया कि कई ग्रामीणों की ओर से शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि वे बांध के डूब क्षेत्र में आते हैं, लेकिन पहले सर्वे में उनका नाम नहीं जोड़ा गया। कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि पारदर्शिता के साथ न्यायपूर्ण ढंग से पुनर्वास और मुआवजे की प्रक्रिया को पूरा किया जाए। जो भी व्यक्ति भौतिक सत्यापन में पात्र पाए जाएंगे, उन्हें सूची में शामिल कर उन्हें नियमानुसार लाभ दिया जाएगा। क्षेत्र के करीब 25 स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सत्यापन का कार्य समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से किया जाए। इस दौरान जमरानी सिंचाई विभाग के उप महाप्रबंधक ललित कुमार बिष्ट, परियोजना प्रबंधक हिमांशु पंत आदि मौजूद रहे।

## तबादले: पच्चीस से अधिक न्यायिक अधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

विधि संवाददाता, नैनीताल

● हरीश गोयल जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नैनीताल नियुक्त

**अमृत विचारः** उच्च न्यायालय द्वारा मंगलवार को बड़े स्तर पर उच्च न्यायिक सेवा व सिविल जजों के स्थानांतरण करते हुए 25 से अधिक न्यायिक अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र की मंजूरी के बाद रजिस्ट्रार जनरल योगेश गुप्ता द्वारा जारी सूची के मुताबिक प्रदीप पंत, प्रमुख सचिव (कानून)-सह विधि परामर्शी, उत्तराखंड सरकार को उत्तराखंड न्यायिक एवं विधिक अकादमी, भवाली (जिला नैनीताल) में निदेशक नियुक्त किया गया है, जो हरीश कुमार गोयल का स्थान लेंगे। हरीश कुमार गोयल को जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नैनीताल नियुक्त किया गया है। बागेश्वर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र दत्त को हरिद्वार जबकि उनके स्थान पर पंकज तोमर को बागेश्वर में नियुक्त किया गया है। राज्यपाल के विधिक सलाहकार अमित कुमार सिरोही को टिहरी गढ़वाल में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। हाईकोर्ट में ओएसडी धर्म सिंह अब पौड़ी गढ़वाल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे।

इनके अलावा संजीव कुमार को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नैनीताल, नीलम रात्रा को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरिद्वार, अंजुश्री जुयाल को द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरिद्वार, सविता चमोली को द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हल्द्वानी, रजनी शुक्ला को एफ़टीसी/पॉक्सो कोर्ट, देहरादून में नियुक्त किया गया है। नैनीताल में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त विक्रम अब हाईकोर्ट में रजिस्ट्रार होंगे जबकि पूर्व रजिस्ट्रार सुजीत कुमार हल्द्वानी में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे। अंबिका पंत को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, रुड़की व रमेश सिंह को एफ़टी सी/पॉक्सो कोर्ट, रुड़की भेजा गया है।

### इन्हें मिली पदोन्नत कर नई नियुक्ति

हाईकोर्ट ने सरकार की अधिसूचना के तहत कई न्यायिक अधिकारियों को उच्च न्यायिक सेवा कैडर में पदोन्नत कर नई नियुक्तियां दी हैं। इनमें अरुण वोहरा, ओएसडी/उप सचिव, अब हरिद्वार में 5वें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश होंगे। लक्ष्मण सिंह, सीजेएम पौड़ी गढ़वाल को एफ़टी सी/पॉक्सो कोर्ट, हरिद्वार व राहुल श्रीवास्तव, सिविल जज (सीडि), देहरादून को 5वें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देहरादून बनाया गया है। वहीं, प्रशांत जोशी को प्रमुख सचिव (कानून)-सह एलआर., उत्तराखंड शासन, कहकशां खान को श्रम न्यायालय, देहरादून में पीठासीन अधिकारी, विजयंती कुमार को औद्योगिक न्यायाधिकरण हल्द्वानी, नीता जोशी को स्थायी लोक अदालत, हरिद्वार, सुदीर्घ भट्ट को फैमिली कोर्ट, रुड़की में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश द्वितीय, अनिता गुनीवाल को फैमिली कोर्ट, ऊधमसिंह नगर में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश बनाया गया है।

## राइंका भौंरसा को बंद करने के विरोध में बुलंद की आवाज

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** राजकीय इंटर कॉलेज भौंरसा भीमताल में शिक्षक अभिभावक संघ एवं विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज भौंरसा को क्लस्टर विद्यालय के नाम पर बंद करने का पुरजोर विरोध किया। शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि विद्यालय को किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग पर काफी संघर्ष के बाद वर्ष 2017 में इंटर कॉलेज बनाया गया। जिसमें दूरस्थ क्षेत्र पस्तौला के पचास से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। पस्तोला से विद्यालय की दूरी 12 किमी है। अगर विद्यालय को अन्यत्र मर्ज किया जाता है, तो बच्चों को 20 से 25 किमी तक रोजाना पढ़ने जाना होगा। यदि बानना इंटर कॉलेज से संबद्ध किया जाता है तो 20 किमी और अमिया इंटर कॉलेज से संबद्ध होने पर 28 किमी की दूरी तय करनी होगी, जबकि अभी भी कई तोक सड़क से भी नहीं जुड़े हैं। अभिभावकों ने कहा कि एक तरफ सरकार सभी के लिए शिक्षा की बात करती है, दूसरी तरफ विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित करने का कुत्सित प्रयास चल रहा है। वह हर स्तर पर आंदोलन को तैयार है और यदि मनमानी जारी रही, तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में रतन सिंह मेहता, रघुवर सिंह, मनीराम, गिरीश पलड़िया, भैरव दत्त आदि मौजूद रहे।



राजकीय इंटर कॉलेज भौंरसा में हुई बैठक में मौजूद पदाधिकारी व अभिभावक।

### कार की छत पर किया स्टंट, तीन का चालान

**नैनीतालः** सोशल मीडिया पर चलती कार की छत पर स्टंट करते तीन युवकों का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मंगलवार को उन्हें गिरफ्तार कर वाहन सीज कर दिया है। एसएसपी पीएन मीणा ने सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग और स्टंटबाजी के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मल्लीताल कोतवाली पुलिस ने वीडियो की जांच कर तीन युवक अदनान पुत्र इकराम, हम्जा पुत्र मो. वारिश, और मो. उमर पुत्र मोहब्बे अली (सभी निवासी मुरादाबाद) की पहचान की। एसएसआई दीपक बिष्ट ने कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन को सीज कर युवकों का चालान किया। वहीं उनकी काउंसलिंग कर भविष्य में ऐसी हरकत न करने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी।



तहसील परिसर में धरना देते कॉलोनीवासी। ● अमृत विचार

### पुनर्वास को लेकर गरजे कॉलोनीवासी, दिया धरना

**लालकुआं :** रेलवे प्रशासन द्वारा नगीना कॉलोनी में उजाड़े गए परिवारों के पुनर्वास की मांग को लेकर उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के तत्वावधान में तहसील परिसर में धरना दिया गया। मंगलवार सुबह स्थानीय साप्ताहिक हाट बाजार परिसर में उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश उत्तराखंडी के नेतृत्व में नगर में जोरदार प्रदर्शन के बाद तहसील परिसर में धरना दिया गया। प्रकाश उत्तराखंडी ने कहा कि गरीबों को हटाए जाने से पूर्व इनका पुनर्वास किए जाने की मांग को लेकर सन 2011 में तहसील लालकुआं में 10 दिन का आमरण अनशन कर चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक नगीना कॉलोनी के उजाड़े गए परिवारों की सुध तक नहीं ली गई है। इससे पहले नगीना कॉलोनीवासियों का जुलूस साप्ताहिक हाट बाजार से रेलवे स्टेशन, कोतवाली चौराहा, गुरुद्वारा मार्केट होते हुए तहसील लालकुआं में धरने में तब्दील हो गया। उप जिलाधिकारी रेखा कोहली के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। धरना-प्रदर्शन में राम बहादुर, राधा देवी, शांति देवी, रुबीना, विष्णु राजपूत, भूप सिंह, रेखा, हनीफ अहमद, आशिया, तुलसी, नूर जहां बेगम, निशा, रामप्यारी, रेखा आदि शामिल थे।

### पंचायत चुनाव के बाद होगी सुधार परीक्षा

**रामनगरः** अब पंचायत चुनाव के बाद ही उत्तराखंड बोर्ड की 2025 की सुधार परीक्षा प्रथम तथा वर्ष 2024 की सुधार परीक्षा तृतीय होगी। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 की सुधार परीक्षा पहले जुलाई में होनी थी, लेकिन पंचायत चुनाव के चलते जुलाई में परीक्षाएं संपन्न कराना मुश्किल है।

सुधार परीक्षा का कार्यक्रम बनाया जा रहा है। जल्द ही परीक्षार्थियों को इसकी जानकारी दे दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षा 2026 के आवेदन भरे जा रहे हैं। संस्थागत परीक्षार्थियों के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त है।

## पहली बार तीन गांवों के ग्रामीण चुनेंगे गांव की सरकार

● राजस्व गांव का दर्जा मिलने के बाद मिला अधिकार, रामपुर, लेटी व चोपड़ा गांव का मामला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** रामनगर विकास खंड के तीन वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा मिलने के बाद वह आजादी के बाद पहली बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में मतदान करेंगे। इन गांवों को लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदान का अधिकार है, लेकिन वन ग्राम की वजह से वह पंचायत चुनावों से दूर थे।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और विभिन्न वन प्रभागों से घिरे कई गांव वर्षों से मुख्यधारा से कटे हुए हैं। इन्हीं में रामपुर, लेटी और चोपड़ा गांव शामिल हैं। अब इन गांवों को राजस्व गांव का दर्जा मिल गया है। इससे पहली बार यहां के लोगों को अपना प्रधान चुनने का लोकतांत्रिक अधिकार मिला है। वन ग्राम से राजस्व गांव बने चोपड़ा की अलग ग्राम पंचायत सीट बनी, जबकि रामपुर व लेटी को पाटकोट में जोड़ा गया है। आजादी के बाद रामपुर, लेटी व चोपड़ा के ग्रामीण पहली बार मतदान करेंगे। इस बार वह अपना प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य भी चुन सकेंगे। चुनाव को लेकर इन गांवों के ग्रामीण उत्साहित भी हैं। काफी प्रयासों के बाद शासन ने इन गांवों को राजस्व गांव बनाया है। चोपड़ा ग्राम पंचायत में 416 वोट है, लेटी गांव में 367, रामपुर गांव में 519 व पाटकोट के दो कक्षों में 1481 वोटर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उम्मीद है कि विकास की रोशनी यहां भी पहुंचेगी।



राजस्व गांव लेटी। ● अमृत विचार

### नामांकन वापस लेने को दी जान से मारने की धमकी

**कालाढूंगी :** कोटाबाग ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत सदस्य ने दूसरे प्रत्याशी को नामांकन वापस लेने का दबाव मनाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सौड-छडा से क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रत्याशी पुष्कर सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उन पर नामांकन वापस लेने का दबाव मनाया जा रहा है। मंगलवा सुबह वह अपने आवास से कोटाबाग ब्लॉक मुख्यालय आ रहा था। तभी घर से कुछ दूरी पर दूसरे पक्ष के लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इन लोगों ने घर पर जाकर भी धमकी दी है। सूचना पर थाने में निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, निवर्तमान कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप तडियाल, पूर्व ग्राम प्रधान पीयूष बिष्ट आदि ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सीओ सुमित पांडे ने बताया कि प्रत्याशी को डराने व धमकाने का मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को आज दिया जाएगा प्रशिक्षण

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए आज सुबह नौ बजे डॉ. सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज के बहुउद्देशीय सभागार में सभी पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम एवं एवं सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों) को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनामिका ने बताया कि निर्वाचन को सफलतापूर्वक कराने के लिए कार्मिकों को निर्वाचन मतदान संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए कार्मिकों को समय से प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### कूड़ा फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी :** नगर निगम की ओर से सड़क किनारे और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। कूड़ा फेंकने वालों की पहचान करने के लिए नगर निगम की ओर से नई पहल की गई है। जिसके तहत चंबल पुल में कूड़ा फेंकने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाकर इसकी शुरुआत की गई है। साथ ही इस कैमरे का इस्तेमाल महिला सुरक्षा के लिए भी किया जा सकेगा, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान की जाएगी। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने इस जगह पर कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को कैमरा लगा दिया गया है। नगर आयुक्त ने बताया कि कैमरे के माध्यम से कूड़ा फेंकने वालों पर निगरानी रखी जाएगी और पहचान कर उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बताया कि शीघ्र ही अन्य स्थानों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

मरीजों और मेडिकल के लिए आने वालों को रही थी लगातार परेशानी, अमृत विचार में यह समाचार प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया अस्पताल प्रबंधन

# अब बेस अस्पताल में मेडिकल के लिए दो काउंटर बने

खबर का असर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बेस अस्पताल में मेडिकल के लिए लग रही भीड़ से मरीजों को रही परेशानी को दूर किया जाएगा। मंगलवार को अमृत विचार में समाचार प्रकाशित होने के बाद अस्पताल प्रबंधन तुरंत ही हरकत में आ गया है। अब मेडिकल के लिए दो काउंटरों को बनाया गया है। इससे मेडिकल के लिए आने वाले लोगों की परेशानी कम होगी।


बेस में मेडिकल के लिए 'महाभारत'
चिकित्सालय के नेत्र विभाग में मरीजों की कतार, मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का है भी जिम्मा
संवाददाता, हल्द्वानी
अमृत विचारः शहर के बेस अस्पताल का नेत्र विभाग इन दिनों एक अजीबोगरीब द्वंद्व का अखाड़ा बन गया है। जहां एक ओर आंखों के मरीज लाइन लगाए घंटों डॉक्टर को दिखाने के लिए परेशान रहते हैं, वहीं दूसरी ओर मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने वालों की भीड़ भी रहती है। इस दबाव की वजह से नेत्र रोग विभाग की ओपीडी पासपोर्ट ऑफिस नजर आती है।
सोमवार को अस्पताल में कुछ ऐसा ही नजारा था। कॉलेज का एक छात्र किसी तरह भीड़ को पार करता हुआ कमरा नंबर 35 में घुस गया और डॉक्टर से विनती करने लगा, 'सर, जल्दी कर दीजिए, मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाना है, लेट हो रहा हूं।' डॉक्टर ने पहले तो कागज पर हस्ताक्षर कर दिए, लेकिन तभी उसे आवाज दी 'तुम्हारा काम जल्दी कर दिया, अब जरा बाकी मरीजों की मदद भी कर दो।'
छात्र को रजिस्टर थमा दिया और जिम्मेदारी मिली बाहर खड़े मरीजों के नाम पर्चों से देखकर चढ़ाने की। बेचारा छात्र पहले तो खुश हुआ कि जल्दी निपट गया, लेकिन थोड़ी ही देर में समझ गया कि ड्यूटी लंबी चलने वाली है। जब तक वरिष्ठ चिकित्सक नहीं आए, वह मजबूरी में काम करता रहा। इधर बाहर खड़े मरीजों और उनके तीमारदारों भी परेशान थे। मरीजों का कहना था कि कतार इतनी लंबी है लेकिन कुछ लोग सीधे ही अंदर घुस रहे हैं।
बेस अस्पताल में डॉक्टर को दिखाने के लिए लगी मरीजों की लाइन। ● अमृत विचार
इन उपायों पर डालें दृष्टि तो दूर हों दोष
1 मेडिकल बनवाने वालों के लिए अलग विंडो या काउंटर निर्धारित किया जाए, ताकि इलाज और मेडिकल दो अलग लाइनें बन सकें।
2 भीड़ नियंत्रण के लिए एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की तैनाती की जाए, जो लोगों को क्रम में रखे और व्यवस्था को संभाले।
नेत्र परीक्षण के लिए एक ही कमरा स्वीकृत है। मेडिकल बनाना भी जरूरी है। हम फिर भी मौजूद संसाधनों में मरीजों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं। - डॉ. केएस दत्ताल पीएमएस, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

स्कूल, कॉलेज, नौकरी, स्पोर्ट्स कॉलेज, ड्राइविंग लाइसेंस में मेडिकल की जरूरत होती है। मेडिकल के लिए आने वाले लोगों को काफी लंबी कतार लगानी पड़ती है। समस्या के समाधान को मेडिकल के लिए काउंटरों की व्यवस्था कर दी गई है। फोर्थ क्लास के कर्मचारियों की समस्या को देखते हुए नेत्र परीक्षण वाले कक्ष में पीआरडी जवान को तैनात कर दिया जाएगा। पीआरडी जवान की मदद से मरीजों व मेडिकल के लिए आने वाले लोगों की भीड़ को संभाला जाएगा। पीएमएस डॉ. केएस दत्ताल ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मेडिकल बनाना भी एक जरूरी प्रक्रिया है। कोशिश है कि अस्पताल आने वाले लोगों को कम से कम दिक्कत हो।

### एक ऑप्थलमॉलजिस्ट होने से मरीज परेशान

बेस में अब ऑप्लथलमॉलजिस्ट की संख्या बढ़ाया जाना जरूरी है। मेडिकल के लिए आने वालों की आंखों का परीक्षण किया जाता है और साथ ही नेत्र रोग के मरीजों का भी आंखों का परीक्षण होता है। अगर दोनों के लिए अलग-अलग ऑप्थलमॉलजिस्ट की व्यवस्था हो जाए तो मरीजों को काफी सहूलियत होगी।

### महिला अस्पताल में विटामिन ए व डिंबा इंजेक्शन खत्म

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला अस्पताल में विटामिन ए और गर्भनिरोधक इंजेक्शन (जैसे डेपो-प्रोवेरा) खत्म हो गए हैं। इस वजह से उपचार के लिए आने वाली महिलाओं को यह दवा और इंजेक्शन बाहर से खरीदने पड़ रहे हैं। विटामिन ए बच्चों और महिलाओं के लिए बहुत जरूरी है, खासकर उनकी दृष्टि और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए। इसके अलावा अस्पताल में गर्भनिरोधक इंजेक्शन (जैसे डेपो-प्रोवेरा) खत्म हो गए हैं। यह परिवार नियोजन में काफी बड़ी भूमिका अदा करते हैं। इनको बाहर से खरीदना अब मजबूरी हो गई है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार डिमांड को भेज दिया गया है और शीघ्र ही दवा और इंजेक्शन उपलब्ध हो जाएंगे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि विटामिन ए की खुराक व डिंपा इंजेक्शन कुछ समय पहले अस्पतालों में खत्म हो गए हैं। मुख्यालय को इनको उपलब्ध कराने के लिए लिखा गया है। उम्मीद है जल्द अस्पतालों में उपलब्ध हो जाएगी।

### बेस में मलेरिया का चौथा मरीज मिला

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में मलेरिया के रोगियों के मिलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को अस्पताल की ओपीडी में एक और मलेरिया का मरीज पहुंचा। राहत की बात है कि उसकी स्थिति गंभीर नहीं थी। बेस अस्पताल में जुलाई माह में अभी तक मलेरिया के तीन रोगी मिल चुके हैं। इनमें दो रोगियों को अस्पताल में भर्ती किया गया था, जो अब ठीक होकर घर चले गए हैं। अस्पताल की ओपीडी में विगत दिनों एक मरीज बुखार की समस्या को लेकर आया। टेस्ट कराने पर पता चला कि रोगी को मलेरिया हुआ है। उसे जरूरी दवाएं देकर घर भेज दिया गया है। फिजिशियन डॉ. जितेंद्र भट्ट ने बताया कि बारिश के इस मौसम में बुखार के काफी रोगी पहुंच रहे हैं। इनमें कुछ रोगी मलेरिया के भी हैं। अभी मलेरिया को लेकर स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में है।

# 22.57 करोड़ से बिछाई जाएगी सीवर लाइन

## मंगलवार को क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट ने विभिन्न वार्डों में सीवरेज योजना का किया शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सांसद अजय भट्ट ने मंगलवार को हल्द्वानी में 22.57 करोड़ की 15 किमी लंबी रानीबाग-काठगोदाम, राजपुरा वार्ड संख्या 14 एवं शिव रत्न केन्द्र, बरेली रोड आदि में सीवरेज योजनाओं का शिलान्यास किया।

सांसद भट्ट ने बताया कि पेयजल निर्माण निगम की ओर से रानीबाग-काठगोदाम सीवरेज योजना के तहत 1481.07 लाख से 9.70 किमी लंबी सीवर लाईन बिछाई जा रही है। इससे 1007 परिवार और 5033 आबादी लाभान्वित होगी। इस में वार्ड 1 व 2 को जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि राजपुरा सीवरेज योजना के तहत 358.27 लाख से 2.81 किमी लंबी सीवर लाईन बिछाई जाएंगी। इससे 1565 परिवार और 7827 आबादी लाभान्वित होगी। इसके अंतर्गत वार्ड 12, 13, 14 एवं 15 को जोड़ा जाएगा।

इसी तरह हीरानगर, रामपुर रोड एवं पर्वतीय मोहल्ला सीवरेज योजना में 417.71 लाख से सीवर लाईन बिछाई जाएगी। इसमें 1783 परिवार और 8914 आबादी को फायदा मिलेगा। इसके अंतर्गत वार्ड 11, 17, 19 एवं 20 को जोड़ा जाएगा। सीवर लाइन बिछने से घरेलू सीवर खुली नालियों में नहीं बहेगा और पर्यावरण प्रदूषित नहीं होगा। जल जनित गंभीर बीमारियों के संक्रमण से भी निजात मिलेगी। लोगों को बार-बार सीवर टैंक खाली करने में होने वाले खर्च से राहत मिलेगी। इस अवसर मेयर गजराज बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पार्षद प्रीति आर्या, हेमंत साहू, पेयजल निगम ईई एके कटारिया रहे।



सीवरेज योजनाओं का शुभारंभ करते सांसद अजय भट्ट व मेयर गजराज सिंह बिष्ट।

# रामगढ़ बनेगा पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में हार्टी टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयास तेज़ हो गए हैं। सांसद अजय भट्ट ने मंगलवार को रामगढ़ स्थित सेब बागान का निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी ली। सांसद भट्ट ने कहा कि हार्टी टूरिज्म से पर्यटकों को एक नई तरह की अनुभवात्मक यात्रा का अवसर मिलेगा। यह पहल स्थानीय लोगों के लिए अवसरों एवं रोजगार के नए द्वार भी खोलेगी। रामगढ़ में आठ एकड़ भूमि पर पांच करोड़ से एक विशेष परियोजना विकसित की जा रही है। इसके अंतर्गत पर्यटकों को सेब के बागीचों की सैर का सुखद अनुभव प्राप्त होगा। किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र और पर्यटकों के लिए आधुनिक कैफे हट्स में ठहरने की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर भावना मेहरा, अंकित पांडेय, शिवांशु जोशी, रवि नयाल, प्रदीप ढैला, भारत भूषण चुघ, उद्यान अधीक्षक सरस्वती बृजवाल एवं एडीओ विपिन चंद्र गर्वाल रहे।


रामगढ़ में बागान का निरीक्षण करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

## परिवहन कर्मियों को राहत, मांगों पर सहमति

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** मंगलवार को सचिवालय में परिवहन सचिव बृजेश कुमार संत की अध्यक्षता में उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में निगम प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशकरीना जोशी, महाप्रबंधक पवन मेहरा व उपमहाप्रबंधक प्रदीप सती उपस्थित रहे। वहीं कर्मचारी यूनियन की ओर से प्रांतीय अध्यक्ष कमल पपने, महामंत्री अशोक चौधरी, प्रांतीय संयुक्त मंत्री गुरवेल सिंह व मण्डलीय मंत्री देहरादून परमजीत सिंह ने भाग लिया। वार्ता में बनी प्रमुख सहमतियों के अनुसार, विशेष श्रेणी के चालकों को प्रति किमी 8 पैसे व परिचालकों को 9 पैसे की बढ़ोतरी का आश्वासन सचिव व प्रबंध निदेशक ने दिया। नियमित कर्मियों के महंगाई भत्ते में शासनादेश के अनुसार 3% की वृद्धि को आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत करने पर सहमति बनी।

साथ ही निगम द्वारा 14 पदों पर यूनियन सदस्यता पर लगाई गई रोक की समीक्षा कर विधिसम्मत कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। कुंभ मेले की तैयारी के अंतर्गत परिवहन निगम के बस बेड़े में 500 नई बसों की व्यवस्था का निर्णय लिया गया।

# प्रत्येक को मिले स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ


टीबी चैंपियन को सम्मानित करतीं सीडीओ अनामिका, साथ में सीएमओ डॉ. एचसी पंत।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन भीमताल में हुई। बैठक में परिवार नियोजन, जननी सुरक्षा योजना, डेंगू-मलेरिया रोकथाम, शिशु सुरक्षा जैसे कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। अध्यक्षता सीडीओ अनामिका ने की।

सीएमओ डॉ. एचसी पंत ने समिति को वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रमों के संचालन के लिए राज्य स्तर से अनुमोदित आरओपी के बारे में बताया। उन्होंने मातृत्व स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, परिवार नियोजन, जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा, एनीमिया मुक्त भारत, गैर संचारी रोगों की रोकथाम, टीबी एलिमिनेशन, मिजिल्स रूबेला एलिमिनेशन आदि की जानकारी दी। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल और जिला संक्रामक रोग विश्लेषक नंदन कांडपाल ने डेंगू-मलेरिया के रोकथाम पर कार्य योजना प्रस्तुत की। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा और डब्लूएचओ से डॉ. मीनाक्षी सुमन ने प्रतिरक्षण विषय की प्रगति प्रस्तुत की। सीडीओ अनामिका ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि आपसी तालमेल बनाते हुए स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। सीडीओ ने टीबी चैंपियनों को भी समानित किया। इस दौरान डॉ. द्रोपदी गर्ब्याल, डॉ. श्वेता भंडारी, डॉ. राजेश ढंगरियाल, बच्चन कालाकोटी, पंकज तिवारी, हेम जलाल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम को संबोधित करते मेयर गजराज बिष्ट। ● अमृत विचार

### दिव्यांगों के लिए देश का पहला स्थाई आधार सेवा केंद्र शुरू

**हल्द्वानी :** मानसिक दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की संस्था रोशनी सोसायटी की पहल पर संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) में मंगलवार को दिव्यांगजनों के लिए समर्पित देश के पहले स्थाई आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन मेयर गजराज बिष्ट ने फीता काटकर किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम भी उपस्थित रहे। केंद्र की स्थापना जिला प्रशासन नैनीताल के सहयोग और जिला प्रबंधन समिति नैनीताल की ओर से रोशनी सोसायटी के प्रस्ताव पर की गई है। यह स्थायी आधार सेवा केंद्र सप्ताह में दो दिन (मंगलवार और बृहस्पतिवार) खुला रहेगा और इसमें केवल दिव्यांगजन ही आधार कार्ड बनवा या अपडेट कर सकेंगे। इस मौके पर रोशनी सोसायटी की अध्यक्ष शिवानी पाल, उपाध्यक्ष हेमा परगाई आदि मौजूद रहे।


स्टेडियम में चल रहे फुटबॉल मैच में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### महात्मा गांधी इंटर कॉलेज ने जीता सुब्रतो कप

**हल्द्वानी :** शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित सुब्रतो कप अंडर-17 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मंगलवार को मिनी स्टेडियन में फाइनल मैच महात्मा गांधी इंटर कॉलेज हल्द्वानी और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के बीच खेला गया। जिसमें महात्मा गांधी इंटर कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-0 से जीत दर्ज की। मैच के निर्णायक मंडल में अमित कांडपाल रहे। सहायक निर्णायक के रूप में नवीन पांडे व डीएसजीना, टेक्निकल निर्णायक हरीश वर्मा और प्रकाशन आर्य ने अपनी भूमिका निभाई। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि जिला उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन में राहुल पवार, हेमा राणा, शोभा मनराल आदि शामिल रहे। विजेता टीम जुलाई माह में देहरादून में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेगी।

### प्रवर्तन अभियान में 140 वाहनों के चालान, 9 सीज

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग की ओर से मंगलवार को जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 140 वाहनों के चालान किए गए और ऑटो, ई-रिक्शा, पिकअप और एक टैक्सी सहित कुल 9 वाहनों को सीज किया गया। यह कार्रवाई विभिन्न यातायात और परिवहन नियमों के उल्लंघन को लेकर की गई। अभियान में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र सांगवान, परिवहन कर अधिकारी गोविंद सिंह, अपराजिता पांडे, अनुभा आर्य आदि मौजूद रहे।

# समायोजन का विरोध विद्यालय में दिया धरना

संवाददाता, हल्द्वानी

- समायोजन का आदेश रद्द करने को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन
- समस्या का समाधान नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अमृत विचारः** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंद्रपुर हल्दूचौड़ को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज हल्दूचौड़ में समायोजित किए जाने के फैसले के खिलाफ क्षेत्र में विरोध शुरू हो गया है।

मंगलवार को विद्यालय के अभिभावकों ने बच्चों के साथ स्कूल परिसर में धरना दिया और इस निर्णय के खिलाफ आवाज उठाई। अभिभावकों ने बाद में खंड शिक्षा अधिकारी लालकुआं को एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें समायोजन प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने की मांग की गई। कहा कि इस निर्णय से बच्चों को परेशानी होगी।

धरने का नेतृत्व विद्यालय की प्रबंधन समिति (एसएमसी) की अध्यक्ष रेखा बेलवाल और पीटीसी अध्यक्ष निर्मला टम्टा ने किया। उन्होंने क्लस्टर विद्यालय योजना का विरोध करते हुए कहा कि यदि इंद्रपुर विद्यालय को समायोजित किया गया, तो अभिभावक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अभिभावकों ने कहा कि यह निर्णय बच्चों की शिक्षा, सुविधा और विद्यालय की पहचान को प्रभावित करेगा। क्षेत्रीय लोगों ने भी इसे जनविरोधी बताते हुए आदेश को रद्द करने की मांग की है।

## 4 अगस्त को होगा धरना-प्रदर्शन

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** राष्ट्रीय संघर्ष समिति की एक बैठक पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता राजेन्द्र कुमार वालिया ने की। बैठक में एफसीआई, केएमवीएन, केमू, वन निगम और उत्तराखंड परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रांतीय समन्वयक जगत सिंह डोबाल, भूपेंद्र अधिकारी (जिला महामंत्री), जगदीश चंद्र पंत, सीएस जोशी, बृज मोहन सिजवाली, जिला उपाध्यक्ष पान सिंह नेगी, वन निगम कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश भंडारी, ठाकुर सिंह रावल, एवं जिलाध्यक्ष वन निगम नैनीताल मौजूद रहे। बताया कि 4 और 5 अगस्त को राष्ट्रीय संघर्ष समिति की केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। सदस्यों को धरने में भागीदारी को प्रेरित किया गया।

# हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अरुणोदय संस्था का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों को सम्मानित किया गया और निर्धन मेधावियों को छात्रवृत्ति के चेक सौंपे गए।

मंगलवार को नवाबी रोड स्थित अरुणोदय धर्मशाला के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ महापौर गजराज बिष्ट, संस्थाध्यक्ष डीके पलड़िया, न्यास अध्यक्ष जीवन सिंह रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। फिर संस्था एवं समाज के लिए विशेष योगदान देने वाले चार बुजुर्गों को पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक प्रो पीसी बाराकोटी, पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल पन्त, पूर्व आईएएस कृष्ण आर्य व नवीन चन्द्र तिवारी वृद्ध-जन सम्मान से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्कूलों के इंटर के निर्धन मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के चेक दिए गए। इस अवसर पर डॉ. गुंजन जोशी, इन्दु बिष्ट एवं डॉ. रिफाजिया खातून की देखरेख में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम पेश किए।

मेयर ने अरुणोदय संस्था की ओर से समाज हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इससे पूर्व अध्यक्ष डीके पलड़िया ने सबका अभिनंदन व संस्थापक सदस्य जीडी सती ने संस्था के विकास की जानकारी दी। इस दौरान नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, पुष्पलता जोशी, जितेन्द्र रौतेला, जीवन चन्द्र जोशी, जगदीश चन्द्र बेलवाल, पीताम्बर दत्त तिवारी, लतेश मोहन, एमबी जोशी, राजकुमार केसरवानी, डॉ. दीपा कांडपाल, रोहित केसरवानी, बीबी जोशी, हुकुम सिंह राणा, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, मधुसूदन लोहनी आदि मौजूद थे।


वार्षिकोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देतीं कलाकार।

मुसीबत

जर्जर फिल्टर प्लांट और सिल्ट जमा होने से बाधित होती है जल आपूर्ति, समस्या से निजात दिलाने के लिए अभी तक नहीं बनी कोई ठोस योजना

# बारिश बनती है आफत : हर साल पेयजल संकट से जूझता है हल्द्वानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर की लगभग ढाई लाख की आबादी को बरसात के दौरान जलापूर्ति के लिए परेशान होना पड़ता है। बरसात में पेयजल संकट से जूझता है। दमुवाढुंगा, राजपुरा, काठगोदाम, बनभूलपुरा, पश्चिम बरेली रोड और रामपुर रोड जैसे क्षेत्रों के लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी जद्दोजहद करनी पड़ती है। लगभग ढाई लाख की आबादी को मानसून के दौरान जलापूर्ति के लिए परेशान होना पड़ता है। मुख्य समस्या बारिश के दौरान बैराजों में सिल्ट जमा होने से उत्पन्न होती है। इसके कारण फिल्टरिंग में बाधा आती है और जल संस्थान को मजबूरन पानी की आपूर्ति कम करनी पड़ती है।


गौला नदी में बढ़ते जलस्तर के साथ जमा हुई सिल्ट। ● अमृत विचार

नतीजतन, कई कॉलोनियों में कई दिनों तक नलों में पानी नहीं आता है। शहर में वर्तमान में कुल पांच फिल्टर प्लांट हैं। एक शीतलाहाट और चार शीशमहल में। शीतलाहाट प्लांट की क्षमता मात्र 3.5 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रति दिन) है, जबकि शीशमहल के चारों प्लांटों की संयुक्त क्षमता 34.5 एमएलडी है। चिंताजनक बात यह है कि ये सभी प्लांट 50 साल से भी अधिक पुराने हैं और अब तक इनका कोई आधुनिकीकरण नहीं किया गया है। जिससे बढ़ती आबादी और जल आवश्यकता के बीच जल आपूर्ति हर बरसात परेशान करती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन हर साल सिर्फ आश्वासन देता है, लेकिन जल संकट से स्थायी निजात के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई जा रही है। पुराने फिल्टर प्लांटों का आधुनिकीकरण नहीं किया गया और नए प्लांट स्थापित नहीं हुए, तो हालात और गंभीर हो सकते हैं।

जल संस्थान के कनिष्ठ अभियंता सतीश बिष्ट ने बताय कि बरसात में हर वर्ष जल आपूर्ति में दिक्कत आती है, और फिलहाल इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। बारिश के दौरान गौला बैराज में अत्यधिक मात्रा में सिल्ट आ जाती है, जिससे पानी की शुद्धता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। हमें फिल्टर प्लांट को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ता है। सिल्ट की सफाई के बाद आपूर्ति सुचारू की जाती है।

### पहाड़ों पर बारिश से गौला नदी का जलस्तर बढ़ा, अलर्ट जारी

**हल्द्वानी :** पहाड़ो में हो रही लगातार बारिश के चलते गौला नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। मंगलवार को नदी का जलस्तर 1049 क्यूसेक तक पहुंच गया, जबकि न्यूयतम जल स्तर 400 क्यूसेक रहा। जलस्तर में अचानक वृद्धि से नदी में भारी सिल्ट (गाद) जमा हो गई, जिससे सिंचाई विभाग को करीब आधे घंटे तक सफाई अभियान चलाना पड़ा। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता चंद्रशेखर भट्ट ने बताया कि गौला नदी के जलस्तर में वृद्धि को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है। विभाग की निगरानी टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में गौला नदी के किनारे न जाएं और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। सुरक्षा के मद्देनजर सिंचाई विभाग ने एक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 9412085700 भी जारी किया है, जिस पर किसी भी आपात स्थिति या जानकारी के लिए संपर्क किया जा सकता है। बरसात के दौरान गौला नदी में जलस्तर तेजी से बढ़ता है, जिससे नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगता है। प्रशासन की ओर से पहले ही संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# गन्ना मूल्य भुगतान समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान मुखर

## सूचना के बावजूद जीएम के न मिलने पर जताई नाराजगी, ऑफिस में बैठ जताया विरोध

आक्रोश

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** बकाया गन्ना मूल्य भुगतान समेत विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान मुखर हो गए हैं। वहीं इन समस्याओं के विषय में वार्ता करने के लिए किसान चीनी मिल के प्रशासनिक भवन जा पहुंचे। इस दौरान पूर्व सूचना देने के बावजूद भी जीएम कुर्सी खाली मिलने पर किसानों ने नाराजगी जताई। उन्होंने चीफ इंजीनियर की मौजूदगी में जीएम की खाली कुर्सी के सामने बैठ कर विरोध जताया।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की अगुवाई में कुछ किसान सहकारी चीनी मिल के प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां उन्हें जीएम की कुर्सी खाली मिली। उन्हें सूचना मिली कि जीएम का प्रभार देख रहीं एसडीएम बाजपुर डॉ. अमृता शर्मा पंचायत चुनाव के चलते व्यस्थता के कारण नहीं पहुंच पाई हैं। इस पर किसानों ने पूर्व सूचना देने के बावजूद जीएम की उपस्थिति न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने आगामी गन्ना पिराई सत्र को लेकर चीनी मिल में हो रहे मरम्मत कार्यों के संबंध में चीफ इंजीनीयर, चीफ केमिस्ट, मुख्य गन्ना अधिकारी, सुरक्षाधिकारी से वार्ता की। किसानों ने कहा कि काफी समय से स्थाई प्रधान प्रबंधक न होने से चीनी मिल में सभी आवश्यक कार्य रुके पड़े हैं। उन्होंने कारखाने में मरम्मत के लिए आवश्यक समान ग्रीस, मोबिल आयल, डीजल, जूट इत्यादि की उपलब्धता न होने पर भारी रोष व्यक्त किया। कहा कि मरम्मत कार्य पूर्ण न होने के कारण आगामी पिराई सत्र समय पर शुरू नहीं हो सकेगा। वहीं भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने बाजपुर चीनी मिल की समस्याओं को लेकर उत्तराखंड शुगर्स के प्रबंध निदेशक पीसी दुमका से भी फोन पर वार्ता की और बाजपुर चीनी मिल को स्थाई प्रधान प्रबंधक नियुक्त करने व किसानों की समस्याओं के निदान की मांग की। पड्डा के अनुसार उन्होंने शीघ्र सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर किसान नेता बिजेंद्र सिंह डोगरा, अजीत प्रताप सिंह रंधावा, जसवीर सिंह भुल्लर, अमनवीर सिंह, हरविंदर सिंह, हरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर चीनी मिल के प्रशासनिक भवन में खाली पड़ी जीएम की कुर्सी के सामने बैठकर रोष व्यक्त करते किसान। ● अमृत विचार

## एक नजर

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 11 तक जमा होंगे आवेदन

**खटीमा:** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नए शिक्षा सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 जुलाई है। यह जानकारी देते हुए संस्थान के अधीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि यह संस्थान जनजाति बच्चों के लिए संचालित है और नए सत्र के लिए संस्थान में कुल 156 बच्चों के प्रवेश के लिए सीटें हैं। जिसमें फीटर 20, इलेक्ट्रीशियन 20, डीजल मैकेनिकल 48, कोपा- 24, हिन्दी स्टेनो 24 और सिलाई औद्योगिकी की 20 सीटें शामिल हैं। यह भी बताया कि संस्थान से 570 प्रवेशार्थी आवेदन पत्र प्राप्त कर 415 ने जमा भी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि 30 प्रतिशत सीटें छात्राओं के लिए आरक्षित हैं। अधीक्षक कुमार ने बताया कि प्रवेश चाहने वाले अपना आवेदन पत्र 11 जुलाई शाम पांच बजे तक जमा कर सकते हैं। जिसके बाद मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे।

### युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**बाजपुर:** पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 21 वर्षीय बेटी 6 जुलाई की रात घर से बिना बताए कहीं चली गई है और अभी तक वापस नहीं लौटी है। उसका तमाम रिशतेदारियों एवं जान-पहचान की जगह तलाश कर लिया है, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया है। बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका के चलते परिजन सहमे हुए हैं। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## गांव के ही स्कूल में मतदेय स्थल बनाने की मांग की

**काशीपुर:** मानपुर नई बस्ती के ग्रामीणों ने मेयर दीपक बाली को ज्ञापन सौंपकर गांव के ही स्कूल में मतदेय स्थल बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत चुनाव के दौरान उन्हें तीन किमी दूर वोट देने जाना पड़ता है। जिससे वृद्ध लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने

मंगलवार को ग्राम प्रधान के दावेदार रेखा पुजारी के नेतृत्व में मानपुर नई बस्ती के ग्रामीणों ने नगर निगम पहुंचकर मेयर दीपक बाली से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि उनकी ग्राम पंचायत में नौ वार्ड हैं। नई बस्ती मानपुर में तीन वार्ड आते हैं। जबकि अन्य वार्ड पुराने मानपुर गांव में हैं। कहा कि इन तीन वार्डों के लोगों को वोट देने तीन किमी दूर जाना पड़ता है। जिससे बुर्जुग लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि उनके गांव की परिधि में राजकीय प्रावि कुमाऊं कॉलोनी है। उन्होंने कहा कि यदि कुमाऊं कॉलोनी के स्कूल में मतदेय स्थल बनाया जाता है तो शत प्रतिशत वोटिंग होने की संभावना है। वहां पर नवीन पुजारी, धीरेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, वीरेंद्र सिंह रावत, हरदीप सिंह, कमला देवी, कांति देवी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्येक बूथ पर नियुक्त करेगी अपने अधिकृत एजेंट



काशीपुर में बैठक में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के तहत कांग्रेस पार्टी ने बीएलए-2 प्रक्रिया की शुरुआत की। जल्द ही कांग्रेस प्रत्येक बूथ पर अपने अधिकृत एजेंट नियुक्त करेगी और यह प्रक्रिया पूर्ण कर रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को सौंपी जाएगी।

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड द्वारा बीएलए-2 की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। जिसके तहत सभी राष्ट्रीय पार्टियों से प्रत्येक बूथ पर अपने-अपने एजेंट नियुक्त करने को कहा गया है। इन एजेंटों के आईडी कार्ड निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए जाएंगे। सोमवार की शाम कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में पार्षद अब्दुल कादिर के निवास स्थान पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें बीएलए-2 से संबंधित प्रक्रिया एवं रणनीति पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि काशीपुर महानगर कांग्रेस शीघ्र ही प्रत्येक बूथ पर अपने अधिकृत एजेंट नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। यह कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को सौंपी जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन का कहना है कि उत्तराखंड में कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुट गई है। बीएलए-2 प्रक्रिया के तहत कांग्रेस अपने हर बूथ पर सशक्त एजेंट नियुक्त करेगी। वहां पर पार्षद नौशाद हुसैन, पार्षद सरफराज खान, पार्षद मौ. आरिफ सैफी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम हरीश चंद्र सिंह (पुराना नाम) से बदलकर हरीश सिंह राठौर (नया नाम) कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे हरीश सिंह राठौर पुत्र श्री शेर सिंह राठौर के नाम से जाना पहचाना जाए। वर्तमान पता आवागढ़ कम्पाउण्ड, मल्लीताल ,उच्च न्यायालय नैनीताल (उत्तराखण्ड)

### सूचना

मेरी हाईस्कूल की वर्ष 2021 की उत्तराखण्ड बोर्ड की रोल नं. 21130376 की (उत्तीर्ण) मार्कशीट वास्तव में कहीं गुम हो गयी है, जिसका अन्य द्वारा उपयोग अवैध होगा। - **अमित कुमार पुत्र ज्ञान चन्द, ग्राम वीरूनगला, पोस्ट दरऊ, तहसील किच्छा, ऊधमसिंह नगर।**

# 14 जुलाई से आवागमन के लिए बंद रहेगा चीकाघाट पुल

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** क्षेत्रवासियों के लिए एक अहम सूचना सामने आई है, जिसमें लोक निर्माण विभाग ने आगामी 14 जुलाई 2025 से पुराने एनएच-125 मार्ग पर स्थित कैलाश नदी के ऊपर बने चीकाघाट पुल को सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन के लिए पूर्णतः बंद करने की घोषणा की है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता एसके. अग्रवाल ने बताया कि पुल की एबटमेंट और डैक स्लैब की संरचना अत्यंत क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसके कारण यह पुल अब यातायात के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पुल का निरीक्षण कर तकनीकी स्थिति की समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया है कि जब तक मरम्मत या पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक पुल पर वाहनों की आवाजाही पूर्णतः बंद रहेगी। उन्होंने जनता से आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में नए एनएच-09 का प्रयोग करने की अपील की है। जो पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू रूप से संचालित है। यह कदम प्रशासन और विभाग द्वारा जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना या जानमाल की क्षति से बचा जा सके। आगामी दिनों में पुल के पुनर्निर्माण या मरम्मत की योजना को लेकर भी विभाग द्वारा कार्ययोजना तैयार की जा रही है। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए यह भी कहा है कि यात्रा की योजना बनाते समय इस सूचना को ध्यान में रखें और अनावश्यक असुविधा से बचें।



गदरपुर में टाइल रोड का शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

### पालिकाध्यक्ष ने किया टाइल रोड का शिलान्यास

**गदरपुर :** पालिका अध्यक्ष ने वार्ड नंबर 3 में टाइल रोड का शिलान्यास किया इस दौरान उन्होंने कहा कि वार्ड में जो भी सड़कें अभी नहीं बन पाई वह जल्द बना दी जाएंगी। मंगलवार को नगर के वार्ड नंबर 3 में वार्ड वासियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पवन गुप्ता के मकान से सुनील छाबड़ा के घर तक 22.31 लाख रुपए से बनने वाली टाइल रोड का पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर एवं हरबंस लाल ने फीता काट कर शिलान्यास किया। इस दौरान वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष गुंबर ने कहा चुनाव में जो वादे किए गए हैं उनको धीरे-धीरे धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा वार्डों में टाइल्स, सड़क और नाली निर्माण कार्य कराए जाएंगे। वार्ड सभासद सचिन गुप्ता ने कहा कि 175 मीटर टायल रोड 22.31 लाख रुपए में बनाई जाएगी। वार्ड में जो भी सड़क क्षतिग्रस्त है उनका निर्माण भी जल्द किया जायगा। इस मौके पर सभासद सचिन गुप्ता, हरबंस लाल, संतोष गुप्ता, सुनील छाबड़ा, असीम सक्सेना, पवन गुप्ता, रितिक गुप्ता, राजकुमार सहित काफी संख्या में वार्ड वासी मौजूद थे

# प्रबंध निदेशक सिडकुल ने किया स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण

- स्टेडियम में व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- 19 जुलाई को प्रस्तावित है गृहमंत्री अमित शाह का कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गृहमंत्री अमित शाह के 19 जुलाई के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर प्रबंध निदेशक सिडकुल सौरभ गहरवार ने जिला प्रशासनिक व उद्योग विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर का स्थलीय निरीक्षण किया।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक सिडकुल ने कहा कि कार्यक्रम के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने कहा कार्यक्रम में औद्योगिक संस्थाओं द्वारा भव्य प्रदर्शनी लगायी जाएगी और कार्यक्रम में विशिष्ट, अति विशिष्ट अतिथियों और उद्योगपतियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर निदेशक उद्योग शिखर सक्सेना, उप निदेशक महावीर सजवाण, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार आदि मौजूद थे।



अधिकारियों के साथ बातचीत करते प्रबंध निदेशक सिडकुल सौरभ गहरवार।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034,
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488,
काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222,
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)



खटीमा के राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में बच्चों को संबोधित करते सिविल जज अमित पांडे।

### राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में लगा विधिक शिविर

**खटीमा :** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार राजीव गांधी नवोदय विद्यालय विधिक शिविर आयोजित कर बच्चों को जागरूक किया गया। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का उद्घाटन सिविल जज अमित भट्ट ने किया। उन्होंने बच्चों को नालसा (एसिड अटैक पीड़ितों के लिए विधिक कानूनी सेवा) योजना 2016 और पीड़ित महिला क्षतिपूर्ति योजना 2011 के बारे में बताया। शिविर में बच्चों को गुड टच, बैड टच, नशे के दुष्परिणाम, साइबर अपराध, बालक सुरक्षा और मानव तस्करी के बारे में विस्तार से बताया गया। पैनल अधिवक्ता शहाना बेगम, चंचल सिंह, इलियास सिद्दीकी, कमान सिंह धामी, अब्दुल माजिद, पीएलबी आरबी सिंह राणा, कमला गोस्वामी, मीरा देवी, आशा रानी, पिंकी राणा, माया देवी, गीता शर्मा, प्रीति राणा सहित शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे। इस मौके पर सिविल जज अमित भट्ट ने विद्यालय परिसर में पौधा भी लगाया।

# ग्रामीणों तक पहुंचाएं योजनाओं की जानकारी

- उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष ने की बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की प्रथम बोर्ड बैठक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम की अध्यक्षता में रुद्रपुर स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित हुई। इस दौरान आयोग की आगामी रणनीति और पांच वर्षों के कार्यकाल की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया।

उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने सभी सदस्यों से कहा वे मुख्यमंत्री द्वारा संचालित अल्पसंख्यक कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल अल्पसंख्यक वर्ग का ही नहीं, बल्कि समग्र समाज के विकास में भी सहभागिता करना है। इस दौरान आयोग के सदस्यों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सदस्य मो. तस्लीम, नफीस अहमद, गगनदीप सिंह बेदी, जगजीत सिंह जग्गा, येशी थेप्थून, शकील अहमद, आयोग के सचिव जेएस रावत, शमा प्रवीन ने प्रतिभाग किया।



सदस्यों के साथ बैठक करतीं उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम।

## बच्ची को टक्कर मारने का आरोपी साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त

**काशीपुर:** न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने 279, 304 (ए) आईपीसी के आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। श्यामपुरम निवासी नथिया देवी ने थाना आईटीआई में तहरीर देकर बताया कि 4 अक्टूबर 2016 को सुबह साढ़े नौ बजे वह अपनी पोती के साथ नहर किनारे साग सब्जी में पानी डालने गयी थी, जहां उसकी पोती सड़क किनारे पुलिया पर खड़ी थी। इतने में जीप के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सड़क के किनारे खड़ी उसकी पोती को टक्कर मार दी और वाहन चालक वाहन को लेकर भाग गया। जिसके बाद पोती पायल को लेकर सरकारी अस्पताल गये। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नथिया देवी ने पोती के अंतिम संस्कार के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना आईटीआई पुलिस ने जांच व अन्वेषण कर विनोद कुमार पुत्र स्व. डालचंद निवासी विन्ध्यावासनी कालोनी खड़कपुर देवीपुरा थाना आईटीआई के विरूद्ध आरोप पत्र 279, 304(ए) आईपीसी के अन्तर्गत न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता सूरज कुमार की बहस सुनी और अधिवक्ता सूरज कुमार की बहस से संतुष्ट होकर अदालत ने अभियुक्त विनोद कुमार को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

आस्था

रुद्रपुर में अल्प विश्राम के बाद 48 श्रद्धालुओं का दल टनकुपर के लिए हुआ रवाना

# कैलास मानसरोवर के दूसरे दल का भव्य स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कैलास मानसरोवर यात्रियों का दूसरा जत्था रुद्रपुर पहुंचा। जत्थे में 48 श्रद्धालु शामिल थे। इसमें 34 पुरुष और 14 महिला श्रद्धालु शामिल थे। जत्थे में दिल्ली की पूर्व सांसद मीनाक्षी भी शामिल रहीं। अल्प विश्राम के बाद श्रद्धालुओं का जत्था भोले बाबा के जयकारों के साथ टनकपुर के लिए रवाना हो गया।

जत्थे में सबसे अधिक गुजरात और कर्नाटक के 6-6 श्रद्धालु से शामिल थे। इसी तरह दिल्ली और राजस्थान से 5-5, महाराष्ट्, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से 4-4, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु से 3-3, मध्य प्रदेश, पंजाब और तेलगांना से 2-2 और आसाम व झारखंड से 1-1 श्रद्धालु शामिल रहा। जत्थे में सबसे अधिक उम्र के श्रद्धालु 70 वर्षीय गुजरात के हर्षवदन हरिप्रसाद मेहता रहे, जबकि सबसे कम उम्र के श्रद्धालु आंध्र प्रदेश के 28 वर्षीय चैतन्य कुमार इमाडिसेटी और किंजल गिरीशभाई हडवानी शामिल रहीं। भोले बाबा के दर्शन को श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर समाजसेवी रजनीश बत्रा समेत कई लोग मौजूद रहे।



रुद्रपुर में भोलेबाबा के जयकारे लगाते यात्रा दल में शामिल श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## एक नजर

### मौत के जिम्मेदार डंपर चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी

**सितारगंज** : विगत 5 जून 2025 को कोतवाली क्षेत्र के मखबारा फार्म हाईवे पर हुई एक सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत के मामले में मृतक छोटे लाल के पुत्र महिपाल निवासी ग्राम उतरसिया महौलिया, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली ने हादसे के जिम्मेदार डंपर चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी है।

पुलिस को सौंपी अपनी तहरीर में महिपाल का कहना है कि अपने पिता के अंतिम संस्कार व अन्य क्रियाकर्म में व्यस्त रहने के कारण वह घटना के तुरंत बाद रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सका। महिपाल ने 7 जुलाई को कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर मामले की गंभीरता से जांच कर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर चालक की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# दहेज उत्पीड़न को लेकर ली न्यायालय की शरण

- पीड़ित ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** झाउपरसा, थाना झनकईया जिला ऊधमसिंह नगर निवासी मनोज कुमार पुत्र लल्लन प्रसाद निवासी ने न्यायिक मजिस्ट्रेट सितारगंज की अदालत में धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल कर गौरीशंकर, मीरा, रामआशीष, दलसिगार, दीपक, पंकज और हीरा लाल समेत सात लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के भाई के अनुसार, उसकी बहन गुड्डी की शादी 25 अप्रैल 2024 को दीपनारायण से हुई थी, लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 28 मार्च 2025 की रात पीड़िता व उसके पति को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया, जिसके बाद जब पीड़ित अपनी बहन की मदद को गया तो उसे भी बुरी तरह पीटकर कमरे में बंद कर दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। किसी तरह छिपते हुए थाने पहुंचे पीड़ित की तहरीर तो पुलिस ने ले ली, लेकिन कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने 9 अप्रैल को एसएसपी मणिकांत मिश्रा को शिकायत दी, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे मजबूर होकर अब उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और पुलिस को आख्या तलब कर रिपोर्ट दर्ज कर विपक्षियों पर कानूनी कार्यवाही के आदेश देने की मांग की है। पीड़ित ने अपने व बहनोई की जान को खतरा बताया है।

### भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) और ईवीएकेड के मध्य एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

# स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्रों में कार्यक्रमों की होगी शुरुआत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) काशीपुर ने नागपुर स्थित पीमैनिफोल्ड ईवी अकादमी प्राइवेट लिमिटेड (ईवीएकेड) के साथ स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, कार्बन बाजार, हरित वित्त, पर्यावरणीय, सामाजिक एवं शासन (ईएसजी), परिपथीय अर्थव्यवस्था और सतत विकास के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिये एक औपचारिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह समझौता प्रोफेसर कुणाल गांगुली, अधिष्ठाता (विकास), आईआईएम और राहुल बगड़िया, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीमैनिफोल्ड ईवी अकादमी प्रा. लि. के मध्य 7 जुलाई 2025 को हस्ताक्षरित किया गया। इस सहयोग के तहत दोनों संस्थान नेट जीरो रणनीति एवं सतत नेतृत्व में कार्यकारी स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र कार्यक्रम का आरंभ करेंगे। यह कार्यक्रम मुख्यतः इंजीनियरिंग, ऊर्जा, तेल एवं गैस, विद्युत, परामर्श, कॉर्पोरेट वित्त, सततता एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में कार्यरत पेशेवरों के लिए है, जो सतत विकास एवं स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में नेतृत्व करना चाहते हैं। यह पाठ्यक्रम जलवायु प्रणाली, कार्बन मुक्त प्रौद्योगिकियां, नेट जीरो पथ, कार्बन बाजार, जलवायु वित्त पोषण और सतत व्यावसायिक मॉडल जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों को समाहित करता है, जो प्रतिभागियों को विश्लेषणात्मक, समन्वित प्रबंधन एवं नेतृत्व कौशल से सुसज्जित करेगा। इस मौके पर प्रोफेसर वैभव भामोरिया सहित संस्थान के अन्य प्रतिष्ठित प्राध्यापक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद दिखाते आईआईएम और ईवीएकेड के अधिकारी।

> आईआईएम काशीपुर का प्रयास है कि वह सतत व्यापार की दिशा में नवाचार करें एवं ऐसे पेशेवरों को प्रशिक्षित करें जो हमारे ग्रह के भविष्य के लिये निर्णायक परिवर्तन ला सकें। यह साझेदारी एवं कार्यक्रम उन प्रबंधकों एवं नेतृत्वकर्ताओं को मार्गदर्शन देगा, जो अपने संस्थानों के लिए नेट जीरो लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये प्रयासरत हैं। **- प्रोफेसर कुणाल गांगुली**, अधिष्ठाता (विकास), आईआईएम

> ईवीएकेड और पीमैनिफोल्ड में हमारा लक्ष्य जलवायु सुधार एवं सतत विकास के लिए नवाचारी एवं रूपांतरणकारी समाधान प्रस्तुत करना रहा है। यह साझेदारी भावी प्रबंधन नेताओं को वह मूल्य एवं ज्ञान प्रदान करेगी, जो उन्हें स्वच्छ ऊर्जा भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन करने में सक्षम बनाएगी। **-राहुल बगड़िया**, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पीमैनिफोल्ड ईवी अकादमी प्रा. लि.

# परिजनों ने थाने के सामने शव रख किया प्रदर्शन

### विश्वजीत सुसाइड का मामला, युवती के खिलाफ कार्रवाई की मांग, थानाध्यक्ष के आश्वासन के बाद माने लोग

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में 22 वर्षीय युवक विश्वजीत मलिक के सुसाइड प्रकरण में परिजनों व वार्डवासियों का गुस्सा फूट पड़ा उन्होंने पोस्टमार्टम के बाद शव को थाने के सामने रख विरोध प्रदर्शन किया।



विश्वजीत (फाइल फोटो)।

आक्रोशित लोगों ने युवती के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए पुलिस को तहरीर भी सौंपी। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद गुस्सा शांत हुआ।

बताते चलें कि वार्ड-सात विवेक नगर निवासी सुदेश मलिक राजमिस्त्री का काम करता है, जबकि उनका 22 वर्षीय बेटा दिल्ली में नौकरी करता था। वह रविवार को ही अपने घर आया था। बताया जा रहा है कि युवक का पड़ोस की एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था और मंगलवार की सुबह वह युवती से फोन से बातचीत कर रहा था। इस बीच युवती के परिवार के लोग आये और हंगामा काटते हुए युवक को बातचीत नहीं करने को लेकर धमकी देने लगे। जिसके बाद दोपहर के वक्त विश्वजीत ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाम 4 बजे जैसे ही पोस्टमार्टम हुआ और शव को एंबुलेंस में रखकर ट्रांजिट कैंप में प्रवेश किया तो परिवार के साथ ही लोगों की भीड़ ने थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका कहना था कि युवती के कारण युवक ने सुसाइड किया है। ऐसे में युवती व परिवार के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय, दरोगा अकरम अहमद भी पुलिस बल के साथ बाहर निकले और भीड़ को समझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर करने का आश्वासन दिया। बुधवार को दोनों पक्षों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया है। जिसके बाद मामला शांत हुआ।





विश्वजीत मलिक आत्महत्या के बाद रुद्रपुर में थाने का घेराव करते आक्रोशित लोग। ● अमृत विचार

> विश्वजीत द्वारा सुसाइड किए जाने का मामला सामने आया था। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भी करवा दिया। मामला एक नाबालिग किशोरी का था। जिससे युवक अक्सर फोन पर वार्ता करता रहता था। इसी बात को लेकर परिवार ने डांट दिया था। मृतक के परिवार व युवती पक्ष को वार्ता के लिए बुलाया गया है। दोनों पक्षों से वार्ता के बाद कोई निर्णय नहीं निकलता है तो पुलिस प्रकरण की जांच करेगी और आगे की कार्रवाई करेगी। –मोहन चंद्र पांडेय, थाना प्रभारी, ट्रांजिट कैंप



प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

## साले ने जीजा पर किया हमला, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुरः** आवास विकास चौकी इलाके में साले द्वारा साथियों के साथ मिलकर जीजा पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। जिसमें एक युवक चोटिल भी हो गया। आरोप था कि अभियुक्त बदमाशी दिखाते हुए अलमारी की चाबियां मांग रहा था, जबकि शिकायतकर्ता की मां का देहांत हुआ था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी मनोज कुमार ने बताया कि 5 जुलाई को उसकी माता का देहांत हो गया था और घर पर रिश्तेदार आए हुए थे। 7 जुलाई को घर पर संस्कार कार्यक्रम चल रहा था। तभी दोपहर के वक्त मुरादाबाद निवासी उसका साला पारस अपने कुछ साथियों, माता व मौसी के साथ से आया और आते ही धमकाना शुरू कर दिया। जब उसने मातम वाला घर होने की बात कही तो अभियुक्त साले ने अपने साथियों के साथ गाड़ी में रखी लोहे की राड व धारदार हथियार निकाल लिए और धमकाते हुए बोला कि जल्द ही अलमारियों की चाबियां दो और उसमें रखा सारा सोना-जेवरात जल्द ही बहन के हवाले कर दो। वरना अंजाम बुरा होगा। जब उसके जीजा हरविंदर कुमार जुनेजा ने बीच बचाव की कोशिश की तो हमलावरों ने हमला कर दिया। जिसमें हरविंदर चोटिल भी हो गया।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पुलिस ने ली जानकारी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। परिजन बिना कोई पुलिस कार्रवाई के शव लेकर घर चले गए। वहीं बाद में जानकारी होने पर घर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। व्यक्ति के विद्युत करंट की चपेट में आने की बात कही जा रही है।

ग्राम लखनपुर निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह की सोमवार की देर रात करीब 11 बजे अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन सरकारी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन बिना कोई कानूनी कार्रवाई एवं लिखा-पढ़ी के शव लेकर अपने घर चले गए। वहीं घटना की जानकारी होने पर मंगलवार की सुबह एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंच गए और घर के अंदर रखे शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों से आवश्यक जानकारी हासिल की। पुलिस के अनुसार परिजनों से पूछताछ में प्रथम दृटया यह बात सामने आई है कि धर्मेंद्र शराब के नशे में था और इन्वर्टर से करंट लग गया जिससे वह घर में ही गिर गया था। परिजन उसे सरकारी अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार 6 जुलाई को उसे सांप ने भी काट लिया था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा।

### शांतिपुरी रेलवे ट्रैक पर मिला अधेड़ का शव

**रुद्रपुर/शांतिपुरी** : थाना पंतनगर के शांतिपुरी रेलवे पटरी किनारे एक अधेड़ का शव मिलने की घटना सामने आई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पड़ताल में संभावना है कि अधेड़ ट्रेन की चपेट में आया होगा। बावजूद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार की सुबह थाना पंतनगर पुलिस को सूचना मिलते ही शांतिपुरी रेलवे बैरियर से कुछ ही दूरी पर रेलवे पटरी किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर दरोगा हेम सिंह हरडिया घटनास्थल पहुंचे तो पाया कि मृतक की आयु 50 वर्ष के करीब है। तेज टक्कर के कारण अधेड़ छिटक कर दूर जा गिरा। माना जा रहा है कि अधेड़ या तो पटरी पार करते वक्त या ट्रेन से गिरा होगा। जिसके बाद अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई।

# प्रस्तावकों ने अपने अपहरण से किया इंकार

- ब्लॉक प्रमुख पति पर लगा था प्रस्तावकों के अपहरण का आरोप
- प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी के पति ने पुलिस में सौंपी थी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सोमवार की देर रात्रि निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख के पति पर साथियों के साथ प्रतिद्वंद्वी के दो प्रस्तावकों का अपहरण किए जाने का मामला सामने आया था। सुबह होते ही दोनों ही प्रस्तावकों ने अपहरण की घटना से इंकार दिया है, जबकि बीडीसी प्रत्याशी के पति ने अपहरण की तहरीर सौंपी थी। अपहरण की घटना से इंकार होने के बाद मामला राजनीतिक मोड़ लेने लगा है।

बताते चलें कि शिमला पिस्तौर निवासी राकेश यादव ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पत्नी पूजा यादव ने बीडीसी का नामांकन दाखिल किया है। जिसके प्रस्तावक अमित और दीपेश हैं। बताया कि इस सीट पर निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख के पति विपिन जल्होत्रा भी चुनाव लड़ रहे हैं। आरोप था कि सोमवार की रात्रि एक बजे प्रत्याशी अपने साथियों के साथ कार्यालय पर आता है। बदमाशों के बल पर दोनों ही प्रस्तावकों का अपहरण कर ले जाता है।

प्रत्याशी पद सुरेश यादव की तहरीर आते ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई और मंगलवार की सुबह अपहरण की घटना में नया मोड़ आया है। जहां खुद ही प्रस्तावक अमित और दीपेश ने अपहरण की घटना से इंकार कर दिया और ब्लॉक प्रमुख पति पर लगाए आरोपों को निराधार बताया। उनका कहना था कि देर रात होने के कारण उनके अभिभावकों के कहने पर ही बीडीसी प्रत्याशी ने अपने दोस्तों को बुलाने के लिए भेजा था। वह रात को ही अपने-अपने घर जाकर सो गए। सुबह होने पर अपहरण की सूचना से हैरानी भी हुई। प्रस्तावकों के इनकार के बाद बीडीसी प्रत्याशी ने राहत की सांस ली।

> सोमवार की देर रात्रि अमित व दीपेश के परिवार के लोगों का फोन आया कि दोनों प्रस्तावक अभी तक घर नहीं पहुंचे है। जब कार्यालय जाकर देखा तो प्रस्तावक रात्रि एक बजे कार्यालय में मिले। दोनों को साथ ले जाने की कोशिश की और थोड़ी देर बाद अभिभावक भी वहां पहुंचे और अपने साथ ले गए। प्रत्याशी पति राकेश यादव ने झूठी अफवाह फैलाई और तहरीर देकर भ्रामक प्रचार भी किया, जबकि सत्यता है कि उन्होंने ही प्रस्तावकों को बंधक बनाकर रखा था। **–विपिन जल्होत्रा**, निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख पति

# थल, पिथौरागढ़ के भूपेंद्र का निकला टांडा जंगल में मिला शव

- हत्या कर टांडा जंगल में फेंक दिया था शव
- युवक दिल्ली में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट के यहां करता था काम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सोमवार की दोपहर को थाना पंतनगर इलाके के टांडा जंगल में मिला अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त पिथौरागढ़ के भूपेंद्र सिंह चुफाल के रूप में हुई है। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर बहन के सुपुर्द कर दिया है। मृतक का शिनाख्त होना पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। कारण अब पुलिस को बेहतर लीड भी मिल गई है।

बताते चलें कि सोमवार की दोपहर को रुद्रपुर-हल्द्वानी हाईवे के टांडा जंगल स्थित डिमरी ब्लॉक-19 के बाईं तरफ हाईवे से 200 मीटर दूर एक युवक का शव चादर से ढका हुआ बरामद हुआ था। प्रारंभिक पड़ताल में ही पुलिस ने घटना को हत्याकांड मान लिया था। कारण मृतक की आंख के नीचे चोट के निशान और गले पर रस्सी का निशान बना हुआ था। युवक की गला दबाकर मौत होने की पुष्टि पुलिस भी कर चुकी थी, लेकिन मृतक की शिनाख्त करना थाना पंतनगर पुलिस के लिए चुनौती थी।

जिसको लेकर पुलिस ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और कुमाऊं के सभी थाना-चौकी के अलावा सोशल मीडिया पर मृतक की फोटो वायरल कर दी। जब फोटो को मृतक की बहन हेमा रौतेला ने देखा तो उसने फौरन थाना पंतनगर पुलिस से संपर्क किया और मंगलवार की सुबह पोस्टमार्टम आकर युवक की शिनाख्त अपने भाई 28 वर्षीय भूपेंद्र सिंह चुफाल निवासी मूर्ति नापड़ थाना थल, पिथौरागढ़ के रूप में की। बताया कि उसका भाई एक माह से दिल्ली स्थित रिटायर्ड लेफ्टिनेंट के घर पर काम करता था। वह 6 जुलाई को पैतृक घर के लिए निकला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को बहन के सुपुर्द कर दिया।



भूपेंद्र (फाइल फोटो)।

### दिल्ली से काठगोदाम उतरा था भूपेंद्र

**रुद्रपुर** : भूपेंद्र हत्याकांड प्रकरण में मृतक की बहन हेमा रौतेला ने पुलिस को बताया कि उसका भाई शनिवार की शाम को दिल्ली-काठगोदाम ट्रेन से निकला था। रविवार की सुबह हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पहुंचा। उसी वक्त भाई से फोन पर वार्ता की और उसके बाद से ही फोन स्वीच आने लगा, लेकिन इस बात का इल्म नहीं था कि भाई की गला दबाकर हत्या कर दी होगी।

### सिंगापुर के सिक्के मिलने की बात आई सामने

**रुद्रपुर** : टांडा जंगल में मिले भूपेंद्र सिंह चुफाल के शव को डबल बेड की चादर से ढका गया था। मृतक की जेब से सिंगापुर के 10, 20 और 50 के सिक्के भी मिलने की बात सामने आई है। साथ ही मिल्टन का थर्मस, दो जोड़ी मोजे भी घटनास्थल से बरामद हुए थे। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आखिर क्या हल्द्वानी में भूपेंद्र को परिचित मिला था। क्या हल्द्वानी में रात्रि में ही हत्याकांड को अंजाम दिया गया। ऐसे कई सवाल हैं जिनका जवाब पुलिस ढूंढ रही है।



> भूपेंद्र हत्याकांड में थाना पंतनगर ने युवक की शिनाख्त कर ली है। साथ ही प्रारंभिक पड़ताल में कई अहम सुराग भी हाथ लगे हैं। मृतक की शिनाख्त भूपेंद्र की बहन ने की है। हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी और पुलिस की दो टीमें बनाई गई है। जल्द ही हत्याकांड का पर्दाफाश किया जाएगा। **–मणिकांत मिश्रा**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

गुहार

### उद्यमियों ने समस्याओं के समाधान को लेकर महापौर दीपक बाली से की मुलाकात, मिला समाधान का आश्वासन

# औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण की मांग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने महापौर दीपक बाली से रामनगर रोड पर बन रहे ओवर ब्रिज की धीमी गति को तेज कराने व महुआखेड़ा गंज स्थित औद्योगिक क्षेत्र में विकसित औद्योगिक आस्थानों के क्षेत्र में सड़कें, नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था कराए जाने की मांग की।

मंगलवार को केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने चेंबर के पूर्व अध्यक्ष एवं उद्यमी विकास जिंदल, मुनेश बंसल, अभिलाष कमानी, आलोक गोयल, अभिषेक जिंदल, अंशुल जिंदल, राकेश अग्रवाल अनुराग अग्रवाल संजय अग्रवाल, विनीत सिंघल आदि के साथ महापौर दीपक बाली से उनके कार्यालय में भेट की। उन्होंने महापौर को ज्ञापन सौंप बताया कि काशीपुर में रामनगर रोड पर बन रहे ओवर ब्रिज की निर्माण की धीमी गति से अवगत कराया। जिससे रामनगर रोड पर उद्योगों में जाने वाले लोगों एवं वाहनों और कॉर्बेट पार्क जाने वाले पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्विस रोड बड़ी तंग है जहां अक्सर जाम लगा रहता है और अनन्या होटल के पास तो सर्विस रोड बहुत छोटी होने के कारण दुर्घटनाओं का भी डर बना रहता है। जिससे आवागमन में लगातार भारी दिक्कत बनी हुई है। महुआखेड़ागंज में बने औद्योगिक क्षेत्र में सड़कें व नालियां न होने से बरसात के दिनों में भारी समस्या उत्पन्न होती है। स्ट्रीट लाइटें न होने से उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों को आवागमन में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। महापौर दीपक बाली ने कहा कि वह अपने स्तर से समस्याओं का समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे। वहां पर महुआखेड़ा गंज के अध्यक्ष रिजवान अहमद और अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार भी मौजूद थे।



काशीपुर में मंगलवार को महापौर दीपक बाली से मुलाकात करते उद्यमी। ● अमृत विचार

# 200 ग्राम स्मैक के साथ 7 दबोचे

- किच्छा, सितारगंज व जसपुर में चलाया अभियान
- बरामद स्मैक की कीमत बताई जा रही है 60 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** एसएसपी के आदेश पर जनपद पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाते हुए लाखों रुपये की स्मैक के साथ ही सात सौदागर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत लाखों में आंकी गई है।

मंगलवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि सोमवार को जनपद पुलिस को मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ के आदेश दिए गए थे। जिसके चलते जनपद पुलिस ने 200 ग्राम स्मैक के साथ सात तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत 60 लाख रुपये आंकी गई है। एसएसपी ने बताया कि जसपुर पुलिस ने 10.70 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्त, किच्छा पुलिस ने 6.70 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इसी तरह सितारगंज पुलिस ने 8.39 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त और एसटीएफ एवं किच्छा पुलिस की संयुक्त टीम ने 172 ग्राम स्मैक और एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत 60 लाख रुपये आंकी है और 200 ग्राम स्मैक भी बरामद हुई है। एसएसपी ने बताया कि नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की मुहिम प्रारंभ रहेगी।



पुलिस हिरासत में स्मैक के तीन सौदागर। ● अमृत विचार

भावमिच्छति सर्वस्य नाभावे कुरुते मनः।
सत्यवादी मृदुर्दान्तो यः स उत्तमपूरुषः॥

जो पुरुष सबका भला चाहता है, किसी को कष्ट में नहीं देखना चाहता, जो सदा सच बोलता है, जो मन का कोमल है और जितेंद्रिय भी, उसे उत्तम पुरुष कहा जाता है।

## संपादकीय

# डिजिटल इंडिया पहल

किसी सरकारी अभियान की प्रभावशीलता का प्रमाण सार्वजनिक जीवन को बदलने की उसकी क्षमता में निहित है। कहना होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान, जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी का उपयोग करके हर भारतीय का जीवन आसान बनाना है, ने देश भर में मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया है। मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार लगभग हर गांव तक हो गया है। अभियान ने एक दशक पूरा कर लिया है। डिजिटल इंडिया न केवल प्रौद्योगिकी को लोगों के करीब लाया है, बल्कि इसने लोगों को अवसर भी प्रदान किए हैं। यह डिजिटल परिदृश्य पर विशाल कदम उठाने के लिए प्रेरित करने का एक प्रयास है। साथ ही यह समय अभियान की बाधाओं का जायजा लेने का भी है। डिजिटल इंडिया ने एक दशक में शासन को ज्यादा पारदर्शी बनाया है, और विकास व नवाचार के लिए नए रास्ते खोले हैं। डिजिटल माध्यम से भुगतान करने के आंकड़े का रिकॉर्ड, इंटरनेट के तेज़ी से विस्तार और एआई व सेमीकंडक्टर में अग्रणी पहलों के साथ, भारत ने एक ऐसा डिजिटल इकोसिस्टम बनाया है जो समावेशी, स्केलेबल और भविष्योन्मुखी है। अप्रैल 2025 में 24.77 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 1,867.7 करोड़ से अधिक यूपीआई लेन-देन किए गए। यूपीआई अब सात से अधिक देशों में उपयोग किया जा रहा है, जिससे वैश्विक स्तर पर डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है।

इंटरनेट की पहुंच भी बढ़ी है, जो 2014 में 250 मिलियन से बढ़कर दो साल पहले 970 मिलियन से अधिक हो गई। स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरण - टेलीमेडिसिन-डिजिटल माध्यमों से सार्वजनिक सेवाओं की उपलब्धता, डिजिटल साक्षरता और ई-गवर्नेंस का विस्तार, अन्य परिवर्तनों के अलावा, भारत के डिजिटल वितरण तंत्र के मूल में बने हुए हैं। डिजिटल सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता के मामले में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक ग्रामीण-शहरी विभाजन है। बढ़ती डिजिटल छाप ने साइबर अपराध और अन्य धोखाधड़ी गतिविधियों जैसी चुनौतियों को भी जन्म दिया है। एक अनुमान के अनुसार, भारत वैश्विक साइबर हमलों में दूसरा सबसे अधिक लक्षित देश था, जहां पिछले साल 95 भारतीय संस्थाओं को डेटा चोरी के हमलों का सामना करना पड़ा। ऐसे खतरों के बारे में लोगों की कम जागरूकता चुनौती को और बढ़ा देती है। चिंता का दूसरा क्षेत्र डेटा गोपनीयता है। फिर भी देश विकसित भारत के विजन के तहत आगे बढ़ रहा है। अगला दशक न केवल तीव्र विकास वाला होगा, बल्कि बड़े परिवर्तन वाला भी साबित होने वाला है और प्रौद्योगिकी एक मज़बूत, स्मार्ट और अधिक आत्मनिर्भर भारत की आधार बनेगी।

# शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन बड़ी चुनौती



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> शहरीकरण आधुनिकता की हकीकत है और पलायन इसका मूल, लेकिन नियोजित शहरीकरण ही विकास का पैमाना है। गांवों का कस्बा बनना, कस्बों का शहर और शहर का महानगर बनने की प्रक्रिया तेज हुई है। विडंबना है कि हर स्तर पर शहरीकरण की एक ही गति-मति रही, पहले आबादी बढ़ी, फिर खेत में अनाधिकृत कालोनी काट कर या किसी सार्वजनिक पार्क या पहाड़ पर कब्जा कर अधकच्चे, उजड़े से मकान खड़े हुए।

पिछले एक दशक में 25 हजार करोड़ बस इस बात के लिए खर्च किए गए कि देश के प्रगति के प्रतिमान कहलाने वाले शहर बरसात में दरिया न बन जाएं। लेकिन हालत बदले नहीं। मौसम की बरसात के शुरुआत में ही दरिया बन गए और जो समाज कुछ दिनों पहले तक नालों में पानी की एक एक बंद के त्राहि त्राहि कर रहा था, अपने गली-मुहल्लों में गर्दन तक पानी में डूब गया। कोई भी नाम लें, दिल्ली या खुर्जा, पलवल या चंडीगढ़, नागपूर या भोपाल, कानपुर या पटना, बंगलूरू या हैदराबाद या चेन्नई, जो चौड़ी सड़कें या फ्लाई ओवर यातायात को फर्राटे से निकालने के लिए बने हैं वहां मीलों तक वाहनों का जाम हो जाता है। यह रोग अब महानगरों में ही नहीं जिला स्तर के नगरों में भी आम है। चूंकि बरसात के दिन कम हो रहे हैं, सो लोग इसे अस्थाई दिक्कत मान कर बिसरा देते। लेकिन जान लें कि अब हमारा देश भी शहरीकरण की ओर अग्रसर है उसके चलते जल्द ही जलभराव गंभीर समस्या का रूप ले लेगा।

पिछले साल बजट सत्र के आखिरी दिनों में यह बात संसद में स्वीकार की गई थी कि केंद्र सरकार बारिश के पानी की निकासी के लिए शहरों पर बीते 10 वर्षों में 25 हजार करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। इसके बावजूद हर बारिश के दौरान शहरों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जाते हैं और पानी उतरने में घंटों लगते हैं। दुखद है कि देश वे 100 शहर जिन्हें स्मार्ट सिटी घोषित कर दिया गया, पहले से अधिक डूब रहे हैं। सरकार कहती है जुलाई 2024 तक, 100 शहरों ने स्मार्ट सिटी मिशन के हिस्से के रूप में 1,44,237 करोड़ रुपये की राशि की 7,188 परियोजनाएं (कुल प्रोजेक्ट का 90 प्रतिशत) पूरी कर ली हैं। 19,926 करोड़ रुपये की राशि की शेष 830 परियोजनाएं भी पूरा होने के अंतिम चरण में हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत देश के 35 शहरों में बाढ़ की समस्या के निपटने के लिए 1,005 करोड़ रुपए के 87 प्रोजेक्ट बनाए गए। इतना ही नहीं, 100 स्मार्ट सिटी में से 97 शहरों में स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज में सुधार के लिए



603 प्रोजेक्ट बनाकर 21,182 करोड़ रुपए खर्च हुए। इनमें सूरत में 200 करोड़ रुपए, लखनऊ में 197 करोड़ रुपए, चेन्नई में 117 करोड़ रुपए, फरीदाबाद में 38 करोड़ रुपए, कोच्चि में 30 करोड़ रुपए, जबलपुर में 58 करोड़ रुपए, चंडीगढ़ में 14 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। खाने की जरूरत नहीं कि ये सभी शहर बरसात में जलभराव के कारण ठप्प हुए।

शहरीकरण आधुनिकता की हकीकत है और पलायन इसका मूल, लेकिन नियोजित शहरीकरण ही विकास का पैमाना है। गांवों का कस्बा बनना, कस्बों का शहर और शहर का महानगर बनने की प्रक्रिया तेज हुई है। विडंबना है कि हर स्तर पर शहरीकरण की एक ही गति-मति रही, पहले आबादी बढ़ी, फिर खेत में अनाधिकृत कालोनी काट कर या किसी सार्वजनिक पार्क या पहाड़ पर कब्जा कर अधकच्चे, उजड़े से मकान खड़े हुए। कई दशकों तक ना तो नालियां बनीं या सड़क और धीरे-धीरे इलाका 'अरबन-स्लम' में बदल गया। गौर करने लायक बात यह भी है कि साल में ज्यादा से ज्यादा 25 दिन बरसात के कारण बेहाल हो जाने वाले ये शहरी क्षेत्र पूरे साल में आठ से दस महीने पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसते हैं। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना का एक शोध बताता कि नदियों के किनारे बसे लगभग सभी शहर अब थोड़ी सी बरसात में ही दम तोड़ देते हैं। दिक्क्त अकेले बाढ़ की ही नहीं है, इन शहरों की दुरमट मिट्टी में पानी सोखने की क्षमता अच्छी नहीं होती है। शहरों में अब गलियों में भी सीमेंट पोत कर आरसीसी सड़कें बनाने का चलन बढ़ गया है और औसतन बीस फीसदी जगह ही कच्ची बची है, सो पानी सोखने की प्रक्रिया नदी-तट के करीब की जमीन में तेजी से होती है।

शहरों में बाढ़ का सबसे बड़ा कारण तो यहां के प्राकृतिक नदी-नालों, तालाब-जोहड़ों और उन तक पानी लाने वाले मार्ग पर अवैध कब्जे, भूमिगत सीवरों की ठीक से सफाई ना होना है। लेकिन इससे बड़ा कारण है हर शहर में हर दिन बढ़ते कूड़े का भंडार व उसके निबटान की माकूल व्यवस्था ना होना। जाहिर है कि बरसात होने पर यही कूड़ा पानी को नाली तक जाने या फिर सीवर के मुंह को बंद करता है। महानगरों में भूमिगत सीवर जल भराव का सबसे बड़ा कारण हैं। जब हम भूमिगत सीवर के लायक संस्कार नहीं सीख पा रहे हैं तो फिर खुले नालों से अपना काम क्यों नहीं चला पा रहे हैं?

एक बात और बंगलूरू या हैदराबाद या दिल्ली में जिन इलाकों में पानी भरता है यदि वहां की कुछ दशक पुरानी जमीनी संरचना का रिकार्ड उठा कर देखें तो पाएंगे कि वहां पर कभी कोई तालाब, जोहड़ या प्राकृतिक नाला था। अब पानी के प्राकृतिक बहाव के स्थान पर सड़क या कालोनी रोपी गई है तो पानी भी तो धरती पर अपने हक की जमीन चाहता है? ना मिलने पर वह अपने पुराने स्थानों की ओर रूख करता है। मुंबई में मीठी नदी के उथले होने और सीवर की 50 साल पुरानी सीवर व्यवस्था के जर्जर होने के कारण बाढ़ के हालात बनना सरकारें स्वीकार करती रही है। बंगलूरु में पारंपरिक तालाबों के मूल स्वरूप में अवांछित छेड़छाड़ को बाढ़ का कारक माना जाता है। शहरों में बाढ़ रोकने के लिए सबसे पहला काम तो वहां के पारंपरिक जल स्रोतों में पानी की आवक और निकासी के पुराने रास्तों में बन गए स्थाई निर्माणों को हटाने का करना होगा । यदि किसी पहाड़ी से पानी नीचे बह कर आ रहा है तो उसका संकलन किसी तालाब में ही होगा। विडंबना है कि ऐसे जोहड़-तालाब कंक्रीट की नदियों में खो गए हैं। परिणामतः थोड़ी ही बारिश में पानी कहीं बहने को बहकने लगता है।

शहरीकरण व वहां बाढ़ की दिक्कतों पर विचार करते समय जलवायु परिवर्तन की त्रासदी पर भी गौर करना होगा। इस बात के लिए हमें तैयार रहना होगा कि वातावरण में बढ़ रहे कार्बन और ग्रीन हाउस गैस प्रभावों के कारण ऋतुओं का चक्र गड़बड़ा रहा है और इसकी की दुखद परिणति है-मौसमों का चरम। गरमी में भयंकर गर्मी तो ठंड के दिनों में कभी बेतहाशा जाड़ा तो कभी गरमी का अहसास। बरसात में कभी सुखाड़ तो कभी अचनाक आठ से दस सेमी पानी बरस जाना।

महानगरों में बाढ़ का मतलब है परिवहन और लोगों का आवागमन ठप होना। इस जाम के ईंधन की बर्बादी, प्रदूशण स्तर में वृद्धि और मानवीय स्वभाव में उग्रता जैसे कई दीर्घगामी दुष्परिणाम होते हैं। इसका स्थाई निदान तलाशने के विपरीत जब कहीं शहरों में बाढ़ आती है तो सरकार का पहला और अंतिम कदम राहत कार्य लगाना होता है, जोकि तात्कालिक सहानुभूतिदायक तो होता है, लेकिन बाढ़ के कारणों पर स्थाई रूप से रोक लगाने में अक्षम होता है। जल भराव और बाढ़ मानवजन्य समस्याएं हैं और इसका निदान दूरगामी योजनाओं से संभव है, यह बात शहरी नियोजनकर्ताओं को भलींभांति जान लेना चाहिए और इसी सिद्धांत पर भविष्य की योजनाएं बनाना चाहिए।

शहर को डूबने से बचाना है तो कूड़ा कम करने, पॉलीथिन पर पाबंदी, सीवरों की ईमानदारी से नियमित सफाई जरूरी है। शहरों में अधिक से अधिक खाली जगह यानि कच्ची जमीन हो, ढेर सारे पेड़ हों। जलभराव वाली जगहों भूजल रिचार्ज के प्रयास हों। प्राकृतिक जलाशयों, नदियों को उनके मूल स्वरूप में रखने तथा उसके जलग्रहण क्षेत्र को किसी भी किस्म में निर्माण ना हों।

## प्रसंगवश

# सड़क हादसों पर गंभीर चर्चा जरूरी



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस बात को स्वीकार किया है कि देश में हर साल पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिसमें 1.5 लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है। एसोसिएशन ऑफ कंसल्टिंग सिविल इंजीनियर्स के कार्यक्रम में उन्होंने ब्लाइंड स्पॉट में सुधार पर जोर देते हुए कहा कि डीपीआर तैयार करने में गुणात्मक बदलाव लाने की जरूरत है। इसके अलावा खराब इंजीनियरिंग पर ध्यान देने की जरूरत है, जिस पर अमूमन ध्यान नहीं दिया जाता या बहुत कम दिया जाता है। गडकरी की यह बात इस ओर इशारा है कि हमें सड़क हादसों पर दुर्घटना के बाद भी बात करने की जरूरत है, जो कि होती नहीं है। हमें इस पर विस्तार से चर्चा करनी होगी।

असल में जब भी कोई सड़क हादसा होता है, तो हम कितने मरे और कितने घायल की जानकारी देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ लेते हैं। तेज गति और गलत तरीके से वाहन चलाने को सड़क हादसे का जिम्मेदार बताकर बाकी सभी कामों की इतिश्री कर ली जाती है। कभी भी सड़क हादसे के त्वरित कारणों के अलावा विस्तार से चर्चा नहीं होती?

सड़क हादसों पर जहां एक ओर मीडिया की रिपोर्टिंग सीमित है, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली भी हादसे के बाद वाहन का चालान काटने और दुर्घटना होने पर उसे सीज करने तक ही काम करती है। हादसे की विस्तृत रिपोर्टिंग और जांच तक किसी का ध्यान नहीं जाता। हमारे देश में बिचौलियों को पैसे देकर ड्राइविंग लाइसेंस बन जाता है, जबकि विदेशों में लाइसेंस के लिए बहुत कठोर टेस्ट देना पड़ता है। जापान में कार खरीदने से पहले पार्किंग की जगह होने का सर्टिफिकेट देना जरूरी है, लेकिन भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि हर साल बड़ी संख्या में होने वाले सड़क हादसों के प्रमुख कारण खराब सड़कें और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता की कमी है। इसके अलावा, सही समय पर घायलों को अस्पताल नहीं पहुंचा पाना भी मौत के आंकड़े में बढ़ोतरी का बड़ा कारण है। विशेषज्ञ कहते हैं कि सरकारी प्रयासों के धरातल पर परिणाम नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता के प्रयासों में तेजी लाने की दरकार है। हालांकि विशेषज्ञों की सलाह पर बहुत गंभीरता से काम किया गया हो, ऐसा कभी देखने में नहीं आया है। अगर उनकी सलाह पर काम होता, तो सड़क हादसों में निश्चित तौर पर कमी आती। लोगों की लापरवाही पर तो फिर भी चर्चा हो जाती है, लेकिन सड़कों की खराब डीपीआर और खराब इंजीनियरिंग पर तो कभी चर्चा ही नहीं होती। इस पर गंभीरता से बातचीत करना समय की दरकार है।

सड़क हादसों की सबसे बड़ी वजह यह भी है कि ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन न होना और आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस मिलना। वहीं नशे की आदत इतनी बढ़ चुकी है कि कई बार गाड़ियों की भीड़ के कारण नहीं, बल्कि चालक की होश में ना होने की स्थिति के कारण हादसा हो जाता है। कुछ गाड़ी चलाने वालों में अधीरता इतनी होती है कि वे दूसरों से पहले निकलने की जल्दी में टक्कर मारते हुए निकल जाते हैं। कहीं-कहीं पर रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाते हैं, लेकिन उनके बनाने का कोई मानक नहीं होता है। कई बार जहां पर आवश्यकता होती है, वहां पर नहीं बनते और अनावश्यक जगहों पर मानक हीन स्पीड ब्रेकर बना दिए जाते हैं, इसलिए ऐसे स्पीड ब्रेकर दुर्घटनाओं का कारण बन जाते हैं। इन सभी वजहों पर चर्चा होना आवश्यक है, लेकिन उम्मीदों के अनुरूप होती नहीं है।

सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए उन पर विस्तार से बात करने की जरूरत है। उनके कारणों का हमें गंभीरता से पता लगाना होगा। हादसे में एक व्यक्ति का खत्म होना केवल उस आदमी का जाना नहीं होता, बल्कि एक परिवार का बिखर जाना होता है। हमें इन बिखरे परिवारों को संभालने के लिए और उन तक हर संभव सरकारी और निजी सहायता पहुंचाने के लिए प्रयास करना होगा। यह तभी संभव है, जब सड़क हादसा होने के बाद भी विस्तार से चर्चा की जाए और हमें ऐसा करना ही होगा।

# विमानन क्षेत्र में समीक्षा-सुधार की दरकार



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

> जब विश्व की अग्रणी विमान निर्माता कंपनी के विमान बार-बार तकनीकी खामियों का शिकार हो रहे हों, तो यात्रियों की सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लग जाता है।

हाल ही में अहमदाबाद हवाई अड्डे पर बोइंग विमान से जुड़ी एक घटना ने वैश्विक विमानन उद्योग, विशेषकर बोइंग की विश्वसनीयता पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना न केवल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि तकनीकी दिग्गज बोइंग के विमान लगातार दुर्घटनाओं के घेरे में क्यों आते जा रहे हैं। बोइंग विमान को लेकर उठ रहे प्रश्न केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह संपूर्ण विमानन प्रणाली, उसकी निगरानी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करते हैं। अहमदाबाद जैसी घटनाएं यह बताती हैं कि अब केवल ब्रांड पर भरोसा करने का समय नहीं रहा।

हाल ही के वर्षों में बोइंग विमानों से जुड़ी कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। अकेले 2018 से 2025 के बीच बोइंग विमानों की दुर्घटनाओं में लगभग 9000 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें से कई मामलों में तकनीकी खामियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। अमेरिका, इंडोनेशिया, इथियोपिया सहित कई देशों में बोइंग 737 मैक्स विमान दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। इन हादसों में सैकड़ों लोगों की जान गई और इन विमानों को कई देशों में अस्थाई रूप से उड़ानों से हटा दिया गया। 2024-2025 में भी बोइंग के विमानों में दरवाजे उखड़ने, फ्यूल लीक, एयर प्रेशर फेल होने जैसी घटनाएं सामने आईं।

जब विश्व की अग्रणी विमान निर्माता कंपनी के विमान बार-बार तकनीकी खामियों का शिकार हो रहे हों, तो यात्रियों की सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लग जाता है। बार-बार की दुर्घटनाएं दर्शाती हैं कि या तो मैन्युफैक्चरिंग में चूक है या गुणवत्ता नियंत्रण में लापरवाही। बोइंग जैसी कंपनी से यह अपेक्षित नहीं है। संघीय विमानन प्रशासन और अन्य अंतर्राष्ट्रीय विमानन निगरानी संस्थाओं की भूमिका भी सवालों के घेरे में आती है कि उन्होंने ऐसे विमानों को उड़ान की अनुमति कैसे दी? बोइंग पर यह भी आरोप लगे हैं कि उसने प्रतिस्पर्धा में एयरबस से आगे निकलने के प्रयास में सुरक्षा के मानकों की अनदेखी की।

कंपनी के विमानों की छवि हाल के वर्षों में गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। अमेरिका की विमान निर्माता कंपनी बोइंग विश्व की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनियों में से एक है, लेकिन हाल ही में आधुनिक तकनीक और वैश्विक हवाई यात्रा में क्रांति लाने वाले बोइंग विमानों से जुड़ी दुर्घटनाओं में अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने न केवल यात्रियों की सुरक्षा पर प्रश्न खड़े किए हैं, बल्कि विमानन उद्योग की कार्यप्रणाली पर भी संदेह उत्पन्न किया है। आज जब हवाई यात्रा आम नागरिक की दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी है, ऐसे में बोइंग विमानों से जुड़ी दुर्घटनाएं केवल तकनीकी मुद्दा नहीं रह जातीं, बल्कि यह जन-जीवन, वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और यात्रियों के अधिकारों से जुड़ा एक अत्यंत प्रासंगिक विषय बन जाता है।

भारत जैसे देश में अहमदाबाद की घटना एक चेतावनी के रूप में सामने आई है। यदि ऐसे विमान भारतीय हवाई क्षेत्र में नियमित रूप से उड़ान भरते हैं, तो यात्रियों की जान के साथ बड़ा जोखिम हो सकता है। भारत सरकार, नागरिक विमानन महानिदेशालय और एयरलाइंस को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। बोइंग जैसे अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड की पहचान केवल उसके विमानों की संख्या या तकनीकी नवाचार से नहीं, बल्कि सुरक्षा मानकों की मजबूती से तय होती है। यदि सुरक्षा को मुनाफे की दौड़ में पीछे छोड़ा गया, तो यह पूरे विमानन उद्योग को हिला सकता है। संघीय विमानन प्रशासन, नागरिक विमानन महानिदेशालय जैसी एजेंसियों को सिर्फ सर्टिफिकेशन तक सीमित न रखकर, रियल-टाइम गुणवत्ता ऑडिट्स लागू करने की जरूरत है, ताकि संभावित त्रुटियों का पता पहले से लगाया जा सके।

भारत जैसे देश जो बोइंग के विमानों का व्यापक उपयोग करते हैं, उन्हें भी आंख मूंदकर कंपनियों पर भरोसा करने की बजाय स्थानीय टेस्टिंग, एयरवर्दिनेस रिपोर्ट और इन्वेस्टिगेशन सिस्टम को मजबूत करना होगा। अहमदाबाद जैसे मामलों को हल्के में लेना खतरनाक हो सकता है। नागरिक विमानन महानिदेशालय को चाहिए कि वह बोइंग विमानों की संपूर्ण सुरक्षा समीक्षा करवाए, पुराने मॉडलों की तत्काल जांच कराए और एयरलाइंस को यह निर्देश दे कि किसी भी तकनीकी संदिग्ध विमान को उड़ान से पहले दोबारा जांचा जाए। बोइंग को चाहिए कि वह पारदर्शी रूप से अपने उत्पादों में खामी स्वीकार करे, यात्रियों की सुरक्षा के लिए विश्व स्तर पर रिकॉल और सुधार की रणनीति बनाए और यह विश्वास बहाल करे कि उसका हर विमान उड़ान के लिए 100 फीसदी सुरक्षित है।

## सोशल फोरम

# कैसे बने रिश्ता

> तरस जाते हैं कि कोई आए और कहे, हमें कमाना नहीं है। हमें भीतर झांकना है। हमें हमारे अंदर का सफर करना है। मगर देखिए, हर एक मिलता है कि कैसे बाहर के सफ़र के ऐसे निशान छोड़ें कि दुनिया उन्हें सलाम करे, फिर कैसे बने उस्ताद और शागिर्द का रिश्ता।



हफीज किदवई
लेखक

जो आज अच्छा लग रहा, वह कल बुरा भी लगेगा। यह इंसानी फ़ितरत है। मुझसे कोई कहता है कि मैं आपका शागिर्द हूं। तो एक सवाल मेरी आंखों में तैरता है, कब तक, तुम्हें जो मुझमें आज अच्छा लग रहा, वह कल नही लगेगा, तब...

जब कोई बहुत ज़िद करता है कि नहीं हम तो शागिर्द हैं आपके, तब मेरा अगला सवाल होता है कि क्या मुझसे मिलने के बाद तुम्हें बुराई बुरी और अच्छाई अच्छी लगने लगी है। क्योंकि यह शऊर ही अगर तुममे न आया, तो काहे के हम उस्ताद और कैसे तुम शागिर्द ।

हालांकि शागिर्द से तो मैं यही कहता हूं कि हर वक्त हालत ए इश्क़ में रहो। इल्म हासिल करने की दौड़ में मत रहो। इल्म ऐसे पैदा करो, जैसे किसी फूल में खुशबू। कोई उस्ताद तुम्हें महका नहीं सकता, महकने का रास्ता बता सकता है। मगर महकना तो तुम्हें है।

सूफ़ियों में तरबियत निबंध लिखकर नहीं दी जाती। ज़िन्दगी के फ़लसफ़े, ज़िन्दगी जीकर समझाए जाते हैं। हम तो उस उस्ताद को बेहतरीन मानते हैं, जो अपने शागिर्द को ग़म का ज़ायक़ा दिला दे। ग़म हमारी रूह की चमक की गवाही है, जबकि खुशी हमारे जिस्म का हिस्सा है।

तरस जाते हैं कि कोई आए और कहे, हमें कमाना नहीं है। हमें भीतर झांकना है। हमें हमारे अंदर का सफर करना है। मगर देखिए, हर एक मिलता है कि कैसे बाहर के सफ़र के ऐसे निशान छोड़ें कि दुनिया उन्हें सलाम करे, फिर कैसे बने उस्ताद और शागिर्द का रिश्ता। शागिर्द को इश्क़ करना ज़रूरी है तो उस्ताद का आशिक़ होना मगर मतलब की दुनिया में मतलब के उस्ताद भी रोज़ बनते हैं और शागिर्द भी....

-फेसबुक वॉल से

# शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और जागरूकता से ही होगा अंधविश्वासों का खात्मा



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

> यह देखा गया है बहुत बार हमारी आस्था ही अंधविश्वास में बदल जाती है। दुखद है कि टोनो टोटको के चक्कर में हम जीवन को दांव पर लगा देते हैं और जीवन में बदलाव की या चमत्कार की उम्मीद करने लगते हैं।

आज विज्ञान और तकनीक का युग है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) का प्रयोग किया जा रहा है। विज्ञान और तकनीक के इस दौर में भी भारतीय समाज में कहीं न कहीं अंधविश्वास की जड़ें कम गहरी नहीं हैं। आज जरूरत इस बात की है कि अंधविश्वास की इन जड़ों को समूल नष्ट किया जाए। वास्तव में अंधविश्वास, अज्ञानता, डर, या तर्कहीन विश्वासों पर आधारित एक विश्वास या प्रथा है। यह अक्सर अलौकिक शक्तियों, भाग्य, या कुछ कार्यों या वस्तुओं के शुभ या अशुभ प्रभावों में विश्वास से जुड़ा होता है। अंधविश्वास किसी तर्क या प्रमाण पर आधारित नहीं होते हैं, बल्कि ये अक्सर मान्यताओं, परंपराओं, या व्यक्तिगत अनुभवों पर आधारित होते हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि ये अक्सर परंपराओं और रीति-रिवाजों से जुड़े होते हैं, जिनका पालन बिना किसी तर्क या प्रमाण के किया जाता है।

हाल ही में अंधविश्वास के चक्कर में बिहार में परिवार के पांच लोगों की हत्या की खबरें मीडिया की सुर्खियों में आईं थीं। अंधविश्वास के कारण हैवानों ने पति-पत्नी और बच्चों को मार डाला। इसी प्रकार से आजमगढ़ में पुत्र की चाहत में एक महिला अंधिविश्वास की भेंट चढ़ गई। परिजनों का आरोप है कि तांत्रिक ने झांड़फूंक के नाम पर नाले का गंदा पानी पिलाया जिससे उसकी मौत हुई। इतना ही नहीं, मध्यप्रदेश के एक गांव में देवस्थान के चबूतरे पर नरबलि देने का मामला भी सामने आया है। इसी प्रकार से कुछ समय पहले महाराष्ट्र के अमरावती जिले में अंधविश्वास की वजह से मासूम बच्चे के साथ दरिंदगी की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई थी। जानकारी के अनुसार यहां एक महिला ने 10 दिन की नवजात बच्ची को पेट दर्द से राहत दिलाने के नाम पर उसे गर्म लोहे की छड़ से दाग दिया। दरअसल अंधविश्वास 'आत्मज्ञान' के अभाव में पनपता है, व्यक्ति को ज्ञान का अभाव होता है।

यह देखा गया है बहुत बार हमारी आस्था ही अंधविश्वास में बदल जाती है। दुखद है कि टोनो टोटको के चक्कर में हम जीवन को दांव पर लगा देते हैं और जीवन में बदलाव की या चमत्कार की उम्मीद करने लगते हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि आस्था, ईश्वर की तरह ही असीम है, अनादि है, अनंत है। शिक्षा की कमी, परंपरा और सामाजिक दबाव अंधविश्वास के प्रमुख कारण हैं। वास्तव में आज वैज्ञानिक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की जरूरत है। अज्ञात, बीमारी, या मृत्यु का भय अंधविश्वास को जन्म दे सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि अंधविश्वासी प्रथाओं और उनके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना आज के समय में बहुत ही महत्वपूर्ण व जरूरी है। सच तो यह है कि हमें हमेशा सत्य की खोज करनी चाहिए और अंधविश्वासों पर कभी भी आंख मूंदकर विश्वास नहीं करना चाहिए। यह ठीक है कि आज शिक्षा व तकनीक दोनों क्षेत्रों में प्रगति के कारण हमारे समाज के लोग अंधविश्वास की छाया से निकलने लगे हैं, लेकिन अभी काफी कुछ करना बाकी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि अंधविश्वास आज भी एक जटिल समस्या है जिसके कई कारण और निवारण हैं। शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और जागरूकता बढ़ाकर, हम अंधविश्वासों को दूर करने और एक अधिक तर्कसंगत और वैज्ञानिक समाज बनाने की दिशा में काम कर सकते हैं। हमारे देश में आज अंधविश्वास की रोकथाम के लिए दंडात्मक प्रावधान हैं, लेकिन बावजूद इसके बहुत से पाखंडी लोग, तांत्रिक इस दिशा में सक्रिय हैं। पाखंड व अंधविश्वास का सहारा लेकर ऐसे लोग अपने चूल्हे के नीचे आंच सरकाते हैं और लोगों को बरगलाते हैं। अंधविश्वास समाज को अंदर ही अंदर से खोखला व बर्बाद कर देता है, इसलिए इस पर रोक बहुत आवश्यक है। याद रखिए कि अंधविश्वास हमारी संस्कृति की धरोहर नहीं हैं, जैसा कि अक्सर ऐसा समझा जाता है। अंधविश्वास की असली जड़ भूत-प्रेत का डर, जादू-टोने होने का डर, प्रेम-विवाह, व्यापार-नौकरी में असफलता का डर और दुर्भाग्य घटित होने का डर है, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं होता है। तांत्रिक उपायों से न तो सफलता मिलती है, न ही कोई बीमारी ठीक होती है, न ही पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है, न ही कोई काम बनते हैं,यह कटु सत्य है। परेशानियां और दुःख कभी भी टोनो-टोटको से ठीक नहीं होते। विज्ञान और तकनीक के इस दौर में शिक्षित कहे जाने वाले लोग भी तांत्रिकों, पाखंडियों के चक्कर में आखिर क्यों आने लगे हैं, यह समझ से परे की बात है। अंधविश्वास को खत्म करने के लिए शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, और जागरूकता फैलाना ज़रूरी है। याद रखिए कि वैज्ञानिक सोच लोगों को घटनाओं को तर्कसंगत रूप से देखने और उनके पीछे के कारणों को समझने में मदद करती है। इसके अलावा कानून को भी सख्त बनाने की आवश्यकता है। तभी हम वास्तव में हम अपने समाज और देश से अंधविश्वासों का खात्मा कर पाएंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### मारपीट में एक घायल

**बाजपुर :** पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा के अंतर्गत ग्राम गोबरा दाबका पार निवासी जीता सिंह पुत्र मंगल सिंह का गांव के ही एक व्यक्ति से आपसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया जाता है कि बात बढ़ी तो मारपीट होने लगी जिसमें जीता सिंह घायल हो गया। घायल को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं खबर लिखे जाने तक प्राथमिकी पंजीकृत नहीं हुई थी, अलबत्ता पुलिस ने जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

### जंगली जानवर ने युवक को किया घायल, भर्ती

**खटीमा :** खेत में कम कर रहे ग्राम बंडिया निवासी 27 वर्षीय मैनुद्दीन को किसी जंगली जानवर ने हमलाकर घायल कर दिया। घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खटीमा रेंज के वन दरोगा धन सिंह, जीत प्रकाश, जयवीर सिंह, दीपक आदि ने अस्पताल और बाद में मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। खटीमा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी जीवन चंद्र उप्रेती ने बताया कि मजदूर गन्ने के खेत में शौच आदि को गया था उसी समय किसी जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया है। उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# सीएमओ ने उप जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

## स्टाफ ने अस्पताल व आवासीय कालोनी में व्याप्त पेयजल किल्लत से कराया अवगत

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सीएमओ ऊधमसिंह नगर डॉ. केके अग्रवाल ने मंगलवार को उप जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान सामने आई कमियों को दूर करने के निर्देश मातहतों को दिए।

मंगलवार को दोपहर बाद सरकारी अस्पताल पहुंचे सीएमओ ऊधमसिंह नगर डॉ. केके अग्रवाल ने इमरजेंसी कक्ष, दवा वितरण रूम, लैब, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड कक्ष व विभिन्न वार्डों के साथ ही डिलीवरी कक्ष का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं अन्य व्सवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात उन्होंने स्टाफ से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं जिसमें सबसे महत्वपूर्ण व ज्वलंत समस्या यह सामने आई कि अस्पताल एवं आवासीय कालोनी में पेयजल की



बाजपुर में मंगलवार को सरकारी अस्पताल का निरीक्षण कर जानकारी लेते सीएमओ डॉ . केके अग्रवाल। ● अमृत विचार

दिक्कत हो रही है। भीषण गर्मी के बीच पेयजल की उपलब्धता न होने से स्टाफ के साथ ही मरीजों एवं तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर सीएमओ डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अस्पताल में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हैं। कुछ कमियां सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने चिकित्सकों की कमी की बात स्वीकारते हुए कहा कि इस समस्या को भी जल्द दूर करने के प्रयास किया जाएगा। फिलहाल व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाजपुर क्षेत्र में ही स्थापित कुछ नर्सिंग होम के चिकित्सकों से बात चल रही है, जोकि सप्ताह में दो दिन सरकारी अस्पताल में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि पेयजल की समस्या सामने आई है, जिसे जल्द दूर करवाया जाएगा। वहीं अस्पताल की समस्याओं को लेकर समय-समय पर पत्राचार करने वाले ह्यूमन राइट मिशन बाजपुर के उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ परमार ने सीएमओ के समक्ष अस्पताल व आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ी कई बातों को रखा।

इस मौके पर सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता, डॉ. तैयब, डॉ. विनय यादव व डॉ.अंकुर चौधरी समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## शारदा ने बेकरी को बनाया व्यवसाय

**खटीमा :** दुरस्त गांव उलधन की शारदा देवी चार लाख की लागत से बेकरी संचालित कर अपना व्यवसाय चला कर परिवार का भरण पोषण कर रही हैं। बेकरी के



शारदा देवी।

माध्यम से पाव रोटी, डबल रोटी, बिस्किट, नमकीन, मड़वा के मीठे और नमकीन बिस्किट तैयार कर वन न केवल उलधन गांव में बल्कि आसपास के बाजारों में सप्लाई करती हैं। शारदा देवी ने कोविड के दौरान वित्तीय संस्थान एवं पास की जमा पूंजी लगाकर एक बेकरी शुरू की। उन्होंने शुरुआत में क्रीम रौल, फेन, मडूवे के बिस्कुट आदि बनाने का कार्य किया और तैयार माल की उलधन, आसपास के गांवों के अलावा झनकट, सड़ासडिया में सप्लाई करती थी। कंपटीशन के दौर में गुणवत्ता सीमित उत्पाद से उन्हें दिक्कतें आई। बावजूद इसके उन्होंने प्रयास जारी रखा और ग्रामीण क्षेत्र में अपने उत्पाद की मार्केट बनाने का प्रयास किया। फिलहाल बेकरी को अपना कर शारदा ने खटीमा, नानक सागर, नानकमत्ता, जमौर, सत्रहमील आदि स्थानों में सामान सप्लाई की योजना बनाई है।

# दहेज हत्या में आरोपी पति दोषमुक्त करार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** प्रथम एडीजे मनोज गर्ब्याल की अदालत ने दहेज हत्या के केस में आरोपी पति को दोषमुक्त कर दिया। हालांकि अदालत ने पत्नी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का दोषी मानते हुए उसे जेल में बिताई अवधि के साथ ही जुर्माने की भी सजा सुनाई है।

ग्राम गोबरा थाना बाजपुर निवासी दर्शन सिंह ने 23 जुलाई, 2020 को जसपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन कुलवंत कौर उर्फ कोडी की शादी चार माह पूर्व राजू निवासी ग्राम गढ़ी हुसैन थाना जसपुर के साथ हुई थी। परिवार ने हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन शादी के कुछ दिन बाद से पति राजू ने उससे पैसे की मांग शुरू का दी। पैसे नहीं देने पर वह उसकी बहन को जान से मारने की धमकी देता था। राजू की माता बंसी कौर व उसकी पहली पत्नी पूजा और राजू के दोस्त गुरमुख सिंह निवासी ग्राम रम्पुरा ने 50 हजार रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। 22 जुलाई 2020 को लगभग 11-12 बजे दिन में उसकी बहन ने बताया कि रकम नहीं देने पर ससुराली उसे जान से खत्म करने की धमकी दे रहे हैं। 23 जुलाई 2020 को समय सुबह करीब 7 बजे ग्राम नया टांडा, थाना जसपुर निवासी कश्मीरो कौर ने फोन कर बताया कि तुम्हारी बहन मर गयी है। सूचना पर जब वह ग्राम गढ़ी हुसैन आये तो देखा कि उसकी बहन घर के बरामदे में चारपाई पर मरी पड़ी थी। तहरीर पर पुलिस ने राजू व उसकी माता बंसी कोर, पहली पत्नी पूजा एवं गुरमुख सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी पति राजू के खिलाफ कोर्ट में दहेज हत्या के आरोप में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। आरोपी राजू तभी से जेल में है। केस का ट्रायल प्रथम एडीजे की अदालत में हुआ। अभियोजन व बचाव पक्ष के साक्ष्यों को देखते हुए अदालत ने आरोपी राजू को दहेज हत्या के आरोप से दोषमुक्त कर दिया। कोर्ट ने आरोपी को पत्नी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने व घरेलू हिंसा का दोषी माना। आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से पैरवी एडीजीसी रतन सिंह कांबोज ने की।

# पति पर मासूम को छत से नीचे फेंकने का आरोप

- विवाहिता ने एसएसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार
- एसएसपी ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के दिए निर्देश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** महिला ने पति पर दहेज में 50 हजार व बाइक की मांग पूरी न होने पर अपने दो साल के पुत्र को छत की रेलिंग से सड़क पर फेंकने का आरोप लगाया है। महिला ने पति के खिलाफ काशीपुर पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई, तो पुलिस ने एक न सुनी। जिसके बाद महिला अपनी फरियाद लेकर एसएसपी दरबार पहुंची। एसएसपी ने काशीपुर पुलिस को मामले में कार्रवाई के आदेश दिये हैं।

मंगलवार को मोहल्ला महेशपुरा निवासी एक महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र सौंप बताया कि शादी में मिले दहेज से ससुराली खुश नहीं थे। दहेज की मांग करते हुए उसके पति ने वाशिंग मशीन, कूलर में आग लगा दी और मोबाइल भी तोड़ दिया। आरोप लगाया कि 4 जुलाई 2025 को उसका पति दहेज में 50 हजार की नकदी व बाइक की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान उसका पुत्र उसके पास आकर रोने लगा, तो पति ने पुत्र को छत की रेलिंग से नीचे फेंक दिया। लहुलूहान हालत में उसने अपने पुत्र को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसके पुत्र के सिर की हड्डी टूट गई है तथा सिर में खून जम गया है। काशीपुर पुलिस से शिकायत की तो कार्रवाई नहीं हुई।

## 53 लीटर कच्ची शराब के दो गिरफ्तार

**काशीपुर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत कच्ची शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कच्ची शराब के धंधे में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 53 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने छापेमारी कर ढकिया गुलाबो रोड से अमरीक सिंह निवासी छोटी बरखेड़ी को गिरफ्तार कर उसके पास से 17 लीटर कच्ची शराब व हेमपुर एन्क्लेव की खाली पड़ी प्लाटिंग की ओर जाने वाले आरसीसी मार्ग से मोनू सिंह निवासी गोपीपुरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 36 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस टीम में एसआई गणेश पांडेय, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, आरक्षी दिनेश त्यागी व दूसरी टीम में एसआई सौरभ भारती व देवेन्द्र सिंह सामंत, कांस्टेबल दीपक जोशी व धीरज सिंह शामिल रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में छह घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में तीन महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मंगलवार की प्रातः करीब आठ बजे काम पर जा रही भोना कालोनी निवासी 25 वर्षीय रूबी पुत्री गंगाराम सड़क हादसे में घायल हो गई, उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

आप नेता वार्ड-चार निवासी 70 वर्षीय राजेंद्र सिंह बेदी पुत्र दिलीप सिंह बेदी मंगलवार की सुबह बाइक से दोराहा की ओर जा रहे थे। इसी बीच कार चालक ने टक्कर मार दी। उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। ग्राम हरिपुरा निवासी 60 वर्षीय जीवंती पांडेय पत्नी ज्वाला पांडेय ई-रिक्शा में घर से बरहैनी जा रही थी। इसी बीच नैनीताल स्टेट हाईवे पर टुक-टुक सड़क किनारे पलट गया जिसमें जीवंती घायल हो गई। वहीं ग्राम रम्पुरा शाकर निवासी 25 वर्षीय आस मोहम्मद, 22 वर्षीय अफराज पुत्रगण अब्दुल हसन बाइक पर फेरी लगाकर गैस चूल्हा बेचने गए थे। इसी बीच गजरौला मार्ग पर ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गए। रामराज रोड पर सरकारी अस्पताल के निकट हुए एक अन्य सड़क हादसे में ग्राम गजरौला निवासी 48 वर्षीय अंजुम पत्नी सत्तार घायल हो गई, जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं सभी घायलों को पुलिस ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# एसएसबी सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं को कारपेंटरी के हुनर सिखाएगी

- सितारगंज के सिडकुल में लगेगा प्रशिक्षण शिविर

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल 57वीं वाहिनी सितारगंज के तत्वावधान में सिसैया गांव में आयोजित बैठक में ग्रामीणों को ढाई महीने के कारपेंटर प्रशिक्षण शिविर की जानकारी दी गई।

बैठक का उद्घाटन सितारगंज से आए एसएसबी के आस्था और राहुल ने किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सीमावर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए एक सशक्त मंच है। जिससे वह तकनीकी दक्षता हासिल कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त कर वह स्वरोजगार के साथ



खटीमा के सिसैया में आयोजित बैठक में एसएसबी के अधिकारी और ग्रामीण।

ही एसएसबी की विभिन्न योजनाओं में मिलने वाला सहयोग भी प्राप्त कर सकेंगे। ढाई माह का शिविर सितारगंज के सिडकुल क्षेत्र में आयोजित होगा।

जिसमें युवाओं को व्यावसायिक उपकरणों की जानकारी, फर्नीचर निर्माण, डिजाइनिंग, मार्केटिंग जैसे विषयों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंत में ज्ञानोदय बुद्ध विहार मेलाघाट परिसर में एसएसबी के अधिकारी और ग्रामीणों ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर एसएसबी के उप-निरीक्षक अरुण, सबल सिंह, सहायक उप-निरीक्षक राजू कुमार सिंह, प्रवेश, दीपक कुमार, रंगलाल यादव, गोरख प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# जनपद में मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान 90 दिनों तक चलेगा

- न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता कर किया जाएगा निस्तारित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेंद्र कुमार सागर ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधमसिंह नगर की ओर से मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जनपद में 1 जुलाई से शुरू हुआ अभियान आगामी 90 दिन तक चलेगा।

मंगलवार को पत्रकार वार्ता के दौरान प्रेस वार्ता में सचिव जिला



पत्रकारों को जानकारी देते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव योगेंद्र कुमार सागर।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि अभियान के तहत जिले की सभी कोर्टों में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता कर अधिवक्ताओं के सहयोग से आपसी सुलह समझौतों के आधार पर निःशुल्क निस्तारित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसका जनपद के न्यायालयों में पति-पत्नी के वैवाहिक विवाद मामले, मोटर दुर्घटना मुआवजा, घरेलू हिंसा, चैक अनादरण मामले, वाणिज्यिक लेनदेन संबंधित मामलों को निस्तारित किया जाएगा। इसके अलावा सर्विस संबंधी, फौजदारी के शमनीय प्रकृति के मामले, उपभोक्ता विवाद मामले, ऋण वसूली मामले, बंटवारा संबंधी, बेदखली मामले, भूमि अधिग्रहण संबंधित अन्य सुसंगत दीवानी मामलों का मध्यस्थता कर सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान में न्यायालयों में पंजीकृत व लंबित वादों का सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराकर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर-05944-250682 पर संपर्क कर सकते हैं।

## दो कार चालकों पर कार्रवाई, वाहन सीज

**नैनीताल :** मल्लीताल खेल मैदान में कार ड्रिफ्ट करना दो कार चालकों को महंगा पड़ गया। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने दोनों कार चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहनों को सीज कर दिया। मंगलवार दोपहर में मल्लीताल खेल मैदान में पर्यटक दो कारों को दौड़ाते हुए वीडियो शूट कर रहे थे। साथ ही कार से ड्रिफ्ट कर रहे थे। जिसकी वीडियो बनाकर लोगों ने एसडीएम व अन्य अधिकारियों को भेज दी। एसडीएम के निर्देश पर पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए वाहनों को कब्जे में ले लिया। जिस पर वाहन स्वामी भिड़ने लगे। पुलिस ने बताया कि खेल मैदान में वाहन चलाना प्रतिबंधित है। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि खेल मैदान में गाड़ी दौड़ाने पर दिल्ली निवासी शौरभ आहूजा व चखुटिया अल्मोड़ा निवासी दिनेश किरौला के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों वाहन सीज कर दिए हैं।

# दिनेशपुर की सड़कों पर घूमते छुट्टा पशुओं से लोग परेशान

- कई दुपहिया वाहन चालक हो चुके हैं घायल
- गौशाला न होने से राहगीर व किसान परेशान

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक छुट्टा मवेशियों के आतंक से आम लोग परेशान हैं। खेतों में धान की रोपाई होने से जल भराव के कारण छुट्टा पशु इन दिनों दिनेशपुर से चक्कीमोड़, कालीनगर जाफरपुर में झुंड में पहुंचे हैं।

जिससे आए दिन जाम लग रहा है। दुपहिया वाहनों के गो वंशों से टकराने के करण कई राहगीर घायल हो चुके हैं। छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने तथा इनके कारण होने वाले हादसों



दिनेशपुर से चक्कीमोड़ सड़क पर विचरण करते छुट्टा पशु। ● अमृत विचार

पर रोक लगाने के लिए प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गोवंशों के लिए स्थाई गौशाला का निर्माण के लिए क्षेत्र के लोगों व किसानों ने कई बार शासन-प्रशासन को लिखित व मौखिक रूप से निवेदन किया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इनके कारण सिडकुल कर्मचारियों व आम लोगों का चलना दूभर हो रहा है। कई पशु वाहनों व राहगीरों के पीछे से मारने दौड़ जाते हैं। किसान चंचल सिंह देऊपा ने कहा कि सरकार को पशुओं के संरक्षण के लिए गौशाला का निर्माण करवाना चाहिए। जिससे छुट्टा पशुओं से आम लोगों, व्यापारियों व किसानों को राहत मिल सके साथ ही दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### अस्पताल में रोपे छायादार पौधे

**काशीपुर :** एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में बजरंग दल की ओर से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने छायादार एवं फलदार पौधे रोपे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 21 पौधे रोपे गए हैं। वहां पर देवेश कुमार, सक्षम, बंटी, गबरु, अमृत, शिवू, सुमित, राजू, संजीव, आकाश कांबोज आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप, तहरीर सौंपी

**बाजपुर :** पुलिस चौकी बरहैनी के अंतर्गत एक गांव में निवासरत महिला ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे गांव के ही एक युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ अभद्र व्यवहार किया तथा छेड़छाड़ करने लगा। इतना ही नहीं गलत भाषा का प्रयोग का प्रयोग किया गया। विरोध किया तो किसी झूठ मामले में फंसवाने एवं बदनाम करने की धमकी दी। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया। महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।



खटीमा में पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपते वॉर्ड-5 के लोग।

### पालिकाध्यक्ष से की सड़क बनवाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**खटीमा, अमृत विचार :** नगर पालिका वॉर्ड संख्या-5 पूर्णागिरी कालोनी वासियों ने पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी को ज्ञापन सौंपकर अमाऊं में 150 मीटर सड़क के निर्माण सहित मिट्टी भरान की मांग की है। वार्ड संख्या पांच सभासद बसंती देवी सहित वार्ड ने पालिकाध्यक्ष को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि गोपाल सिंह अन्ना के घर से ऐंठा नाले की पुलिया तक का रास्ता कच्चा है। जिससे लोगों को बरसात के दिनों में दोपहिया वाहन लाने ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि बच्चों का स्कूल तक बंद हो जाता है। उन्होंने इस 150 मीटर के मार्ग को बनवाने और ऐंठा नाले से निकाली गई मिट्टी को रास्तों में डलवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में ताहिर खां, सज्जाद अली, कासिम शाह, अल्तमश अली, रफ़ीकुद्दीन, शानू मालिक, हसन अंसारी आदि शामिल रहे।

**व्यवस्था जांची** | मिड डे मील की गुणवत्ता का लिया जायजा, बच्चों के जमीन पर बैठ भोजन करने पर नाराजगी जताई

# चेयरमैन ने किया जीजीआईसी का निरीक्षण

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ने नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में चलाई जा रही मिड डे मील योजना की वास्तविक स्थिति को परखने के लिए छात्राओं के साथ भोजन किया।

उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और छात्राओं की सुविधाओं का बारीकी से जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन सैनी ने पाया कि छात्राएं भोजन करते समय जमीन पर बैठने को मजबूर हैं। इसके अलावा विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति भी काफी असंतोषजनक पाई गई। उन्होंने इन अव्यवस्था पर गहरी



बच्चो के साथ भोजन करते चेयरमैन राजीव कुमार सैनी। ● अमृत विचार

नाराजगी जताई और स्कूल प्रशासन को इस खामी को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए। वहीं बच्चों ने मिड डे मील की गुणवत्ता को लेकर मिले जुले अनुभव साझा किए, जिन्हें चेयरमैन ने गंभीरता से सुना। इस मौके पर अध्यक्ष राजीव कुमार सैनी ने कहा छात्राओं के पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी मिड डे मील योजना एक संवेदनशील मुद्दा है। मैं खुद छात्राओं के साथ भोजन करके उसकी गुणवत्ता देखना चाहता था, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

लेकिन यह देखकर दुःख हुआ कि छात्राएं जमीन पर बैठकर भोजन कर रही हैं और साफ-सफाई की स्थिति भी ठीक नहीं है। नगर पंचायत इस विषय को हल्के में नहीं लेगी। उन्होंने आगे कहा कि नगर क्षेत्र के हर सरकारी विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का जल्द ही विस्तृत मूल्यांकन किया जाएगा।

आवश्यकता पड़ने पर नगर पंचायत की ओर से अतिरिक्त संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। चेयरमैन राजीव कुमार सैनी ने भरोसा दिलाया कि बच्चों को सम्मानजनक और स्वच्छ वातावरण में शिक्षा व पोषण की सुविधा मिले, यह उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं होता, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का आधार होता है। कहा कि बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता में है और इस दिशा में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

# माता-पिता की याद में लगाया वाटर कूलर




खटीमा में ब्रह्मदेव मंदिर में वाटर कूलर के साथ व्यवसायी। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** मझोला यूपी के युवा व्यवसायी खटीमा निवासी प्रदीप शर्मा टैंक ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की याद में ब्रह्मदेव मंदिर को वाटर कूलर भेंट किया ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही मार्ग चलने वाले राहगीरों को भीषण गर्मी में शीतल जल उपलब्ध हो सके।

युवा व्यवसायी शर्मा टैंक ने अपनी माता स्व विमला शर्मा और पिता स्व कृष्ण कुमार शर्मा की याद में लोहिया पुल स्थित ब्रह्मदेव मंदिर में वाटर कूलर लगाया।

# प्रदेश के जैविक उत्पादों को मिलेगा वैश्विक बाजार

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में किया हाउस ऑफ हिमालयाज आउटलेट का उद्घाटन

- सीएम ने कहा-मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था, स्थानीय कारीगरों को मिलेंगे नए अवसर

मुख्य संवाददाता, देहरादून



हाउस ऑफ हिमालयाज आउटलेट में उत्पाद पर चर्चा करते मुख्यमंत्री धामी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास परिसर में मंगलवार को ''हाउस ऑफ हिमालयाज'' के आउटलेट का उद्घाटन किया। यह आउटलेट देवभूमि की पारंपरिक धरोहर और जैविक उत्पादों को राष्ट्रीय राजधानी में संगठित रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इसके माध्यम से राज्य की समृद्ध लोकसंस्कृति को देश के सामने लाने के साथ स्थानीय उत्पादों को नए बाजार भी मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल राज्य सरकार की उस दूरदृष्टि का परिणाम है, जिसका उद्देश्य पर्वतीय अंचलों में उत्पादित प्राकृतिक और हस्तनिर्मित वस्तुओं को वैश्विक पहचान दिलाना है। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और साथ ही स्थानीय कारीगरों व शिल्पकारों को नए अवसर प्रदान करेगा। चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों की ब्रिकी को बढ़ावा देने हेतु 13 से अधिक प्रमुख स्थानों पर आकर्षक फ्लोर स्टैंडिंग यूनिट्स और रिटेल कार्ट्स नैनी सैनी एयरपोर्ट, पंतनगर एयरपोर्ट, देहरादून हेलीपैड, जीएमवीएन श्री केदारनाथ, बद्रीनाथ, हर्षिल, गुप्तकाशी, कौडियाला, मसूरी, परमार्थ निकेतन (ऋषिकेश), स्नो क्रेस्ट (बद्रीनाथ), एटीआई (नैनीताल) और सेंट्रिया मॉल जैसे तीर्थ और पर्यटक स्थलों पर स्थापित किए गए हैं। ये रिटेल कार्ट्स श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त, मैरियट मसूरी, ताज देहरादून, एफआरआई व एलबीएसएनएए एवं राष्ट्रीय राजधानी स्थित दिल्ली हाट जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी रिटेल कार्ट्स की स्थापना प्रक्रिया प्रगति पर है। यह पहल न केवल स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला रही है, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्प कौशल को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रही है।

सचिव ग्रामीण विकास राधिका झा ने बताया कि 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड ने कम समय में गुणवत्ता के बल पर विशेष पहचान बनाई है। इसके उत्पाद houseofhimalayas.com के साथ-साथ अमेज़न और ब्लिंकिट जैसे प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

अब यह ब्रांड प्रमुख होटल श्रृंखलाओं में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। उत्तराखंड की सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान को बढ़ावा देने तथा उच्च श्रेणी के पर्यटकों को स्थानीय उत्पादों से जोड़ने के उद्देश्य से ताज (ऋषिकेश, रामनगर), हयात सेंट्रिक, हयात रीजेंसी (देहरादून), मैरियट (रामनगर), वेस्टिन (नरेन्द्रनगर) और जेपी ग्रुप (मसूरी) जैसे प्रतिष्ठित होटलों के साथ रणनीतिक साझेदारी की गई है। इस पहल के तहत राज्य के विभिन्न प्रमुख होटलों में हाउस ऑफ हिमालयाज के रिटेल कार्ट्स स्थापित किए गए हैं, जो पर्यटकों को उत्तराखंड के विशिष्ट हस्तनिर्मित एवं जैविक उत्पादों की सीधी उपलब्धता प्रदान कर रहे हैं। यह कदम न केवल स्थानीय उत्पादकों और कारीगरों को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि सतत पर्यटन और आत्मनिर्भर उत्तराखंड की ओर भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

### प्रधानमंत्री मोदी को इसका श्रेय

'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड की अवधारणा को पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान प्रस्तुत किया गया था। इस ब्रांड के अंतर्गत उत्तराखंड के विशिष्ट उत्पाद जैसे बुरांश का शरबत, जंगली शहद, पहाड़ी दालें, पारंपरिक मसाले, हस्तनिर्मित वस्त्र एवं अन्य जैविक सामग्री अब एक सुव्यवस्थित रूप में देश के प्रमुख शहरों तक पहुंच सकेंगी।

# हिमाचल प्रदेश के दौरे पर जाएगा यूएसडीएमए का विशेषज्ञ दल

मुख्य संवाददाता, देहरादून



देहरादून में समीक्षा बैठक में निर्देश देते मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।

**अमृत विचार :** मानसून शुरू होने के बाद अब उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) का एक विशेषज्ञ दल हिमाचल प्रदेश में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थितियों तथा इन हालातों से निपटने के लिए हिमाचल में शासन-प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखने तथा उनका अध्ययन करने जाएगा।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन को इसके निर्देश दिए। उन्होंने यूएसडीएमए स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर, प्रदेश में वर्षा से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश न सिर्फ पड़ोसी राज्य हैं बल्कि दोनों प्रदेशों की भौगोलिक परिस्थितियां भी एक जैसी हैं। इस वर्ष हिमाचल प्रदेश में बारिश से काफी नुकसान हुआ है। इन स्थितियों से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश में किस प्रकार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है, शासन-प्रशासन द्वारा किस तरह इन स्थितियों में प्रतिक्रिया की जा रही है, इसे जानने और समझने की आवश्यकता है ताकि अगर ऐसे ही हालात उत्तराखंड में भी उत्पन्न हों तो हिमाचल के अनुभवों के आधार पर एक प्रभावी रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने वर्तमान में प्रदेश में मानसून की स्थिति, आने वाले दिनों में मौसम का पूर्वानुमान, अब तक हुई बारिश तथा प्रदेश भर में भूस्खलन के चलते बंद सड़कों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बंद सड़कों को जल्द से जल्द खोलने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सभी आवश्यक संसाधन तथा उपकरण तैनात किए जाएं। कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि 15 मिनट के भीतर जेसीबी तथा अन्य सभी आवश्यक उपकरण घटनास्थल पर पहुंच जाए। उन्होंने ग्रामीण सड़कों को भी तत्परता के साथ खोलने के निर्देश दिए। विनोद कुमार सुमन ने बताया कि देहरादून, नैनीताल तथा बागेश्वर में मौसम विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सात दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार, सभी जनपदों में बुधवार से यलो अलर्ट है। पूरे मानसून सीजन में सामान्य से 108 फीसदी अधिक वर्षा का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अभी तक प्रदेशभर में 317.1 मिमी बारिश हुई है। सबसे अधिक बागेश्वर में 765.5, चमोली में 428.2, रुद्रप्रयाग 388.8 तथा देहरादून 380.4 मिमी बारिश हो चुकी है।

# मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के कराटे चैंपियन्स को किया सम्मानित

- अनामिका, मैत्री व क्रियांश ने साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में जीते पदक

मुख्य संवाददाता, देहरादून



उत्तराखंड के कराटे चैंपियन्स के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में राज्य के तीन होनहार कराटे चैंपियंस को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मानित किए जा रहे सभी प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं।

उन्होंने कहा कि, इन खिलाडियों ने अपनी खेल प्रतिभा से अपने माता-पिता के साथ ही उत्तराखंड का मान भी बढ़ाया है। तीनों खिलाड़ियों अनामिका, मैत्री व क्रियांश ने 5-6 जुलाई 2025 को कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित 9वीं साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत, कांस्य व कांस्य पदक जीते हैं, मुख्यमंत्री ने इन खिलाडियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा भविष्य के आयोजनों में सफलता के लिये शुभकामनाएं भी दीं। इन खिलाड़ियों का चयन कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन द्वारा देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया था, जिसमें अनामिका बिष्ट, पुत्री हरीश बिष्ट, जिला चंपावत- रजत पदक, मैत्री बलूनी, पुत्री कैलाश बलूनी, डोईवाला, जिला देहरादून - कांस्य पदक तथा क्रियांश कौशिक पुत्र सुमंता शर्मा, जिला देहरादून - कांस्य पदक प्राप्त को सम्मानित किया गया है।

# यूसीसी में सिर्फ 697 ने कराया रजिस्ट्रेशन

**नैनीताल :** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) 27 जनवरी से प्रभावी हो चुकी है। इसके तहत 26 मार्च 2010 से लेकर 26 जनवरी 2025 तक संपन्न सभी विवाहों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 जुलाई निर्धारित की गई है और तब तक यह प्रक्रिया निःशुल्क की जा रही है। नगर पालिका के स्वास्थ्य अनुभाग में कार्यरत स्वास्थ्य लिपिक हेमंत ने बताया कि छह माह में केवल 697 ही यूसीसी के तहत पंजीकृत हुए हैं। इसके तहत नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे। ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रक्रिया से जुड़ सकें और निर्धारित समयसीमा के भीतर पंजीकरण करा सकें। संबंधित अधिकारी नागरिकों से अपील की जा रही कि वे समय रहते अपने विवाह का पंजीकरण करवा लें।

# बाजपुर में पुलिस ने 168 लीटर कच्ची शराब जब्त कर नष्ट की

- 13 हजार लीटर लहन किया नष्ट

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर में शराब के विरुद्ध अभियान चला भट्टियां एवं लहन नष्ट करती पुलिस।

**अमृत विचार :** पुलिस ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान करीब 168 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सुलग रही छह भट्टियां तोड़ीं और करीब 13 हजार लीटर लहन नष्ट किया।

पुलिस की अलग-अलग टीमों ने बाजपुर कोतवाली क्षेत्र के साथ ही बन्नाखेड़ा, बरहैनी, दोराहा एवं बेरिया दौलत पुलिस चौकी क्षेत्र में अभियान चलाया। पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा की टीम ने ग्राम दाबका पार गोबरा क्षेत्रांतर्गत जंगल में नाले के बगल में बनाई गई 2 अवैध शराब की भट्टियां तोड़ीं और करीब पांच हजार लीटर लहन एवं उपकरण नष्ट किए गए। बरहैनी पुलिस चौकी की टीम ने ग्राम सेमल क्षेत्रांतर्गत जंगल में नालों के किनारे में बनाई गईं 4 अवैध शराब की भट्टियां तोड़ीं। करीब आठ हजार लीटर लहन एवं उपकरण नष्ट किए तथा तैयार की गई 120 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। ग्राम चकरपुर निवासी हरीश कुमार पुत्र विजय कुमार को 20 लीटर कच्ची शराब सहित बेरिया रोड से गिरफ्तार किया है। दोराहा चौकी की पुलिस टीम ने ग्राम कनौरा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र जसवंत सिंह को 20 पाउच कच्ची शराब के साथ निर्माणाधीन सर्विस रोड के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं बेरिया दौलत चौकी की पुलिस टीम ने ग्राम मडैया हट्टू निवासी संजय सिंह पुत्र जसपाल सिंह को 10 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया है।

# 1148 में 559 नामांकन पत्रों की जांच पूरी, दो निरस्त

**खटीमा :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए लगातार दूसरे दिन नामांकन पत्रों की जांच हुई। मंगलवार को कुल 257 नामांकन पत्रों की जांच की गई। जिसमें 256 नामांकन पत्र वैध पाए गए जबकि एक प्रधान पद का नामांकन पत्र रद्द हुआ। शेष 589 नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को होगी। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए हुए 1148 नामांकन पत्रों की जांच का काम सोमवार को शुरू हुआ और पहले दिन प्रधान पद के 93 और ग्राम पंचायत सदस्य के 116 कुल 209 नामांकन पत्रों की जांच गई जिसमें ग्राम प्रधान के एक प्रत्याशी का नामांकन पत्र रद्द हुआ और 208 वैध पाए गए। मंगलवार को दूसरे दिन कुल 257 नामांकन पत्रों की जांच हुई जिसमें ग्राम प्रधान के 105 में 104 वैध पाए गए जबकि ग्राम पंचायत सदस्य के 152 नामांकन पत्रों की जांच हुई जिसमें सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। चुनाव अधिकारी आनंद सिंह नेगी ने बताया कि अबतक 1148 नामांकन पत्रों में 559 नामांकन पत्रों की जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बुधवार को जांच के अंतिम दिन शेष 589 नामांकन पत्रों की जांच होगी।

# पुण्यतिथि पर भाजपा नेता सीताराम को किया याद



किच्छा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग।

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय सीताराम राय की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में तमाम लोगों ने शिरकत कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

वरिष्ठ भाजपा नेता स्वर्गीय सीताराम राय के बोरिंग गली स्थित आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक तिलक राज बेहड़, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह, किशन गोयल एवं लवी सहगल, गोल्डी गोराया, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, सुरेश पपनेजा, सोमराज सहगल, संजीव खन्ना आदि मौजूद रहे।

# उधार नहीं लौटाया तो पीटकर मार डाला

संवाददाता, खटीमा

- आरोप-पांच सौ रुपये नहीं लौटाने पर दिया घटना को अंजाम
- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू

**अमृत विचार :** बीते दिवस मुख्य चौक के पास से बरामद शव की शिनाख्त हो गई है। वहीं उसके साथ कूड़ा बिनने वाले बनबसा निवासी रंजीत वर्मा ने 500 रुपए उधार का न दे पाने पर एक व्यक्ति द्वारा मृतक को बुरी तरह पीटने से उसकी मौत होने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

मीना बाजार बनबसा चंपावत निवासी रंजीत वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि नशे की गलत संगत के चलते उसे घर वालो ने निकाल दिया जिसके बाद से वह खटीमा में ही रहकर कूडा बीनने का कार्य करता है। रंजीत के अनुसार उसके साथ टनकपुर निवासी बंटी उर्फ विक्की और नेपाल निवासी विक्की नेपाली भी कूड़ा बीनने का काम करते थे। यह भी कहा है कि 6 जुलाई को रात्रि वह अपने साथियों बंटी उर्फ विक्की और विक्की नेपाली के साथ पंजाबी मोहल्ला में शराब पीकर किसी की दुकान के आगे लेटे हुए थे।

उसी समय पंजाबी मोहल्ला निवासी इस्माईल पुत्र बाबू पेन्टर आया और तीनों की पिटाई करने लगा और अपने उधार के 500 रुपये मांगने लगा। उसने बताया कि बंटी ने कुछ दिन पहले शराब पीने के लिए इस्माईल से 500 रुपये, 50 रुपये रोज के ब्याज पर उधार लिए थे। जिस पर इस्माईल ने बंटी को बुरी तरह से पीटा। जब हमने इस्माईल से कहा कि हम मिलकर उसके पैसे वापस कर देगें तो वह तब भी नहीं माना और उसने बंटी को दुकान के आगे चबूतरे से उठाकर नीचे पटक दिया। जिसके बाद बंटी उठ नहीं पाया।

बंटी के साथी रंजीत वर्मा ने बताया कि हमें लगा कि शराब का ज्यादा नशा होने के कारण वह उठ नहीं पा रहा। जिसके बाद हमने उसे टनकपुर रोड स्थित जगदम्बा होटल के पास एक दुकान के बाहर लिटा दिया था। रंजीत ने बताया कि हमें लगा कि सुबह नशा उतरने पर वह उठ जाएगा। लेकिन जानकारी मिली कि बंटी की मौत हो गयी है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कारवाई करने की मांग की। पुलिस ने इस्माईल पुत्र बाबू पेन्टर निवासी पंजाबी मोहल्ला के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रामनगर में अब तक आठ नामांकन पत्र किए गए खारिज

**रामनगर :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया जारी है। अब तक रामनगर में आठ नामांकन पत्र खारिज किए जा चुके हैं। 513 नामांकन वैध पाए गए हैं। पंचायत चुनाव अधिकारी अधिशासी अभियंता नलकूप प्रिया सैनी ने बताया कि ग्राम पंचायत सदस्य में पांच नामांकन खारिज हुए हैं, जबकि 187 वैध पाए गए हैं। प्रधान पद में दो नामांकन-पत्र खारिज हुए हैं, जबकि 199 वैध पाए गए है। इसी प्रकार क्षेत्र पंचायत सदस्य में एक नामांकन खारिज हुआ है, जबकि 127 नामांकन अभी तक की जांच में वैध पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक कल 756 नामांकन पत्रों में से 521 नामांकन पत्रों की जांच हो चुकी है, जिसमें से आठ नामांकन पत्र खारिज हो चुके हैं। प्रधान पद पर 241, क्षेत्र पंचायत सदस्य पर 165, ग्राम पंचायत सदस्य में 350 नामांकन पत्र भरे गए थे।

## वर्ग पहेली-26

**बाएं से दाएं**

1. जिसका संस्कार हुआ हो।
5. 1. जगमगाने की अवस्था या भाव, दमक 2. प्रकाश में होने वाली चमक, चमचमाहट।
7. 1. वनरक्षक, वनमाली, बागवान, (गार्डनर) 2. माला बनाने वाला व्यक्ति 3. बादल, मेघ 4. बहुत घने जंगलों वाला प्रदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नाज़ुक 2. जोखिम भरा 3. संकट में फंसा हुआ।
2. विभाजन करने वाला, अलग-अलग हिस्सों में बांटने वाला।
3. 1. धुआं 2. बादल 3. धूमकेतु 4. उल्कापात 5. कोहरा 6. अपच के कारण आने वाली डकार 7. एक ऋषि 8. मकान बनाने के लिए तैयार किया गया स्थान।
4. वह कागज़ जिसपर संपत्ति गिरवी रखने की शर्तें लिखी गई हों।
6. गीदड़ नामक जानवर।



### वर्ग पहेली -25 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 पु | ■ | ■ | 2 चु |
| 3 अ | व | स | रा | नु | कू | ल |
| व | ■ | ■ | भि | ■ | ■ | बु |
| पी | ■ | ■ | ले | ■ | ■ | ल |
| ड़ | ■ | ■ | खा | ■ | 4 वा | ■ |
| न | ■ | 5 ठ | गा | ठ | गी | ■ |
| ■ | 6 दी | ग | र | ■ | श | ■ |

## सुडोकू -33

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 7 | 5 | | | 4 |
| | | | 1 | | | 8 | | |
| 9 | | | 3 | 8 | | 5 | | 6 |
| | | 6 | | 2 | | | 3 | |
| | 4 | | 8 | | 1 | | 7 | |
| | 5 | | | 9 | | 1 | | |
| 6 | | 1 | | 5 | 8 | | | 9 |
| | | 7 | | | 4 | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 2 | | |

### सुडोकू - 32 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 3 | 9 | 1 | 6 | 7 | 2 | 8 | 4 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी-10 जुलाई 01.36 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मूल 10 जुलाई 04.50 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

**मेष:** आज विवादित मामले उभरने की आशंका है। उधार दिया हुआ धन अटक सकता है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं। घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। महिलाओं से अधिक बहसबाजी न करें। जीवनसाथी की सलाह लेना हितकारी होगा।

**वृष:** आज का दिन कुछ कमजोर हो सकता है। शत्रु पक्ष को कमजोर आंकने की गलती न करें। छोटे बच्चों की परेशानियों को हल्के में न लें। पेट में जलन महसूस हो सकती है। शाम के समय मित्रों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में आपको प्रशंसा प्राप्त होगी। साझेदारी में काम करने से लाभ मिलेगा। परिवार में विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। भाई-बन्धुओं के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आय में वृद्धि होगी। नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें। गूढ़ विषयों का अध्ययन करने में रुचि जागृत होगी। विरोधियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। समाज में आपकी ख्याति में वृद्धि होगी।

**सिंह:** आज आपकी सलाह से लोगों को लाभ होगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। मित्रों से अपने प्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तनावों को अपने ऊपर हावी न होने दें। विद्यार्थी आज कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या:** आज व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे। अपनी क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करें। मित्र आपसे मिलने घर आ सकते हैं। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा।

**तुला:** आज जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक पलों का आनन्द उठायेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। पिकनिक का विचार बना सकते हैं। सरकारी कार्यों में आपको काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है।

**वृश्चिक:** आज परिजनों के साथ संवाद बनाकर रखें। इससे आपके मन का तनाव दूर होगा। जीवन में उन्नति के नये अवसर बनेंगे। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपत्ति क्रय कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान हो सकता है।

**धनु:** आज आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। जॉब में उच्च पद प्राप्त होने की संभावना है। मनोनुकूल काम होने से आप प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**मकर:** आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। विद्यार्थियों को एकाग्रता में कमी महसूस होगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। दवाइयों पर धन खर्च हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य कम हो सकता है।

**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार आयेगा। पुराने मित्रों के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्राप्त होगा। काम के तरीके में बदलाव ला सकते हैं।

**मीन:** आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबंधन संबंधी प्रोजेक्ट्स में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे। स्वास्थ्य समस्याओं में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। काम करने के तरीके में बदलाव ला सकते हैं।

# अभिभावकों ने शिक्षा विभाग के विरुद्ध किया प्रदर्शन

## कलस्टर विद्यालय में शामिल करने पर बच्चों को 25 से 30 किलोमीटर दूर राजकीय इंटर कालेज सूखीढ़ाग की लगानी पड़ेगी दौड़

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** चम्पावत जिले के अति दुर्गम क्षेत्र तलियाबांज के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को राजकीय इंटर कॉलेज सूखीढांग में समायोजन करने के आदेश पर तलियाबांज के ग्रामीणों ने मंगलवार को विद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

तल्ला पाल विलौन संघर्ष समिति सूखीढांग के संयोजक पंडित शंकर जोशी के नेतृत्व में अभिभावकों ने स्कूली बच्चों के साथ राउमा विद्यालय तलियाबांज को इंटर कॉलेज सूखीढांग में विलय करने पर शिक्षा विभाग के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। संघर्ष समिति के संयोजक शंकर जोशी ने कहा कि दो दशकों से पिछड़े क्षेत्र में लंबे संघर्ष के बाद सितंबर 2011 में हाईस्कूल खुल पाया। 2015 में विद्यालय का भवन निर्माण पूरा हुआ। चार ग्राम पंचायतों धूरा, मथियाबांज, नौलापानी, बुढम के बीचोंबीच स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तलियाबांज को बंद कर नौनिहालों को पन्द्रह किलोमीटर दूर सूखीढांग इंटर कॉलेज जाने को मजबूर किया जा रहा है। इससे दूरस्थ क्षेत्रों बुढम, कठौल, नौलापानी, अमगढी, पाटली, मथियाबांज, बकौरिया, सुकनी आदि तोकों से लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को 20 से 25 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर सूखीढांग पहुंचना होगा। घर वापसी के लिए भी इतनी दूरी तय करनी पड़ेगी, जो कि बहुत बड़ी विडंबना है।



तलियाबांज विद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

कहा कि जहां एक ओर सरकार बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूलों को बंद कर रही है। कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के बाद तल्ला पाल विलौन संघर्ष समिति तुगलकी फरमान के विरुद्ध जनांदोलन शुरू करेगी। अभिभावकों का कहना था कि क्षेत्र के एक दर्जन ग्रामों के विधार्थियों के हाईस्कूल तक की पढ़ाई करने के लिए विद्यालय को किसी भी कीमत पर बंद नहीं होने दिया जाएगा। एसएमसी अध्यक्ष कांति बल्लभ जोशी ने कहा कि क्षेत्रीय जनता की मांग पर 31 अगस्त 2023 को टनकपुर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तलियाबांज हाईस्कूल का उच्चीकरण कर इंटर कॉलेज किए जाने की घोषणा की थी। मांग को विलोपित कर पूरे विद्यालय को बंद कर नौनिहालों को शिक्षा के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। स्वतंत्रता सेनानी चिंतामणि जोशी के पुत्र त्रिलोक चंद्र जोशी ने भी विचार रखे। प्रदर्शन में हीरा जोशी, ईश्वरी जोशी, पुष्पा जोशी, अनीता जोशी, भुवन चंद्र, मोहन जोशी, चंद्र शेखर, हीरा बल्लभ, मथुरा दत्त,नंदा बल्लभ, गुणानंद जोशी, नारायण चौहान, नाथूराम आदि लोग शामिल रहे।

# समायोजन की खबर से अभिभावकों में आक्रोश

- समायोजन निरस्त करने को जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, बैरती (अल्मोड़ा)

**अमृत विचार:** क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज चित्रेश्वर के कलस्टर विद्यालय महाकालेश्वर में समायोजन की खबर से अभिभावकों में जबर्दस्त आक्रोश है। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं शिक्षक-अभिभावक समिति तथा ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी अल्मोड़ा को एक ज्ञापन भेजा है। इसमें इंटर कॉलेज के समायोजन को निरस्त किये जाने की प्रबल मांग की गई है।

अभिभावकों का कहना है कि चौखुटिया विकास खंड के सीमावर्ती क्षेत्र के इस इंटर कालेज में दूर, दराज इलाकों से छात्र-छात्राएं यहां पढ़ने आती हैं। हर अभिभावक के लिए दूरस्थ शिक्षा के लिए अपने पाल्य को भेजना संभव नहीं है। चित्रेश्वर इंटर कालेज बैरती, पान, भगतोला, थामण, गैराड़, सेलागढ़ी-सेलाखेत, चितैली, ककनर, चितैलीगाड़, उलैनी, सुन्दरनौला व सदीगांव आदि गांवों का केन्द्र बिन्दु है। महाकालेश्वर समायोजन किये जाने पर कई बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे विशेषकर बालिकाएं। ऐसे में शिक्षा के मूल अधिकार पर भी प्रश्न चिन्ह लग जाएगा। अभिभावकों ने यह भी ऐलान कर दिया है कि चित्रेश्वर इंटर कालेज का समायोजन निरस्त नहीं हुआ तो क्षेत्र में एक व्यापक जनआंदोलन की शुरुआत होगी। ज्ञापन भेजने वालों में अध्यक्ष एसएमसी कमला देवी, अध्यक्ष शिक्षक अभिभावक संघ गोबिंद सिंह , विन्देश्वरी पांडेय, बालम सिंह, जमन सिंह, खेम सिंह, हेमचंद्र, शोभा, लीला पांडेय, विमला पांडेय, हरीश चन्द्र त्रिपाठी, महेश चंद्र पांडेय, खुशाल सिंह, दयाल वर्मा, दीपा जोशी, निहारिका गुसाईं आदि अभिभावक शामिल रहे।

# समस्याओं के निराकरण के लिए कर्मचारी मुखर



अल्मोड़ा में मंगलवार को प्रदर्शन करते नगर निगम कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा नगर निगम में नगर आयुक्त, लेखाधिकारी समेत समय पर वेतन भुगतान की मांग को लेकर कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन जारी है। मंगलवार को भी नाराज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। अधिकारियों की नियुक्ति नहीं होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी।

नगर निगम परिसर में आयोजित धरना स्थल पर कर्मचारियों ने कहा कि नगर निगम तो बना दिया है, लेकिन अब तक यहां स्थायी नगर आयुक्त और लेखाधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। जिसका खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने नगर आयुक्त की स्थायी नियुक्ति, लेखाधिकारी की नियुक्ति, वेतन पेंशन के भुगतान आदि की मांग की। कहा कि जब तक समस्याओं का निदान नहीं होगा कर्मचारी विरोध में डटे रहेंगे। इस दौरान देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ प्रदेश महामंत्री राजपाल पवार, शाखाध्यक्ष दीपक चंदेल, पार्षद भूपेंद्र जोशी, पुष्कर सिंह बिष्ट, राजेश, सतीश, अशोक, कमल आर्या, विजय अधिकारी, बबीता, मनोज मिश्रा, दीपक बिष्ट, मनोज बिष्ट, कमल कपिल, ओमी बिष्ट, पुष्पा, माया, गोविंदी, बसंती, कांता, लीला, महेश, यशपाल, पंकज, चंद्रशेखर कांडपाल, काजल पवार, प्रकाश चंद्र, जीवन ऐरी आदि रहे।

# तुन की लकड़ी के साथ तीन दबोचे

- बिना दस्तावेज चौखुटिया से लाई जा रही थी अवैध लकड़ी
- मिनी ट्रक से बरामद किए 101 तख्ते और बल्ली

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** द्वाराहाट पुलिस ने मिनी ट्रक से तुन प्रजाति की लकड़ी के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर माल और वाहन को सीज किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीते सोमवार रात करीब पौने 11 बजे टीम चौखुटिया रोड पर गश्त पर थी। इस दौरान चौखुटिया की ओर से एक मिनी ट्रक आता दिखाई दिया। पूछताछ में ट्रक सवार तीन लोगों ने अपना नाम योगेश कुमार निवासी कनार द्वाराहाट, विजय कुमार निवासी मेहल चौरा चौखुटिया और दिनेश कुमार निवासी हसनपुर बिजनौर यूपी हाल निकट जल निगम आफिस द्वाराहाट बताया। ट्रक की तलाशी लेने पर अंदर लकड़ियों का जखीरा मिला।



पुलिस की गिरफ्त में मिनी ट्रक से बरामद तुन की लकड़ी और आरोपी।

जांच करने पर तुन प्रजाति की 37 बल्ली और 64 तख्ते मिले। आरोपियों ने बताया कि वह पकड़े गए माल को चौखुटिया निवासी एक व्यक्ति से खरीदकर लाए हैं, जिसकी अनुमति वन विभाग से ली गई है। वन विभाग से तस्दीक के बाद अनुमति की बात झूठी निकली। साथ ही आरोपी बरामद लकड़ी के संबंधित दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर लिया।

# पुलिस ने जानलेवा हमले का आरोपी किया गिरफ्तार

**पिथौरागढ़, अमृत विचार:** शहर के लाशघर रोड पर राहगीर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोप है कि भूलगांव नाघर निवासी पुष्कर कापड़ी को रविवार शाम तेज रफ्तार बाइकर्स ने पहले टक्कर मारी और फिर विरोध करने पर चाकू से पुष्कर पर हमला कर दिया गया था। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक निकित खत्री निवासी पिथौरागढ़ के खिलाफ केस दर्ज किया था।

एसपी रेखा यादव ने बताया कि आरोपी को मंगलवार को चंडाक रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ कर घटना के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है।

# मतदान केंद्र नहीं बना तो नामांकन लेंगे वापस

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचार:** दारमा घाटी के मतदाताओं को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दावेदारों ने धारचूला विकासखंड मुख्यालय में भी मतदान केंद्र बनाने की मांग की है। उन्होंने डीएम को ज्ञापन देते हुए ऐसा न होने पर नामांकन वापस लेने के साथ मतदान न करने की चेतावनी दी।

धारचूला विकासखंड के दारमा घाटी के मतदाता और चुनाव के लिए नामांकन कराने वाले दावेदार कलक्ट्रेट पहुंचे और डीएम विनोद गोस्वामी को ज्ञापन दिया। कहा कि दारमा घाटी के अधिकांश मतदाता विकासखंड मुख्यालय में निवास करते हैं। मानसूनकाल में होने वाले पंचायत चुनाव के लिए मतदान करने को उन्हें बदहाल रास्तों, बंद सड़कों और दरकते पहाड़ों के बीच जान जोखिम में डालकर दारमा घाटी में बनाए गए मतदान केंद्रों में पहुंचना होगा। दारमा घाटी के दो गांव चल और सेला में बने दो पुल ध्वस्त हो चुके हैं। फीलम गांव ग्रामीणों ट्राली से खतरे के बीच आवाजाही करनी पड़ रही है। दारमा घाटी को जोड़ने वाली सड़क लगातार बंद हो रही है। ऐसे में विकासखंड मुख्यालय में रहने वाले मतदाताओं के लिए मतदान के लिए दारमा घाटी पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं है।



पिथौरागढ़ जिलाधिकारी कार्यालय पर समस्या लेकर पहुंचे धारचूला के ग्रामीण।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के चुनाव में यहां के मतदाताओं की इस परेशानी को देखते हुए दारमा घाटी के साथ ही विकासखंड मुख्यालय में मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस बार ऐसी व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में मत प्रतिशत भी घटेगा। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस पंचायत चुनाव में भी दोनों स्थानों पर मतदान की व्यवस्था नहीं की गई तो क्षेत्र के सभी दावेदार अपना नामांकन पत्र वापस लेकर चुनाव से किनारा कर लेंगे। ज्ञापन देने वालों में जीवन सिंह मार्छाल, कृष्ण सिंह फिरमाल, पूरन सिंह ग्वाल, जमन सिंह दताल, भीम सिंह, अरविंद सिंह, सुकराज सिंह, मनोज नगन्याल आदि शामिल रहे।



नगर में आवारा मवेशियों को पकड़ती छावनी परिषद की टीम। ● अमृत विचार

## खबर का असर: आवारा मवेशियों पर कसा शिकंजा

**रानीखेत, अमृत विचार :** पर्यटक नगरी रानीखेत पर पिछले कई महीनों से आवारा मवेशियों ने कब्जा जमा रखा था। झुंड बनाकर बेखौफ घूम रहे इन आवारा मवेशियों के आम लोगों पर लगातार आक्रमण से भय का माहौल बना हुआ था। विगत दिनों अमृत विचार ने 'पर्यटक नगरी पर आवारा मवेशियों का कब्जा' एवं 'घंटी वाली काली गाय के आतंक से लोग परेशान' खबर प्रकाशित की। जिसका संज्ञान लेकर आज मंगलवार को सुबह से ही छावनी परिषद रानीखेत प्रशाशन हरकत में आया। और उन्होंने मय टीम के इन सभी आक्रामक आवारा मवेशियों को पकड़ने का अभियान प्रारंभ कर दिया है। छावनी परिषद की इस सक्रियता से लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय लोगों ने कहा कि पिछले कई महीनों से वह इन आक्रामक मवेशियों के आतंक से दुखी थे। परेशान होकर लोगों ने अब आंदोलन का मन बना ही लिया था कि अमृत विचार पर लगातार ख़बरों के चलते छावनी प्रशासन हरकत में आया और आवारा मवेशियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान प्रारंभ करने से उम्मीद है की छावनी परिषद की इस सक्रियता से जल्द ही लोगों को इस परेशानी से निजात मिल जाएगी।

# दूसरा जत्था पहुंचा टनकपुर, किया स्वागत

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे जत्थे का मंगलवार को टनकपुर में परंपरागत उत्तराखंडी अंदाज में भव्य स्वागत किया गया। कुल 48 यात्रियों (34 पुरुष और 14 महिलाएं) के इस दल का स्वागत जिला प्रशासन और केएमवीएन के अधिकारियों द्वारा किया गया। केएमवीएन द्वारा यात्रियों की स्वागत व्यवस्था, ठहराव, भोजन, स्वास्थ्य परीक्षण और यात्रा मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था की गई। स्थानीय रीति-रिवाजों और आतिथ्य से सजे स्वागत के दौरान यात्रियों के चेहरों पर पवित्र यात्रा की शुरुआत को लेकर उत्साह और श्रद्धा झलक रही थी।

जानकारी देते हुए कहा, 'हमें कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे जत्थे का स्वागत करते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है। हमारी प्राथमिकता यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और यादगार यात्रा अनुभव प्रदान करना है। हमने उनके लिए हर आवश्यक सुविधा सुनिश्चित की है।



टनकपुर पहुंचने पर कैलाश यात्रा के दूसरे दल का स्वागत करते अधिकारी व अन्य।

टनकपुर में रात्रि विश्राम के बाद यह जत्था अपनी अगली यात्रा के लिए प्रस्थान करेगा, जो मंच, गुंजी, नाभीढांग होते हुए लिपुलेख दर्रे के माध्यम से पवित्र कैलाश मानसरोवर तक जाएगी। इस यात्रा को सफलतापूर्वक संचालित करने में केएमवीएन, आईटीबीपी, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य सरकार यात्रा के हर चरण में यात्रियों को सहयोग, सुविधा और सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी बलवंत कपकोटी, श्रद्धालु, स्कूली बच्चे व अन्य मौजूद रहे।

## कैलाश यात्रा दल ने किए आदि कैलाश के दर्शन

**पिथौरागढ़ :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले दल ने मंगलवार को आदि कैलाश के दर्शन किए। इस दौरान यात्रियों ने पूजा अर्चना कर भगवान भोले का आशीर्वाद लिया। यह इतिहास का पहला मौका है, जब मानसरोवर जाने वाले किसी भी यात्री दल ने भारत में स्थित आदि कैलाश के भी दर्शन किए हैं। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने बताया कि आदि कैलाश तक सड़क बनने के बाद यह संभव हो पाया है कि मानसरोवर यात्रियों ने आदि कैलाश के भी दर्शन किए। उन्होंने बताया कि आदि कैलाश के दर्शनों के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल नाभीढांग पहुंच गया है, जहां वह ओम पर्वत के दर्शनों के साथ ही दो दिन यात्रा दल यही रहेगा और उच्च हिमालयी मौसम के अनुकूल होगा। दो दिन के बाद यात्रियों का पहला दल चीन में प्रवेश कर जाएगा।



देवीधुरा में निर्माणाधीन पुलिस चौकी का निरीक्षण करते डीएम और एसपी।

## डीएम व एसपी ने पुलिस चौकी का किया निरीक्षण

**चम्पावत, अमृत विचार :** डीएम मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने मंगलवार को देवीधुरा में निर्माणाधीन दोमंजिला पुलिस चौकी का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, भवन की संरचना, सुरक्षा व्यवस्था एवं उपयोगिता संबंधी बिंदुओं की गंभीरता से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान रिटेनिंग वॉल की आवश्यकता, मालखाना तथा लॉकअप की स्थिति का विशेष रूप से अवलोकन किया गया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए। कहा कि विशेष रूप से बग्वाल मेले जैसे बड़े आयोजनों के दौरान यह पुलिस चौकी कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एसपी ने कहा कि आगामी बग्वाल मेले को ध्यान में रखते हुए इस पुलिस चौकी का संचालन जल्द प्रारंभ किया जाना आवश्यक है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था मिल सके। इस दौरान तहसीलदार पाटी जगदीश नेगी, देवीधुरा चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारी रहे।

बैठक — अल्मोड़ा में पंचायत चुनावों के लिए प्रथम रैंडमाइजेशन, जिलाधिकारी ने समयबद्ध सूचना आदि के संबंध में दिए निर्देश

# पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रथम की ड्यूटी निर्धारित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जारी है। सोमवार को प्रथम रैंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम की ड्यूटी निर्धारित की गई।

डीएम आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी प्रथम के चयन के लिए प्रथम रैंडमाइजेशन प्रक्रिया संपन्न हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेषीकृत सॉफ्टवेयर के माध्यम से यह प्रक्रिया की गई। इसमें जिले के सभी 11 ब्लॉकों से प्राप्त कार्मिकों का डेटा शामिल किया गया। चयन कर पोलिंग पार्टियों में उनका स्थान निर्धारित किया गया। पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम की ड्यूटी निर्धारित की गई। इस आधार पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम और तैनाती की रूपरेखा तैयार की जाएगी। डीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत गंभीर और संवेदनशील दायित्व है। इसमें नियुक्त प्रत्येक कार्मिक की अहम भूमिका होती है। उन्होंने चयनित अधिकारियों को समयबद्ध सूचना देने, शत-प्रतिशत प्रशिक्षण उपस्थिति के निर्देश दिए। यहां सीडीओ रामजीशरण शर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिवा पांडेय आदि मौजूद रहे।



पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य।

## दिव्यांग वोटरों के लिए रैंप, व्हीलचेयर की व्यवस्था करें

**अल्मोड़ा :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को लेकर सोमवार को डीएम ने बैठक ली। इस दौरान डीएम ने अधिकारियों को दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर आदि व्यवस्था के निर्देश दिए। डीएम आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में कुल 6005 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की कोई भी पात्र दिव्यांग मतदाता मतदान से वंचित न रहे। फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की प्रक्रिया को प्राथमिकता से पूरा करें। समाज कल्याण विभाग से पेंशन प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों के डेटा का मिलान करते हुए उनकी सूची तैयार की जाए। दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर, डोली, पीने के पानी की सुविधा, शौचालय आदि बुनियादी सुविधाएं समुचित रूप से उपलब्ध हों। बैठक में एडीएम सीएस मर्तोलिया, सीडीओ रामजीशरण शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी आराधना त्रिपाठी, सीईओ अत्रेश सयाना आदि रहे।

# सरकारी योजनाओं का दें लाभ

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष एवं दर्जा राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने मंगलवार को टनकपुर नगर पालिका सभागार में सफाई कर्मियों और पर्यावरण मित्रों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

इस दौरान उपाध्यक्ष मकवाना ने टनकपुर, बनबसा और चम्पावत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए ईपीएफ, वर्दी, चिकित्सा सुविधा और उचित वेतनमान जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मकवाना ने 'नमस्ते योजना' के अंतर्गत सभी सफाई कर्मियों को मैनुअल स्कैवेंजर्स के रूप में पंजीकृत कराने के निर्देश दिए ताकि उन्हें केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने चिकित्सा सुविधा, सामाजिक सुरक्षा और बीमा कवर जैसी सेवाओं को समयबद्ध उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने पूर्ति विभाग, समाज कल्याण विभाग तथा जल संस्थान को निर्देश दिए कि वे सफाई कर्मियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दें और लाभार्थी किट एवं सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराएं।



टनकपुर में दर्जा राज्य मंत्री भगवत मकवाना का फूल माला से स्वागत करते कार्मिक।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा रेखा देवी, भरत त्रिपाठी, भूपेंद्र प्रकाश जोशी, दीपचंद बुढलाकोटी, बहादुर सिंह, सीएमएस घनश्याम तिवारी, देवेश पांडे, देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमलेश कुमार वाल्मीकि, मुन्नी देवी, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# व्यापार समझौते पर सावधानी बरते भारत

## जीटीआरआई ने कहा- जवाबी शुल्क के सामने झुकाने का है अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का मॉडल

- समयसीमा बढ़ाए जाने से भारत को मिला तीन सप्ताह का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देते समय भारत को सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का मॉडल मुक्त व्यापार समझौते का नहीं बल्कि अमेरिकी जवाबी शुल्क के सामने झुकने का है।

शोध संस्थान ने कहा कि अमेरिका ने बढ़ाए शुल्क लागू करने की समय-सीमा को नौ जुलाई से बढ़ाकर एक अगस्त कर दिया है, जिससे देश-विशिष्ट शुल्क लागू होने से पहले अंतिम तीन सप्ताह का समय मिल जाएगा। ट्रंप ने कार्यकारी आदेश में कई देशों पर बढ़ाए शुल्क को टालने की अवधि 1 अगस्त तक बढ़ा दी है। शुल्क पर यह 90 दिवसीय निलंबन नौ जुलाई को समाप्त होना था। हालांकि ट्रंप प्रशासन ने सोमवार को कई देशों को पत्र भेजे, जिसमें उनके उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्कों का ब्योरा है। इन देशों में हालांकि भारत को शामिल नहीं किया गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, अब ट्रंप दबाव बढ़ा रहे हैं। 7 जुलाई को उन्होंने 14 देशों को भेजे पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें बताया गया कि यदि वे समझौता करने में विफल रहे तो 1 अगस्त से उन्हें कितने शुल्क का सामना करना पड़ेगा।

ट्रंप प्रशासन ने जापान, दक्षिण कोरिया, कजाकिस्तान, मलेशिया, ट्यूनीशिया पर सोमवार को 25% शुल्क लगाने की घोषणा की। श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका के अंतिम नोटिस में दी चेतावनियों में देशों के पास दो विकल्प हैं कि वे अमेरिकी शर्तों पर हस्ताक्षर करें या जवाबी शुल्क का सामना करें। चीन से अमेरिका का आयात मई 2025 में सालाना आधार पर 35% कम था। समयसीमा के खत्म होने की ओर बढ़ते हुए.. आगामी दिनों में समझौते की घोषणा करने वालों की सूची में भारत सबसे आगे नजर आ रहा है लेकिन उसे सावधानी से आगे बढ़ना होगा। श्रीवास्तव ने आग्रह किया कि समझौतों को दरकिनार करने तथा ब्रिक्स सदस्यों पर एकतरफा शर्तें थोपने की अमेरिका की इच्छा जाहिर करने के मद्देनजर भारत को असंतुलित समझौते के जोखिमों और संबंधों के महत्व पर गौर करना चाहिए।



### भारत को कपड़ा, फुटियर क्षेत्रों में होगा लाभ: निर्यातक

नई दिल्ली। बांग्लादेश और थाईलैंड सहित एक दर्जन से अधिक देशों पर उच्च शुल्क लगाने के अमेरिका के फैसले के बाद भारत के परिधान और फुटवियर जैसे निर्यात क्षेत्रों को वहां के बाजार में प्रतिस्पर्धी लाभ मिलने की उम्मीद है। निर्यातकों ने यह बात कही। बांग्लादेश 2024 में 13.15% बाजार हिस्सेदारी के साथ अमेरिका को परिधान (बिना बुना हुआ) का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में भारत का अमेरिका को निर्यात 2.5 अरब डॉलर था। लेकिन भारत शीर्ष तीन देशों में नहीं है। बुने हुए परिधानों में कंबोडिया की हिस्सेदारी 6% है और यह भारत (5.09%) से आगे है। एक निर्यातक ने कहा, अमेरिकी परिधान बाजार में भारत को बांग्लादेश और वियतनाम से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। बांग्लादेश पर उच्च शुल्क से अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो (फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि चमड़ा और परिधान जैसे क्षेत्रों को भारत के प्रतिस्पर्धी देशों से प्रतिस्पर्धी लाभ मिल सकता है। मुंबई के एक निर्यातक ने कहा कि थाईलैंड पर बढ़े हुए शुल्क से रबड़ और उससे उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी हो सकती है।

# टमाटर महंगे, शाकाहारी-मांसाहारी थाली के बढ़े दाम

बात काम की



बारिश के मौसम में आवक कम होने से टमाटर के दाम बढ़ने के साथ ही रसोई पर भी भार बढ़ गया है, जिसने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। क्रिसिल के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत में तीन तो मांसाहारी थाली की कीमतों में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। वहीं आवक में 8% की गिरावट से टमाटर के दाम बढ़ गए है और आलू के दाम में भी 4% की वृद्धि दर्ज की गई, जिसका सीधा असर आम लोगों की जेबों पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

### ब्रॉयलर की कीमतों में 5% की हुई वृद्धि

शाकाहारी थाली की कीमत मई में 26.2 रुपये की तुलना में जून में 3% बढ़कर 27.1 रुपये हो गई, जबकि मांसाहारी थाली की कीमत मई में 52.6 रुपये थी जो जून में 4% बढ़कर 54.8 रुपये हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की मासिक 'रोटी, चावल, दर' रिपोर्ट के अनुसार आवक में 8% की गिरावट से जून में टमाटर की कीमत में 36% की वृद्धि हुई, जिससे थाली की कीमत बढ़ गई। वहीं आलू की कीमत में 4% की वृद्धि हुई है। वहीं मांसाहारी थाली में ब्रॉयलर की कीमतों में 5% की वृद्धि हुई है। क्रिसिल के निदेशक पुशन शर्मा ने कहा कि मौसमी बदलावों से सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी से थाली की लागत बढ़ेगी। प्याज के आवक में अभाव और रबी स्टॉक को नियंत्रित ढंग से जारी किये जाने से और टमाटर की गर्मियों में कमजोर बुवाई से कीमते बढ़ेगी। सालाना आधार पर शाकाहारी भोजन में 8% और मांसाहारी भोजन में 6% की गिरावट आई है।

### शाकाहारी थाली की लागत

- शाकाहारी थाली = (चावल/रोटी) + (दाल की लागत) + (सब्जियों की लागत) + (तेल की लागत) + (मसालों की लागत) + (अन्य जैसे अचार/सलाद)

### मांसाहारी थाली की लागत

- मांसाहारी थाली = शाकाहारी थाली + (मांस/ब्रॉयलर की लागत) + (अतिरिक्त तेल व मसालों की लागत)

### मई-जून में थालियों के मूल्य

| थाली | मई | जून | बदलाव (%) |
|---|---|---|---|
| शाकाहारी थाली | 26.2 | 27.1 | 3% वृद्धि |
| मांसाहारी थाली | 52.6 | 54.8 | 4% वृद्धि |

# जेन स्ट्रीट की जांच 2024 में शुरू हुई : बुच

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक अप्रैल, 2024 से जेन स्ट्रीट मामले पर नजर रखे हुए है। उन्होंने नियामकीय विफलता का आरोप लगाने के प्रयासों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

लिखित बयान में बुच ने जेन स्ट्रीट के खिलाफ सेबी के अंतरिम आदेश के घटनाक्रम का उल्लेख किया। सेबी ने विदेशी हेज कोष जेन स्ट्रीट पर हेराफेरी के जरिये वायदा एवं विकल्प सौदों से अर्जित 4,800 करोड़ से अधिक राशि को जब्त करने और उसकी बाजार पहुंच रोकने का पिछले सप्ताह आदेश जारी किया था। बुच ने कहा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक वर्ग स्पष्ट तथ्यों को नजरअंदाज कर यह कहकर गलत कहानी गढ़ने का प्रयास कर रहा है कि सेबी की ओर से नियामकीय विफलता हुई है। घटनाक्रम से पता चलता है कि सेबी ने मामले की जांच अप्रैल, 2024 में ही शुरू कर दी थी। नियामक ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें सूचकांक में हेरफेर की पहचान, परिपत्र जारी करना और जेन स्ट्रीट को अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 के बीच कुछ खास ट्रेडिंग पैटर्न को बंद करने और रोकने के लिए चेतावनी पत्र जारी करना शामिल है। अक्टूबर, 2024 में सेबी द्वारा भी नीतिगत हस्तक्षेप शुरू किए और अंततः फरवरी, 2025 में सेबी ने एनएसई को जेन स्ट्रीट को बंद करें एवं रोकें पत्र जारी करने का निर्देश दिया।



- सेबी की पूर्व चेयरपर्सन ने नियामकीय विफलता का आरोप लगाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण बताया

# फास्टैग से टोल संग्रह 19.6% बढ़कर 20,682 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (एनईसीटी) के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में फास्टैग के जरिये राज्य और राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह 19.6 प्रतिशत बढ़कर 20,681.87 करोड़ रुपये हो गया।

एनईटीसी के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में टोल उपयोगकर्ताओं की संख्या भी 16.2 प्रतिशत बढ़कर 117.3 करोड़ हो गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 100.98 करोड़ थी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एक अप्रैल, 2025 से देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में औसतन 4-5 प्रतिशत की वृद्धि की थी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल में कहा था कि सरकार 15 अगस्त से निजी वाहनों के लिए 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग-आधारित वार्षिक पास पेश करेगी।

# बैंक और आईटी ने शेयर बाजार को दिया बल

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 270 अंक के लाभ में रहा। वहीं एनएसई का निफ्टी 25,500 अंक के ऊपर बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में मजबूत रुख के साथ बैंक तथा चुनिंदा आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती आई।

बीएसई का सेंसेक्स 270.01 अंक की तेजी के साथ 83,712.51 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 18 लाभ में जबकि 12 नुकसान में रहे। एनएसई का निफ्टी 61.20 अंक की बढ़त के साथ 25,522.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार समाप्त होने से पहले कुछ शेयरों में लिवाली हुई। निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में ठोस प्रगति का इंतजार है। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। हालांकि, टाइटन में 6% से ज्यादा की गिरावट आई। इसके अलावा ट्रेंट, एक्सिस बैंक, मारुति और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर नुकसान में रहे।



- सेंसेक्स 270 अंक चढ़ा तो निफ्टी 25,500 अंक के ऊपर हुआ बंद

### एशियाई बाजारों में भी बढ़त

बीएसई स्मॉलकैप 0.17% नीचे आया, जबकि मिडकैप 0.01% की मामूली बढ़त के साथ स्थिर रहा। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में बंद हुए। यूरोप में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.59% टूटकर 69.17 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 321.16 करोड़ के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी 1,853.39 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### इंडिगो के विमान में बम की अफवाह पर प्राथमिकी

चंडीगढ़। हैदराबाद से गत सप्ताह शहीद भगत सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे इंडिगो के विमान में बम की अफवाह के संबंध में पंजाब पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि 5 जुलाई को हवाई अड्डे पर उतरने के बाद विमान की सफाई के दौरान उसके शौचालय में अंदर बम है लिखा एक टिशू पेपर मिला था। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अमरप्रीत सिंहने बताया कि ये सूचना लिखी मिलने के बाद विमान की गहन तलाशी ली गई, लेकिन इस दौरान कोई विस्फोटक नहीं मिला।

#### एमबीबीएस छात्र की याचिका पर सुनवाई से शीर्ष इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एमबीबीएस छात्र की उस याचिका पर सुनवाई करने से मंगलवार को इनकार कर दिया, जिसमें उसने ओडिशा स्थित मेडिकल कॉलेज में उसका दाखिला कोई पूर्व सूचना दिए बिना रद्द किए जाने को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और आर महादेवन की आंशिक कार्य दिवस (पीडब्ल्यूडी) पीठ ने छात्र के वकील हर्षित अग्रवाल से कहा कि वह अपनी शिकायतें लेकर हाईकोर्ट जाएं। याचिका को वापस लिया गया मानकर खारिज किया जाता है।

#### हिरासत में भेजे गए विधि छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी

कोलकाता। अलीपुर अदालत ने मंगलवार को साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म में आरोपी तीन लोगों को 22 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस अभियोजकों ने अनुरोध किया कि मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा, जैब अहमद तथा प्रमित मुखर्जी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाए, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

# वन भूमि पर बना सकते हैं स्कूल-सड़क

## पर्यावरण मंत्रालय को लिखे पत्र में एमओटीए ने कहा- सार्वजनिक निर्माण के लिए मंजूरी जरूरी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

जनजातीय मामलों के मंत्रालय (एमओटीए) ने पर्यावरण मंत्रालय को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि वन अधिकार अधिनियम (एफआरए)-2006 के तहत वन भूमि पर स्कूल, आंगनवाड़ी और सड़क जैसी सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण के लिए वन्यजीव मंजूरी जरूरी नहीं है, बशर्ते कि इनकी सिफारिश ग्राम सभा द्वारा की गई हो। मंत्रालय ने दो जुलाई को जारी ज्ञापन में एफआरए की धारा 3(2) को लेकर यह स्पष्टता दी है।

यह धारा वन क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जनजातियों व अन्य पारंपरिक वनवासियों (ओटीएफडी) के लिए बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए वन भूमि के सीमित उपयोग की अनुमति देती है। इसमें स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सड़कें और सिंचाई परियोजनाएं हैं। ज्ञापन अनुसार, एफआरए की धारा 3(2) कहती है कि वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में जो भी नियम हैं, उसके बावजूद केंद्र सरकार वन भूमि को स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क जैसी जरूरी सुविधाएं बनाने को इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकती है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि ग्राम सभा इसे मंजूरी दे। अक्टूबर 2020 में जारी पत्र में, पर्यावरण मंत्रालय ने कहा था कि एफआरए की धारा 13 जो कहती है कि कानून फिलहाल लागू किसी अन्य कानून के अतिरिक्त है और उसका खंडन नहीं करता है, का तात्पर्य है कि धारा 3(2) को लागू करने के लिए वन्यजीव मंजूरी की जरूरत होगी। जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने अब यह स्पष्ट किया है कि एफआरए की धारा 3(2) संवैधानिक अधिकारों और सुरक्षा उपायों में निहित है, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 14, 19(1)(ई) और 21, साथ ही पांचवीं और छठी अनुसूचियां शामिल हैं, जो जनजातीय अधिकारों की रक्षा करती हैं। पत्र अनुसार, धारा 3(2) के तहत वन भूमि के उपयोग में बदलाव के अधिकार को धारा 2(ई), 4(1), 4(2) और 4(7) के साथ पढ़ाना चाहिए। ये प्रावधान पुष्टि करते हैं कि वन अधिकार आदिवासी और वनवासी समुदायों में ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने के लिए निहित हैं। शोधकर्ता सीआर बिजॉय ने कहा कि पर्यावरण मंत्रालय के 2020 के पत्र का वन अधिकारियों द्वारा एफआरए की धारा 3(2) के तहत वन गांवों में बुनियादी सुविधाओं को अवरुद्ध करने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया गया है, जबकि राज्यों को कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं किया गया है।



- अधिनियम बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए वन भूमि के सीमित उपयोग की देती है अनुमति

# कक्षा छह में 53% विद्यार्थी ही जानते हैं 10 तक का पहाड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय के सर्वेक्षण अनुसार कक्षा 3 के 55% छात्र 99 तक की संख्याओं को आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित कर सकते हैं, जबकि कक्षा 6 के 53% छात्र 10 तक का पहाड़ा जानते हैं। समग्र विकास के लिए ज्ञान का प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और विश्लेषण (परख) राष्ट्रीय सर्वेक्षण, जिसे पहले राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) के रूप में जाना जाता था, पिछले साल चार दिसंबर को आयोजित किया गया था।

इस सर्वेक्षण में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 781 जिलों के 74,229 स्कूलों में कक्षा 3, 6 और 9 के सरकारी और निजी दोनों स्कूलों के 21,15,022 छात्रों को शामिल किया गया था। तीनों कक्षाओं के 1,15,022 बच्चों का मूल्यांकन हुआ और 2,70,424 शिक्षकों और स्कूल का नेतृत्व करने वालों ने प्रश्नावली के माध्यम से जवाब दिया। रिपोर्ट के अनुसार, कक्षा 3 के 55% विद्यार्थी ही 99 तक की संख्याओं को आरोही या अवरोही क्रम में व्यवस्थित कर सकते हैं, जबकि 58% विद्यार्थी दो अंकों की संख्याओं का जोड़ और घटाव कर सकते हैं। छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर गणित में सबसे कम अंक (46%) प्राप्त किए, जबकि भाषा में औसतन 57% और हमारे आस-पास की दुनिया में 49% अंक प्राप्त किए। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, ऐसे उदाहरण जहां 50% से कम छात्र सही उत्तर देने में सक्षम थे। कक्षा नौ में केंद्र सरकार के स्कूलों के छात्रों ने सभी विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, भाषा में स्पष्ट बढ़त हासिल की।

- शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, कक्षा 3 के 55% छात्र 99 तक की संख्याओं को आरोही या अवरोही क्रम में कर सकते हैं व्यवस्थित

# खरगे ने किया मुर्मू-कोविंद के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने आरोप लगाते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए कहा

भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के खिलाफ कुछ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग कर उनका अपमान करने का आरोप लगाया और उनसे तथा उनकी पार्टी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा।

एक दिन पहले खरगे ने छत्तीसगढ़ में राष्ट्रपति मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के नामों का गलत उच्चारण किया था, लेकिन तुरंत ही गलती सुधार ली। खरगे ने सोमवार को रायपुर की जनसभा में कहा था, भाजपा हमेशा द्रौपदी मुर्मू और (रामनाथ) कोविंद को राष्ट्रपति बनाने की बात करती है, लेकिन क्या पार्टी ने ये सब हमारी संपत्ति, जंगल, जल और जमीन छीनने के लिए किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि खरगे ने राष्ट्रपति मुर्मू और पूर्व राष्ट्रपति कोविंद के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भाटिया ने कहा खरगे ने रामनाथ कोविंद को कोविड और राष्ट्रपति को मुरमा कहा और राष्ट्रपति मुर्मू को भू-माफिया कहते हैं और आरोप लगाते हैं कि वह संपत्ति, जंगल छीनने के लिए राष्ट्रपति बनी हैं।

# नेशनल हेराल्डः ईडी ने आरोपियों की दलीलों का किया विरोध

नई दिल्ली। ईडी ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपियों की दलीलों का विरोध किया। आरोपियों ने अपनी दलीलें पूरी कर लीं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष पेश होते हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र प्रकाशित करने वाली एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन के बीच हुआ लेन-देन एक दिखावा था। संघीय एजेंसी ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, साथ ही सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण पर साजिश और धन शोधन का आरोप लगाया है।

- एजेएल और यंग इंडियन के बीच किया गया लेन-देन एक दिखावा था

### परेशानी की बारिश




दक्षिणी पश्चिम बंगाल में मूसलाधार बारिश के कारण मंगलवार सुबह कोलकाता और उसके पड़ोसी इलाकों के कई हिस्सों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। एजेंसी

# तमिलनाडु में स्कूल वैन ट्रेन की चपेट में आई, तीन छात्रों की मौत

कडलूर (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में कडलूर जिले के सेम्मनगुप्पम में मंगलवार सुबह स्कूल वैन के ट्रेन की चपेट में आने से तीन छात्रों की मौत हो गई। दक्षिण रेलवे ने इस घटना के लिए माफी मांगी है और उसने बताया कि रेलवे फाटक पर तैनात गेटकीपर को निलंबित कर गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि सुबह पौने आठ बजे छात्रों को ले जा रही स्कूल वैन ने कडलूर और अलप्पक्कम के बीच रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 170 को पार करने का प्रयास किया और इस दौरान वह ट्रेन संख्या 56813 विल्लुपुरम-मयिलादुथुराई यात्री ट्रेन की चपेट में आ गई। पुलिस ने बताया कि स्कूली वैन टक्कर लगने से रेलवे क्रॉसिंग से कुछ दूर उछलकर गिरी। लोको पायलट ने कुछ दूर जाकर ट्रेन को रोक लिया। रेलवे ने कहा कि वैन चालक ने देर से बचने के लिए फाटक खोलने पर जोर दिया, जबकि वैन चालक और घायलों में एक छात्र ने दावा किया कि फाटक खुला हुआ था।

# रोजगार देने के लिए नीतीश बनाएंगे बिहार युवा आयोग

पटना, एजेंसी

- मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग के गठन के प्रस्ताव को दी मंजूरी

नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर देने के उद्देश्य से बिहार युवा आयोग गठित करने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में आयोग के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

विपक्ष के राज्य में रोजगार के अवसरों की कमी के आरोपों के बीच, विस चुनाव से कुछ महीनों पहले यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बिहार के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा उन्हें सशक्त एवं सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है। यह आयोग युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित मामलों पर सरकार को सलाह देने में भूमिका निभाएगा। यह बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ समन्वय भी करेगा।

# दिल्ली दंगे के आरोपियों को कब तक जेल में रख सकते हैं : हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को पुलिस से सवाल किया कि फरवरी 2020 के दंगों से संबंधित आतंकी मामले में आरोपियों को कितने समय तक जेल में रखा जा सकता है, क्योंकि मामले के पांच साल बीत गए हैं और आरोपों पर बहस अभी पूरी नहीं हुई है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने दंगों में बड़ी साजिश से संबंधित मामले में आरोपी तस्लीम अहमद की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस से यह सवाल किया।

# चार नदियों में भीषण बाढ़ 11 नदियां खतरे से ऊपर

नई दिल्ली। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने मंगलवार को बताया कि असम, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में चार नदियों में भीषण बाढ़ आ गई है, जबकि 11 अन्य नदियां खतरे से ऊपर बह रही हैं। किसी भी नदी ने पिछले उच्चतम बाढ़ स्तर को पार नहीं किया है, जबकि असम के गोलाघाट जिले में धनसिरी (दक्षिण) और नुमालीगढ़ में नदियां खतरे के निशान से ऊपर हैं। मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी मंडला में खतरे के निशान से थी, हालांकि जल स्तर में कमी देखी गयी है। वहीं, महाराष्ट्र के भंडारा में वैनगंगा नदी ने खतरे के निशान को पार कर लिया है। इनके अलावा, असम, बिहार, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में 11 नदियां सामान्य से ऊपर हैं। उत्तर प्रदेश में एल्गिनब्रिज पर घाघरा नदी, बिहार के डुमरिया घाट पर गंडक नदी, और ओडिशा में बैतरणी तथा जलका नदियां भी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही हैं, हालांकि इनके जल बहाव में भिन्नता देखी गई है।

# गोपाल खेमका की हत्या का मुख्य संदिग्ध मुठभेड़ में ढेर

पटना, एजेंसी

- पुलिस ने मामले में पहले ही दो लोगों को किया है गिरफ्तार

उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के मामले का प्रमुख संदिग्ध पटना के दमरिया घाट इलाके में सोमवार देर रात को पुलिस से हुई मुठभेड़ में मारा गया। संदिग्ध विकास उर्फ राजा (29) कई अन्य आपराधिक मामलों में भी वांछित था।

अधिकारी ने बताया कि हत्या मामले की जांच कर रहे अधिकारियों की टीम विकास की तलाश में देर रात 2.25 बजे दमरिया घाट पहुंची। पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की और गोलियां चलाईं। ने जवाबी कार्रवाई की जिसमें वह मारा गया। इस घटना में किसी भी पुलिसकर्मी को चोट नहीं आई है। मौके से एक पिस्तौल एवं कारतूस बरामद किए गए हैं। आशंका है कि पटना में मालसलामी निवासी विकास ने ही खेमका की हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार मुहैया कराया था। पुलिस ने पहले ही उमेश राय को गिरफ्तार किया है और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जिस पर सुपारी देने का संदेह है।

# भारत को लॉर्ड्स में तेजी व उछाल से मात देना चाहता है इंग्लैंड

## तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम अपनी रणनीति में कर रही कई बदलाव

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड ने इस सप्ताह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इस मैच में जॉफ्रा आर्चर और गस ऐटकिंसन की वापसी हो सकती है। इसके साथ ही वे भारत से एजबस्टन में मिली 336 रन की बुरी हार से भी उबरना चाहते हैं।

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। पिछले महीने लॉर्ड्स में हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा था, जहां पैट कमिंस और कैगिसो रबाडा को अच्छी सीम मूवमेंट मिली थी। मैकुलम ने भी ऐसी ही पिच की मांग की है, जिसमें थोड़ी रफ्तार, उछाल और मूवमेंट हो।

उन्होंने कहा यह मैच शानदार होगा, लेकिन अगर पिच में जान रही तो यह और भी जबरदस्त होगा। 2018 में लॉर्ड्स की हरियाली भरी पिच पर भारत बुरी तरह फंस गया था, लेकिन चार साल पहले टीम ने यहां पर एक रोमांचक टेस्ट मैच भी जीता था। भारत बर्मिंघम में आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा है। वह भी एक अलग तरह की पिच की उम्मीद कर रहा है। उनके कप्तान शुभमन गिल ने कहा देखते हैं लॉर्ड्स में हमें कैसी पिच मिलती है। मेरा अंदाजा है कि यह सपाट नहीं होगी। आर्चर ने दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड के साथ अभ्यास किया था और पूरी तरह से गेंदबाजी भी की थी। वह पिछले महीने ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लौटे और धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। कोहनी और पीठ की चोटों के चलते वह फरवरी 2021 से टेस्ट क्रिकेट से बाहर हैं।

मैकुलम ने इशारा दिया है कि वह वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कहा वह (आर्चर) चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज लगातार दो टेस्ट खेल चुके हैं और अब हमें मुख्य मैदान पर जाना है। हम इस मैच के बाद हम स्थिति का आकलन करेंगे। वहीं जोफ्रा फिट हैं, मज़बूत हैं, खेलने के लिए तैयार हैं और वह चयन के दायरे में होंगे। यह हमारे लिए एक उत्साहजनक खबर है। वह टीम के साथ रहकर काफी खुश हैं और उनका टीम के साथ होना शानदार है। उन्होंने काफी चोटें झेली हैं और लंबे समय तक टेस्ट क्रिकेट से दूर रहे हैं। लेकिन हम सभी जानते हैं कि वह टेस्ट क्रिकेट में क्या हासिल कर सकते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि उन्हें जो भी अवसर मिलेगा, वह उसमें बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। इंग्लैंड के पास गुरुवार से पहले सिर्फ एक पूर्ण अभ्यास सत्र होगा क्योंकि पहले दो टेस्ट में उन्हें कुल 443 ओवर फील्डिंग करनी पड़ी है। उन्होंने मंगलवार का वैकल्पिक अभ्यास सत्र रद्द कर दिया है और ब्राइडन कार्स, जॉश टंग और क्रिस वोक्स के लिए पहली प्राथमिकता उनकी रिकवरी होगी। जिम्बाब्वे के खिलाफ हैमस्ट्रिंग खिंचाव के बाद एटकिंसन की कमी इंग्लैंड को खली है और उनकी रिकवरी उम्मीद से ज्यादा लंबी रही है। लेकिन उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है, , जिसमें आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। एटकिंसन का लॉर्ड्स में शानदार रिकॉर्ड रहा है।

मैकुलम ने कहा हमें गस को अच्छी तरह देखना होगा। हम देखेंगे इस टेस्ट के बाद उनकी स्थिति क्या रहती है। तेज गेंदबाजों का वर्कलोड बहुत अधिक रहा है।



इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम व कप्तान बेन स्टोक्स। • एजेंसी

### स्टोक्स की बल्लेबाजी फॉर्म में गिरावट आई : आर्थर्टन

**लंदन :** पूर्व कप्तान माइकल आर्थर्टन ने एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में मेजबान टीम की भारत के हाथों शर्मनाक हार के बाद कहा कि बेन स्टोक्स की बल्लेबाजी फॉर्म में पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरावट आई है, विशेषकर ऐसे समय में जब उन्हें आलोचनाओं का सामना कर रही इंग्लैंड टीम की आगे बढ़कर अगुवाई करनी चाहिए।



लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर प्रशिक्षण सत्र के दौरान भारतीय खिलाड़ी। • एजेंसी

# बुमराह ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया

**लंदन, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह वापसी के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं क्योंकि भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने लॉर्ड्स टेस्ट से पहले नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। उन्होंने लगभग 45 मिनट तक गेंदबाजी करने के बाद बाएं हाथ की स्पिन और थ्रोडाउन के खिलाफ बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया।

कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन में यह स्पष्ट कर दिया था कि गेंदबाजी के बोझ के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहने वाले बुमराह फिर से मैदान पर उतरेंगे। तीसरे टेस्ट से पहले टीम के पहले सत्र में बुमराह काफी जोश में नजर आए। उन्होंने लगातार अपने साथी खिलाड़ियों और कई बार भारतीय मीडिया से भी बातचीत की। पूरी संभावना है कि एकादश में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को मौका दिया जाएगा। बुमराह ने सत्र में धीरे-धीरे पूरी ताकत से गेंदबाजी की लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने और भी कड़ी मेहनत की और करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। पिच से बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। ऐसे में यह देखना होगा कि भारत एजबेस्टन की तरह दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरता है या नहीं। नितीश रेड्डी चौथे तेज गेंदबाज के विकल्प थे। गिल, लोकेश राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया। पहले दो टेस्ट मैच में सिराज ने भारतीय तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक ओवर फेंके हैं। सिराज हमेशा मैदान पर अपना शत प्रतिशत देते हैं पर भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि उनके काम के बोझ का प्रबंधन किया जाएगा।



जसप्रीत बुमराह। • एजेंसी

## एक नजर

### अर्जुन एरिगैसी और गुकेश को फिडे ग्रैंड स्विस में शीर्ष वरीयता

**नई दिल्ली :** भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और विश्व चैंपियन डी गुकेश को उज्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले चौथे फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में क्रमश: पहली और दूसरी वरीयता दी गई है। इस प्रतियोगिता में बढ़ी हुई पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के टिकट दांव पर होंगे। नियमों के अनुसार, ओपन और महिला प्रतियोगिता दोनों में शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाएंगे। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने जुलाई 2024 और जून 2025 के बीच 30 से अधिक क्लासिकल मैच खेल हो। पूर्व विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएंगे।

### हॉकी कोच फुल्टन ने प्रो लीग में हार की जिम्मेदारी ली

**नई दिल्ली :** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन की मंगलवार को पूरी जिम्मेदारी ली। इस हार के साथ ही अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए इस प्रतियोगिता के माध्यम से क्वालीफाई करने की भारत की उम्मीदें खत्म हो गईं। फुल्टन ने चीजों को 'सुधारने' के साथ एशिया कप में बेहतरीन प्रदर्शन कर विश्व कप में जगह बनाने का वादा किया। भारतीय टीम भुवनेश्वर में प्रो लीग के आठ घरेलू मैचों के बाद 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर थी, लेकिन यूरोपीय दौरे पर वह सिर्फ तीन अंक ही जोड़ पाई।

### मैराज, गनेमत और भवतेग फाइनल में जगह बनाने के करीब

**लोनाटो (इटली) :** भारतीय निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने दूसरे दिन 25 के दो परफेक्ट राउंड बनाकर खुद को मैराज अहमद खान के साथ यहां आईएसएसएफ विश्व कप (शॉटगन) में पुरुषों की स्कीट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। पहले चार क्वालीफाइंग राउंड के बाद इन दोनों का स्कोर 98 है। महिलाओं की स्कीट में गनेमत सेखों भी 24-24 राउंड के साथ फाइनल में पहुंचने की मजबूत दावेदार बनी हुई है। पुरुषों की स्कीट में भवतेग ने अब तक चार में से तीन राउंड में 25 का परफेक्ट स्कोर बनाया।

### चोटिल रऊफ और शादाब पाकिस्तान की टी20 टीम से बाहर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और आलराउंडर शादाब खान चोटिल होने के कारण इस महीने बांग्लादेश में होने वाली टी-20 शृंखला में नहीं खेल पाएंगे। रऊफ को पिछले सप्ताह अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी, जबकि शादाब ने हाल ही में कंधे की सर्जरी करवाई है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के दौरे के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित की जिसमें अभी तक कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले तेज गेंदबाज अहमद दानियाल और सलमान मिर्जा को भी शामिल किया गया है।

# हरमनप्रीत और शेफाली को सीरीज जीतने के लिए दिखाना होगा दम

- पांच मैचों की शृंखला में भारत 2-1 से आगे चल रहा, चौथा मैच रात 11 बजे से

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ शृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को यहां होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत पांच मैचों की शृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही।

स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक सहयोग की उम्मीद करेंगे। शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। उन्होंने पहले दो मैच में 20 और तीन रन बनाए थे। हरमनप्रीत पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। उन्होंने दूसरे मैच में वापसी की जिसमें वह एक रन ही बना सकी थी।



कप्तान हरमनप्रीत कौर। • एजेंसी

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, माइया बाउचियर।

## दीप्ति शर्मा टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं

**दुबई :** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी 20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज नहीं बन पाई।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 शृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है।

# मेरा लक्ष्य 90 किग्रा वजन उठाना

- अस्मिता भारोत्तोलन लीग के उद्घाटन के मौके पर ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू में बताया लक्ष्य

**मोदीनगर, एजेंसी**

मीराबाई चानू ने भारोत्तोलन में लगभग हर उपलब्धि हासिल की है लेकिन टोक्यो ओलंपिक की यह रजत पदक विजेता अब भी स्नैच में 90 किग्रा वजन उठाने के अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई है। चोटों ने उनके पिछले ओलंपिक चक्र को बाधित किया था और इस पूर्व विश्व चैंपियन ने पेरिस ओलंपिक खेलों में चौथे स्थान पर रहने के बाद से प्रतिस्पर्धा नहीं की है। हालांकि तकनीक में हाल ही में किए गए बदलाव ने लक्ष्य को हासिल करने के उनके भरोसे को फिर जगा दिया है।

अस्मिता भारोत्तोलन लीग के उद्घाटन के इतर पीटीआई द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में चानू ने कहा मेरा लक्ष्य अब भी 90 किग्रा है। मैं (2026) एशियाई खेलों में पूरी ताकत से प्रतिस्पर्धा करूंगी।मणिपुर की इस खिलाड़ी ने 2019 से 90 किग्रा को लक्ष्य बनाया है लेकिन ट्रेनिंग के दौरान इस बाधा को पार करने के बावजूद वह प्रतियोगिता में उस सफलता को दोहराने में नाकाम रहीं हैं। चानू ने कहा 2026 एशियाई खेलों से पहले मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी, जहां हम यह भी आकलन करेंगे कि 48 किग्रा वर्ग में बेहतर होने के लिए मुझे क्या करना है। उन्होंने कहा यह सब हमें विश्व चैंपियनशिप में पता चलेगा लेकिन स्नैच में 90 किग्रा को पार करने की योजना है। यहां तक कि जूनियर भी अब 90 किग्रा को पार कर चुके हैं। हाल ही में चीन के एक जूनियर खिलाड़ी ने यह वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क चानू का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन पेरिस ओलंपिक में उन्हें इसमें निराशा हाथ लगी। वह अपने पहले प्रयास में 111 किग्रा और अपने अंतिम प्रयास में 114 किग्रा उठाने में विफल रहीं जिससे वह ओलंपिक में दूसरे पदक से केवल एक किग्रा से चूक गईं। क्लीन एवं जर्क में चानू ने 119 किग्रा उठाकर एक बार विश्व रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन चानू को पेरिस में अपने स्नैच प्रदर्शन से प्रेरणा मिलती है जहां उन्होंने 88 किग्रा के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी की।

चानू ने कहा मेरे स्नैच में प्रदर्शन में सुधार हुआ है। पहले मैं 88-89 किग्रा नहीं उठा पाती थी लेकिन ओलंपिक में मैंने 88 किग्रा उठाया।'' चानू भारत के मुख्य कोच विजय शर्मा के साथ मिलकर स्नैच में अपने प्रदर्शन में सुधार पर काम कर रही हैं। उनका मानना है कि यह हमेशा से उनकी कमजोरी रहा है।



मीराबाई चानू। • एजेंसी

## दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को पिछले 20 साल में पारी और 236 रन से सबसे बड़ी शिकस्त दी

**बुलावायो :** दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की शृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को यहां जिम्बाब्वे की दूसरी पारी को 220 रन पर समेट कर उसे पिछले 20 साल में पारी से सबसे बड़ी शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने महज तीन दिन के अंदर पारी और 236 रन की शानदार जीत दर्ज की।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इसके साथ ही शृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया। दक्षिण अफ्रीका ने कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन के दम पर पांच विकेट पर 626 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जिम्बाब्वे की टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 43 ओवर में 170 रन पर आउट हो गयी थी जिसके बाद उसे फॉलोऑन दिया गया। टीम मंगलवार को अपनी दूसरी पारी में 220 रन पर आउट हो गयी। जिम्बाब्वे की टीम ने इस मैच में कुल 390 रन बनाये जो मुल्डर के स्कोर से सिर्फ 23 रन अधिक था। मुल्डर का चोटिल टेम्बा बावुमा और केशव महाराज की अनुपस्थिति में कप्तान के तौर पर यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने बल्ले से योगदान देने के साथ तीन विकेट भी चटकाए और तीन कैच लपके। वह मैच और शृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। जिम्बाब्वे ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में एक विकेट पर 51 रन से की थी।

# सिनर कोहनी की चोट के बावजूद क्वार्टर फाइनल में

**लंदन, एजेंसी**

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर हो जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया।

यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है। पुरुष वर्ग में मारिन सिलिच को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू हुए चौथे दौर के मैच में फ्लेवियो कोबोली से 6-4, 6-4, 6-7 (4), 7-6 (3) से हार का सामना करना पड़ा।



यानिक सिनर। • एजेंसी

### महिला एकल में मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को हराया

**लंदन :** महिला एकल में रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई है। एंड्रीवा का अगला मुकाबला बेलिंडा बेनसिक से होगा, जो ऑल इंग्लैंड क्लब में पदार्पण करने के 11 साल बाद पहली बार विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंची हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। इसके अलावा लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मानेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंची। सैमसोनोवा ने इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है और अब उनका सामना इगा स्वियाटेक से होगा।

### विश्व कप जैसे दबाव में खेलते हैं टेनिस खिलाड़ी : कोहली

**लंदन :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि टेनिस खिलाड़ी हर सप्ताह जिस तरह की दबाव का का सामना करते हैं, उसकी तुलना क्रिकेट में केवल विश्व कप के नॉकआउट और भारत बनाम पाकिस्तान के मैच से की जा सकती है। टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले चुके कोहली ने सोमवार को अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ विंबलडन का मैच देखने के बाद यह तुलना की। वह दिन के कार्यक्रम के दौरान टेनिस के दिग्गज विजय अमृतराज के साथ बातचीत कर रहे थे। कोहली पिछले कुछ समय से क्रिकेट से दूर रहने के दौरान लंदन में ही रहते हैं। उन्होंने 'स्टार स्पोर्ट्स पर प्रसारित साक्षात्कार में कहा मुझे लगता दोनों खेलों में यह अनुभवी (दबाव की स्थितियों में) एक जैसा हो सकता है। हम इस तरह के दबाव (टेनिस खिलाड़ियों के जैसा) का सामना भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच में या विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल में महसूस करते है।

# बिना वीजा चीन की यात्रा कर सकेंगे 74 देशों के नागरिक

वाशिंगटन, एजेंसी

- अर्थव्यवस्था के लिए चीन ने वीजा नियमों में दी ऐतिहासिक छूट

चीन ने अपने वीजा नियमों में ऐतिहासिक रूप से ढील दी है, जिससे 74 देशों के नागरिक अब बिना वीजा के 30 दिनों तक इस एशियाई देश की यात्रा कर सकते हैं। इस नीति का उद्देश्य पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।

पिछले वर्ष दो करोड़ से अधिक लोग बिना वीजा के चीन गए थे, जो 2023 के मुकाबले दोगुनी संख्या है। वीजा नियमों में ढील दिए जाने के बाद अब विदेशी पर्यटक चीन जा रहे हैं। ऑस्ट्रिया में रह रहे जॉर्जिया के एक नागरिक जॉर्जी शावाद्जे ने बीजिंग में 'टेम्पल ऑफ हेवन' की अपनी हालिया यात्रा के बारे में कहा, यह वास्तव में यात्रा को आसान बनाता है क्योंकि वीजा के लिए आवेदन करना और उसकी पूरी प्रक्रिया से गुजरना एक झंझट होता था।

कोविड-19 के कारण लगे कड़े प्रतिबंधों को हटाने के बाद चीन ने 2023 की शुरुआत में पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं फिर खोल दी थीं, लेकिन उस वर्ष 1.38 करोड़ लोग ही चीन गए थे, जो पहले 2019 के 3.19 करोड़ के आधे से भी कम है। दिसंबर 2023 में चीन ने फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, स्पेन और मलेशिया के लिए बिना वीजा के यात्रा की घोषणा की थी। तब से अधिकतर यूरोपीय देशों को यह सुविधा मिल चुकी है तथा 16 जुलाई को अजरबैजान के जुड़ने से इन देशों की संख्या 75 हो जाएगी।

## नेपाल को चीन से जोड़ने वाला पुल बाढ़ में ध्वस्त, 18 लापता

**काठमांडू।** नेपाल में मानसून की बारिश की वजह से आई बाढ़ में हिमालयी देश को चीन से जोड़ने वाला मुख्य पुल सोमवार देर रात ध्वस्त हो गया और 18 लोग लापता हो गए हैं।

चीन में लगातार मानसूनी बारिश के कारण सोमवार रात नेपाल में भोटेकोशी नदी में बाढ़ आ गई, जिसके बाद से 18 लोग लापता हैं। काठमांडू से 120 किलोमीटर उत्तर पूर्व में रसुवा जिले में स्थित मितेरी पुल सोमवार देर रात सवा तीन बजे बाढ़ में पानी के तेज बहाव की वजह से ध्वस्त हो गया। छह चीनी नागरिकों सहित 18 लोग लापता हो गए। अधिकारियों के अनुसार, नेपाल सेना, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल पुलिस की संयुक्त टीम ने दो पुलिसकर्मियों सहित 11 लोगों को बचाया।

## धार्मिक आस्था से राजनीति तक

# कांवड़ यात्रा में 'पहचान के विवाद'

सावन के महीने में कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस-प्रशासन और सरकारों के सामने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था जैसी कई चुनौतियां पहले से रही हैं लेकिन हाल के कुछ वर्षों में कांवड़ मार्गों पर मुस्लिमों की हिंदू नामों से खाने-पीने की चीजों की दुकानों को लेकर होने वाले विवाद सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। इस तरह के विवाद सामाजिक और धार्मिक ही नहीं, राजनीतिक स्तर पर काफी चर्चा में रहे हैं। दरअसल, इस विवाद के कई अलग-अलग पहलू हैं जिनमें धार्मिक आस्था, सुरक्षा, प्रशासनिक निर्णय और राजनीतिक ध्रुवीकरण प्रमुख हैं। कुछ साल पहले ही शुरुआत के बाद इन विवादों ने इस कदर तूल पकड़ा है कि राज्य सरकारों को इस पर कड़े नियम-कायदे बनाने के लिए विवश होना पड़ा है। हालांकि, इसके बाद भी ये विवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं।



### विवादों का मूल कारण- नाम छिपाना

नाम छिपाना इन विवादों का मूल कारण हैं। कुछ हिंदू संगठनों और यात्रियों का आरोप है कि कांवड़ यात्रा जैसे पवित्र हिंदू धार्मिक आयोजन में मुस्लिम दुकानदारों की उपस्थिति धार्मिक भावना को ठेस पहुंचा सकती है। उनका दावा है कि ये लोग जानबूझकर दूषित वस्तुएं या अशुद्ध जल का इस्तेमाल कर कांवड़ियों की धार्मिक आस्था को प्रभावित कर सकते हैं। कुछ संगठन ये आशंका भी जताते रहे हैं कि इस माध्यम से धर्म का प्रचार या धर्मांतरण का प्रयास हो सकता है, हालांकि इसका कभी कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है।

### नेमप्लेट विवाद...

पिछले साल यूपी सरकार ने कांवड़ यात्रा के रूट पर दुकानदारों को अपनी दुकानों पर नेम प्लेट लगाने का आदेश दिया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी, साथ ही राज्य सरकार को नोटिस भी जारी किया था।

### पिछले वर्षों में प्रमुख विवाद

- हरिद्वार में वर्ष 2022 में हरकी पौड़ी के पास मुस्लिम दुकानों को बंद कराने की मांग की गई थी। कुछ दुकानों में तोड़फोड़ भी की गई।
- मेरठ में वर्ष 2023 में कांवड़ मार्ग पर एक फूड स्टॉल को नाम छुपाकर व्यापार करने के आरोप में हटाया गया। प्रशासन ने उसका लाइसेंस निरस्त किया।
- मुजफ्फरनगर में वर्ष 2024 में बजरंग दल ने मुस्लिम दुकानदारों की सूची बनाकर प्रशासन को सौंपी जिसके बाद कई दुकानों को जबरन हटाया गया।
- सहारनपुर में पिछले साल कांवड़ यात्रा से पहले प्रशासन ने सर्कुलर जारी किया कि सभी दुकान लगाने वालों को धार्मिक पहचान के साथ थाने में पंजीकरण कराना होगा। कुछ मुस्लिमों को जांच के बाद अनुमति भी नहीं दी गई। इस पर एआईएमआईएम ने मुस्लिम दुकानदारों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

### सरकारों को बनाने पड़े नियम

#### क्यूआर कोड करना होगा प्रदर्शित

- **उत्तर प्रदेश में** इन विवादों की वजह से वर्ष 2022 से इस तरह के मामलों पर प्रशासनिक निगरानी बढ़ाई गई। अब नए दुकानदार को अनुमति देने से पहले जांच की जाती है। एफएसडीए ने नया नियम लागू किया है, इसके तहत हर दुकानदार को अपनी दुकान पर क्यूआर कोड युक्त प्रपत्र प्रदर्शित करना होगा।

#### पूर्वानुमति के बगैर दुकानें नहीं

- **उत्तराखंड में** हरिद्वार और ऋषिकेश में यात्रा मार्गों पर प्रशासन की पूर्व अनुमति से ही दुकान लगाई जा सकती है। धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाने की चेतावनी दी गई है। धार्मिक पहचान छुपाकर व्यापार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान जोड़ा गया है।

- कुछ सामाजिक संगठनों का सवाल है कि क्या धर्म के आधार पर व्यापार का अधिकार छीना जा सकता है।

## एक नजर

### केन्या : विरोध प्रदर्शनों में 10 की मौत, 28 घायल

**नैरोबी।** केन्या में प्रदर्शन के दौरान सोमवार को सुरक्षा अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 लोगों की गोली लगने से मौत हो गयी, जबकि अन्य 29 घायल हो गए। इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है। केन्या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने देश के 17 काउंटियों में 37 लोगों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी है। केएनसीएचआर ने कहा कि लूटपाट और नुकसान के मद्देजर प्रमुख शहरों में व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। छह काउंटियों में लूटपाट की घटनाएं हुईं, मध्य केन्या में आपराधिक तत्वों द्वारा कुछ सरकारी कार्यालयों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं।

### पेशावर में आग की घटना में पांच लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के पेशावर शहर में आग लगने की एक भीषण घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और दो दमकल कर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सोमवार रात को खैबर पख्तूख्वा प्रांत में भीड़भाड़ वाले जन इमामबाड़गाह इलाके में स्थित एक मकान में आग लग गई। आपातकालीन सेवा ने बताया कि उन्होंने घर से छह लोगों को बाहर निकाला, जिनमें से पांच की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जान बचाने की कोशिश में दो दमकलकर्मी भी घायल हो गए।

### स्विट्जरलैंड: बच्चों के लिए मलेरिया की नई दवा मंजूर

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने दावा निर्माता कंपनी नोवार्टिस की बच्चों के लिए मलेरिया की नयी दवा 'कॉर्टेम बेबी' को मंजूरी प्रदान कर दी है। कॉर्टेम नवजात बच्चों और शिशुओं पर इस्तेमाल के लिए उपयुक्त दुनिया की पहली मलेरिया दवा है। मलेरिया से संबंधित मौतों में से अधिकांश पांच साल से कम आयु वर्ग होती हैं। उम्मीद की जा रही है कि अफ्रीका में अगले कुछ हफ्तों में इस दवा का उत्पादन और वितरण शुरू हो जायेगा। मलेरिया से संबंधित अधिकांश मौतें अफ्रीकी महाद्वीप में दर्ज की जाती हैं। वर्ष 2023 में दुनिया भर में मलेरिया से पांच लाख से अधिक मौतें हुईं।

### हूती विद्रोहियों का लाल सागर में जहाज पर हमला

**दुबई।** लाल सागर में लाइबेरियाई ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज पर यमन के हूती विद्रोहियों के हमले में तीन नाविकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यूरोपीय संघ के ऑपरेशन एस्पाइड्स ने बताया कि यूनान के स्वामित्व वाली इटरनिटी सी पर हुए हमले में एक घायल व्यक्ति को अपना पैर भी गंवाना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि हमला सोमवार रात से शुरू हुआ और मंगलवार सुबह तक जारी रहा।

# अफगानिस्तान पर संरा महासभा में लाए प्रस्ताव से भारत ने बनाई दूरी

## नहीं किया मतदान, कहा- सामान्य तौरतरीकों से परिणाम मिलना मुश्किल

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने अफगानिस्तान पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में लाए गए मसौदा प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लिया और कहा, सामान्य तौर-तरीकों के साथ काम करने से शायद वे परिणाम नहीं मिल पाएंगे, जिनकी वैश्विक समुदाय अफगान जनता के लिए अपेक्षा करता है।

संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने सोमवार को जर्मनी द्वारा पेश 'अफगानिस्तान में स्थिति' पर प्रस्ताव को पारित किया। प्रस्ताव के पक्ष में 116 वोट पड़े, दो ने विरोध किया और 12 देश मतदान से दूर रहे, जिनमें भारत भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने मतदान में भाग न लेने पर कहा कि किसी भी युद्धोत्तर स्थिति से निपटने के लिए एक समेकित नीति में विभिन्न बातें होनी चाहिए, जिसमें सकारात्मक व्यवहार को प्रोत्साहित करने और हानिकारक कार्यों को हतोत्साहित करने वाले उपाय शामिल हों।



ब्राजील में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ।

### दंडात्मक उपायों पर एकतरफा रुख नहीं चल सकता

हरीश ने कहा, हमारे दृष्टिकोण में केवल दंडात्मक उपायों पर केंद्रित एकतरफा रुख नहीं चल सकता। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने अन्य युद्धोत्तर परिप्रेक्ष्य में अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाए हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने समन्वित प्रयास करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा नामित संस्थाएं और व्यक्ति आतंकी संगठनों और उनके क्षेत्रीय प्रायोजक जो उनकी गतिविधियों में सहायता करते हैं, वे अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफगान क्षेत्र का इस्तेमाल न कर सकें। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के संदर्भ में कही।

मसौदा प्रस्ताव में क्षेत्रीय सहयोग का उल्लेख करते हुए अफगानों की भलाई के लिए पड़ोसी, क्षेत्रीय साझेदारों तथा क्षेत्रीय संगठनों के योगदान पर प्रकाश डाला गया। इसमें भारत, ईरान और तुर्किये जैसे देशों द्वारा दिए जाने वाले शैक्षिक अवसरों के साथ कजाखस्तान, किर्गिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान में अफगानों की उच्चशिक्षा तक पहुंच में मदद करने के कार्यक्रम भी शामिल हैं। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान में भारत की तात्कालिक प्राथमिकताओं में मानवीय सहायता का प्रावधान शामिल है।

### संरा महासचिव गुटेरेस से मिले पीएम मोदी

**रियो डी जेनेरियो।** संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की मांग को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील यात्रा के दौरान रियो डी जेनेरियो में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और कुछ अन्य नेताओं से मुलाकात की। ब्रिक्स सम्मेलन से इतर सोमवार रात मोदी ने गुटेरेस के अलावा चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट और न्यू डेवलेपमेंट बैंक की अध्यक्ष तथा ब्राजील की पूर्व राष्ट्रपति डिल्मा रूसेफ के साथ मुलाकात की तथा विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। मोदी ने मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, कल रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से बातचीत की।

## गाजा में मारे गए 5 इजराइली सैनिक और 51 फलस्तीनी

**तेल अवीव।** उत्तरी गाजा में गश्त कर रहे पांच इजराइली सैनिकों की विस्फोटकों की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं, गाजा पट्टी के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इजराइली हमलों में 51 फलस्तीनी नागरिक मारे गए।

- विस्फोटकों की जद में आए उत्तरी गाजा में गश्त करते इजराइली सैनिक

ये हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में लगभग 21 महीने से जारी लड़ाई को रोकने के लिए युद्ध-विराम प्रस्ताव पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से चर्चा के वास्ते व्हाइट हाउस का दौरा कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले में किसी सफलता की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन समझौते की दिशा में प्रगति के संकेत मिले हैं।

गाजा में इजराइली सैनिकों पर हमले से नेतन्याहू पर हमास के साथ युद्धविराम करने का दबाव बढ़ सकता है, क्योंकि इजराइल में हुए सर्वेक्षणों में बड़े पैमाने पर लोगों ने गाजा पट्टी में लड़ाई खत्म करने का समर्थन किया है। इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर कहा कि 80 से 90 फीसदी शर्तें तय की जा चुकी हैं।

# विमान पर लेजर हमले के बाद जर्मनी ने चीनी राजदूत को किया तलब

बर्लिन, एजेंसी

- यूरोपीय संघ के मिशन एस्पाइड्स के तहत लाल सागर के ऊपर उड़ान भर रहा था विमान

जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने चीनी युद्धपोत द्वारा लाल सागर में एक जर्मन विमान पर लेजर का इस्तेमाल करने के विरोध में चीन के राजदूत को तलब किया है। जर्मन रक्षा मंत्रालय ने कहा कि निगरानी विमान यूरोपीय संघ के मिशन एस्पाइड्स का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य यमन स्थित हूती विद्रोहियों के हमलों से नागरिक जहाजों की बेहतर सुरक्षा करना है।

जर्मन रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में एक चीनी युद्धपोत द्वारा बिना किसी कारण या पूर्व संपर्क के इस पर लेजर से हमला किया गया। ऐसा इस क्षेत्र में कई बार हुआ था। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, लेजर का उपयोग करके युद्धपोत ने लोगों और सामग्री को खतरे में डालने का जोखिम स्वीकार किया है। एहतियात के तौर पर विमान का मिशन रद्द कर दिया गया। विमान जिबूती में बेस पर सुरक्षित उतरा और चालक दल के सदस्य स्वस्थ हैं।

मंत्रालय ने कहा कि विमान का संचालन एक असैन्य वाणिज्यिक सेवा प्रदाता द्वारा किया जा रहा था, लेकिन इसमें जर्मन सेना के जवान भी शामिल थे, तथा इसने लाल सागर में यूरोपीय संघ मिशन के साथ अपना परिचालन पुनः शुरू कर दिया है। जर्मन विदेश कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जर्मन कर्मियों को खतरे में डालना और ऑपरेशन को बाधित करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

### फिलीपीन ने भी चीन के राजदूत को तलब किया

**मनीला।** चीन ने फिलीपीन के एक पूर्व सांसद पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके बाद मनीला में चीन के राजदूत को तलब किया गया है। सांसद विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामक कार्रवाइयों की आलोचना करते रहे हैं। चीनी विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि वह फिलीपीन के पूर्व सांसद फ्रांसिस टॉलेंटिनो के चीन तथा उसके क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ में प्रवेश पर अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा रहा है।

# एक्स खातों पर रोक लगाने का आग्रह करने से भारत का इन्कार

नई दिल्ली, एजेंसी



- एक्स ने किया था दावा, भारत सरकार ने की थी 2300 से ज्यादा खाते अवरुद्ध करने की मांग

सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने देश में कुछ 'एक्स' खातों तक पहुंच को अवरुद्ध करने के लिए कोई नया अनुरोध नहीं किया है और उसने एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय 'वायर' एजेंसी पर लगी रोक को सफलतापूर्वक हटवा दिया है। यह बयान तब आया जब एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच ने दावा किया कि भारत सरकार ने तीन जुलाई को देश में 2,300 से ज़्यादा 'एक्स' हैंडल को अवरुद्ध करने की मांग की थी। दावा किया गया कि इस सूची में भारत में रॉयटर्स एजेंसी का हैंडल भी शामिल था।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, सरकार ने तीन जुलाई 2025 को कोई नया आदेश जारी नहीं किया है और रॉयटर्स तथा रॉयटर्सवर्ल्ड सहित किसी भी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय समाचार चैनल को अवरुद्ध करने का कोई इरादा नहीं है।

### एक्स ने कही थी कानूनी विकल्पों पर गौर करने की बात

'एक्स' ने कहा, हम इन अवरुद्ध आदेशों के कारण भारत में जारी 'प्रेस सेंसरशिप' को लेकर बहुत चिंतित हैं। एक्स सभी उपलब्ध कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। इन कार्यकारी आदेशों के खिलाफ कानूनी चुनौती पेश करने की 'एक्स' की क्षमता भारतीय कानून द्वारा प्रतिबंधित है... हम प्रभावित उपयोगकर्ताओं से न्यायालयों के माध्यम से कानूनी उपाय करने का आग्रह करते हैं। सरकारी प्रवक्ता ने 'एक्स' के दावों का खंडन किया। रॉयटर्स के 'एक्स' अकाउंट को भारत में कुछ घंटों के लिए बंद कर दिया गया था।

## महिलाओं पर जुल्म के लिए तालिबान नेताओं के खिलाफ वारंट

**हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने चार साल पहले सत्ता पर काबिज होने के बाद से महिलाओं और लड़कियों पर अत्याचार करने के आरोप में तालिबान के सर्वोच्च नेता और अफगानिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख के खिलाफ मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

वारंट में नेताओं पर लिंग, लिंग पहचान या अभिव्यक्ति पर तालिबान की नीति का पालन न करने वाले व्यक्तियों को प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया गया है। इसमें लड़कियों और महिलाओं के सहयोगी माने जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध राजनीतिक आधार पर अत्याचार का भी आरोप लगाया गया है। ये वारंट तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुनजादा और अफगानिस्तान के उच्चतम न्यायालय के प्रमुख अब्दुल हकीम हक्कानी के खिलाफ जारी किए गए हैं।

## स्पेन में बैलों की दौड़



स्पेन के पैम्प्लोना में सैन फर्मवान उत्सव में बैल दौड़ के दूसरे दिन सेबाडा गागो खेत से बैलों के साथ दौड़ते लोग। स्पेन में यह एक लोकप्रिय उत्सव है जो पैम्प्लोना शहर में होता है। इस उत्सव में लोग बैलों के एक समूह के सामने दौड़ते हैं जो उन्हें बुलरिंग तक ले जाने के लिए शहर की संकरी गलियों से होकर गुजरते हैं। इस खतरनाक खेल में हर साल कई लोग घायल हो जाते हैं, कुछ की जान भी चली जाती है। **एजेंसी**

# आपमें से कई अंतरिक्ष यात्री बन सकते हैं, चंद्रमा पर जा सकते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रेडियो के माध्यम से बातचीत के दौरान स्कूली छात्रों के एक समूह से कहा, आप में से कई भविष्य के अंतरिक्ष यात्री बन सकते हैं, चंद्रमा पर भी जा सकते हैं।

कक्षीय प्रयोगशाला में 12 दिन बिता चुके शुक्ला मेघालय और असम के सात स्कूलों के छात्रों के साथ बातचीत कर रहे थे, जो अंतरिक्ष यात्री से बात करने के दुर्लभ अवसर के लिए शिलांग में उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एनईसैक) में एकत्र हुए थे। विद्यार्थियों ने शुक्ला को 20 प्रश्न भेजे थे, और उन्होंने 10 मिनट के समय में हैम रेडियो के माध्यम से विद्यार्थियों से संपर्क किया तथा आईएसएस पर अपने अनुभव, अंतरिक्ष यात्री के रूप में प्रशिक्षण तथा अंतरिक्ष में स्वस्थ रहने के बारे में अपने विचार साझा किए।



- रेडियो बातचीत के दौरान स्कूली छात्रों से बोले शुभांशु शुक्ला

शुक्ला ने कहा, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष स्टेशन पर जीवन सूर्य के प्रकाश से नहीं, बल्कि ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) पर सेट घड़ी से संचालित होता है। शुक्ला ने कहा, हम सूर्य का अनुसरण नहीं करते। आईएसएस पर हम हर दिन 16 सूर्योदय और सूर्यास्त देखते हैं, क्योंकि हम हर 90 मिनट में पृथ्वी का चक्कर लगाते हैं। हमारी गतिविधियां सूर्य के प्रकाश से नहीं, बल्कि जीएमटी से संचालित होती हैं।

## प्रसव कराने वाले सैन्य अधिकारी को सेना प्रमुख ने सराहा

**नई दिल्ली।** झांसी रेलवे स्टेशन पर अत्यंत पीड़ा से जूझ रही महिला का प्रसव कराने वाले मेजर बचवाला रोहित की सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कर्तव्य से परे जाकर दिखाई गई निःस्वार्थ प्रतिबद्धता के लिए सराहना कर उन्हें सम्मानित किया।

सेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि पांच जुलाई को झांसी के सैन्य अस्पताल से गृहनगर हैदराबाद छुट्टी पर जाते समय मेजर बचवाला की नजर स्टेशन पर एक महिला पर पड़ी जो तेज प्रसव पीड़ा से जूझ रही थी। सेना ने कहा, असाधारण चिकित्सकीय कौशल से मेजर रोहित ने प्लेटफार्म पर ही एक तौलिया, चाकू और हेयर क्लिप सहित उपलब्ध उपकरणों का उपयोग कर आपातकालीन प्रसव कराया। सेना ने उस महिला की तस्वीर भी साझा की, जिसकी मेजर ने सहायता की।

वक्तव्य

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा– आंबेडकर चाहते थे कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त हो न्यायपालिका

# संविधान की सर्वोच्चता के हिमायती थे डॉ. बीआर आंबेडकर

मुंबई, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने मंगलवार को कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने संविधान की सर्वोच्चता की बात की थी और उनका मानना था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए। वह शीर्ष न्यायिक पद पर पदोन्नत होने पर महाराष्ट्र विधानमंडल की ओर से अपना अभिनंदन किए जाने के बाद बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि संविधान देश में रक्तहीन क्रांति का हथियार रहा है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका ने पिछले 75 वर्षों में भारत में सामाजिक-आर्थिक समानता लाने के लिए मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे संविधान अपनी शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, उन्हें खुशी है कि वह न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा रहे हैं।



महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों की ओर से उनके सम्मान में सर्वसम्मति से बधाई प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद न्यायमूर्ति गवई ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने कहा था, हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा।

### संविधान के कारण ही महिलाएं-पिछड़े मुख्यधारा में

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संविधान के कारण ही महिलाएं और पिछड़े समुदाय राष्ट्रीय मुख्यधारा में आए हैं। हमारे पास एक महिला प्रधानमंत्री, दो महिला राष्ट्रपति तथा राष्ट्रपति के रूप में पिछड़े समुदाय से आने वाले केआर नारायणन और रामनाथ कोविंद, लोकसभा अध्यक्ष के रूप में जीएमसी बालयोगी और मीरा कुमार तथा विभिन्न राज्यों में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशकों के रूप में पिछड़े वर्ग के कई सदस्य हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आंबेडकर का मानना था कि बिना उपायों के मौलिक अधिकार बेकार हैं। संघवाद लचीला हो, कठोर नहीं। संविधान ने तीनों अंगों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों को अलग-अलग किया।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि संविधान तीनों अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है तथा आंबेडकर के अनुसार न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों की प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना है।

उन्होंने कहा कि आंबेडकर ने यह भी कहा था कि न्यायपालिका को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने आंबेडकर के इस कथन को भी उद्धृत किया कि संविधान स्थिर नहीं रह सकता, इसे जीवंत होना चाहिए तथा निरंतर विकसित होते रहना चाहिए। चूंकि अगली पीढ़ी को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, उनका अनुमान वर्तमान पीढ़ी नहीं लगा सकती, इसलिए संशोधनों की अनुमति दी गई।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वह महाराष्ट्र विधानमंडल द्वारा सम्मान से अभिभूत हैं, क्योंकि उनके पिता आरएस गवई 30 साल से अधिक समय तक राज्य विधान परिषद से जुड़े रहे। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के नेता आरएस गवई ने महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष होने के अलावा बिहार, सिक्किम और केरल के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने निचले सदन में गवई को बधाई के लिए प्रस्ताव पेश किया और कहा कि प्रधान न्यायाधीश के रूप में उनकी पदोन्नति महाराष्ट्र के लिए गर्व की बात है। प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया।